डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹77800 10 ग्राम
₹98000 01 किलो
सेंसेक्स 77,186.74 -319.22
डॉलर 87.085 +0.549

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

माघ शुक्ल पक्ष 06, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 04 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-111, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 जसप्रीत बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी से...

## एक नजर

### नॉन स्टेट सिविल सेवा से कंचन सिंह समेत छह को आईएएस में प्रोन्नति



**रांची।** झारखंड कैडर के नॉन स्टेट सिविल सेवा से कंचन सिंह समेत छह अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में प्रोन्नति दी गई है। इनमें धनंजय कुमार सिंह, सीता पुष्पा, बिजय कुमार सिन्हा, प्रीति रानी और राजेश प्रसाद शामिल है। इस संबंध में केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार के अवर सचिव ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी है। वर्ष 2023 की रिक्तियों के विरुद्ध इन्हें प्रमोशन मिला है। अधिसूचना में कहा गया है कि गैर-राज्य सिविल सेवा के निम्नलिखित सदस्यों को राज्य सरकार के परामर्श से उक्त विनियमावली के विनियम 3 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित रिक्तियों के विरुद्ध भारतीय प्रशासनिक सेवा में वर्ष 2023 (गैर-एससीएस) की चयन सूची के लिए अगले आदेश तक परिवीक्षा पर नियुक्त करते हैं। इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियमावली, 1954 के नियम 5 (1) के अंतर्गत झारखंड संवर्ग को आवंटित करते हैं।

# 16 गुणा हुआ झारखंड का वार्षिक रेल बजट

- नया ट्रैक बिछाने पर खर्च होंगे 56,694 करोड़ रुपए
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये झारखंड के पत्रकारों को दी यह जानकारी

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड में रेलवे का वार्षिक बजट 16 गुणा बढ़ गया है। वर्ष 2009-14 तक रेल बजट में झारखंड की हिस्सेदारी 457 करोड़ रुपए थी, जो अब बढ़कर 7,302 करोड़ रुपए हो गई है। यह जानकारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को दी। रेल मंत्री ने पत्रकारों को बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2025 में रेलवे के लिए जो प्रावधान किया है, उसमें झारखंड के हिस्से क्या-क्या आया है। उन्होंने बताया कि झारखंड में नए रेलवे लाइन बिछाने के 34 प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। इसके तहत 3,251 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछाए जा रहे हैं। इस पर 56,694 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

**2009-14 में बिछे थे 57 किमी रेलवे ट्रैक, 2014-25 तक 86 किमी**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि झारखंड में वर्ष 2009 से 2014 के बीच कुल 57 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछाए गए थे। वर्ष 2014 से 2025 के बीच 119 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। यह पिछली सरकार की तुलना में 2 गुणा है। इतना ही नहीं, 2009-2014 में रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण 0 (शून्य) रहा। वहीं, वर्ष 2014-2025 के बीच 86 किलोमीटर रेलवे लाइन का विद्युतीकरण किया गया।



झारखंड में 100 फीसदी रेलवे लाइन का विद्युतीकरण प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी निशांत कुमार ने जो आंकड़े जारी किए, उसमें बताया गया कि इस दौरान 100 फीसदी रेलवे लाइन का विद्युतीकरण किया गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बताया कि झारखंड में वर्ष 2014 से अब तक 1,311 किलोमीटर नये रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं, जो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के कुल रेल नेटवर्क से ज्यादा है।

**2014 से अब तक 943 किमी रेलवे लाइन का विद्युतीकरण पूरा :** उन्होंने कहा कि झारखंड में रेलवे का 100 फीसदी विद्युतीकरण हो चुका है। वर्ष 2014 से अब तक 943 किलोमीटर रेल लाइन का विद्युतीकरण किया गया है। झारखंड में नए रेलवे ट्रैक के 34 प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। इसके तहत 3,251 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछाए जाएंगे और इस पर 56,694 शेष पेज 11 पर

## सरकार आज से नए स्टार्टअप आईडिया करेगी आमंत्रित

# झारखंड में 2028 तक 1000 स्टार्टअप विकसित करने का लक्ष्य



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के प्रति गंभीर हैं। इसी के मद्देनजर 7 दिसंबर 2023 को हुई कैबिनेट बैठक में राज्य की नई झारखंड स्टार्टअप नीति 2023 को स्वीकृति मिली थी। अब झारखंड सरकार द्वारा राज्य में नई झारखंड स्टार्टअप पॉलिसी 2023 के अंतर्गत http://abvil.jharkhand.gov.in पोर्टल के माध्यम से नए स्टार्टअप आईडिया 4 फरवरी 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से आवेदक अपने आइडिया दे सकेंगे। साल 2028 तक राज्य में कम से कम एक हजार स्टार्टअप को विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**ऑनलाइन आइडिया प्राप्त करने के लिए बनाया गया है डिजिटल प्लेटफॉर्म :** इस पॉलिसी के तहत ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया गया है, जिसका यूआरएल शेष पेज 11 पर

## महिलाओं को सशक्त बना रही राज्य सरकार : मुख्यमंत्री



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को दुमका स्थित खिजुरिया आवास पर विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम लोगों ने मुलाकात कर अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि यह अबुआ सरकार है। आप सभी के आशीर्वाद से राज्य में एकबार पुनः मजबूत सरकार का गठन हुआ है। आपकी समस्याओं का निराकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के विगत कार्यकाल में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत गांव-गांव और पंचायत-पंचायत में लगे शिविरों में लाखों की संख्या में लोगों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन दिए और उसका त्वरित निष्पादन भी हुआ। अधिकारियों ने आपके घर के दरवाजे पर पहुंचकर पूरी संवेदनशीलता के साथ आपकी समस्याओं को सुना और उसका समाधान किया। वर्तमान समय में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से राज्य में महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने जो भी वादे किए, उन सभी वादों को पूरा करते हुए राज्य को सकारात्मक दिशा की ओर ले जाने का काम कार्य हो रहा है।

# रांची-टाटा मुख्य मार्ग पर सड़क हादसा, दो की मौत



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची-टाटा मुख्य मार्ग पर तमाड़ थाना क्षेत्र के रड़गांव के पास सोमवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों में जमशेदपुर के गोलमुरी निवासी 25 वर्षीय रितु राज कुमार और 20 वर्षीय जान्हवी कुमारी शामिल हैं, जबकि रितु राज की बहन रोहिणी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। जानकारी के अनुसार, तीनों लोग वैगनआर कार में सवार होकर जमशेदपुर से रांची एक शादी समारोह में गए थे और सुबह वापस जमशेदपुर लौट रहे थे। इसी दौरान रड़गांव के पास कार ने खड़ी ट्रेलर में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह से चकनाचूर हो गई और तीनों लोग कार में फंस गए। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तमाड़ पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को कार से बाहर निकाला। रितु राज और जान्हवी कुमारी की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि रोहिणी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई। थाना प्रभारी रोशन झा ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर रोहिणी सिंह को इलाज के लिए अस्पताल भेजा, जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि रोहिणी की हालत गंभीर है। थाना प्रभारी रोशन झा ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और मृतकों के शवों को बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ था। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## आज | कल




# दुमका से जल्द शुरू होगी हवाई सेवा : मुख्यमंत्री

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बहुत जल्द दुमका हवाई अड्डा से हवाई सेवा शुरू हो जाएगी। इसे लेकर सरकार प्रयासरत है। हवाई सेवा शुरू करने की मांग को लेकर स्थानीय विधायक बसंत सोरेन ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा। दो दिवसीय दौरे पर दुमका से रांची जाने के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे-बड़े शहरों को हवाई सेवा से जोड़ने की मंशा राज्य सरकार को है और भारत सरकार को भी है। जिस तरह का आधारभूत संरचना है इसी अनुरूप यहां सुविधा उपलब्ध करने का प्रयास जारी है। इसे लेकर हमलोगों ने बात बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि यहां बड़ी नहीं तो छोटी फ्लाइट की व्यवस्था हो, जिससे यहां के लोगों की यात्रा सुगम हो सके। दुमका को अगल बगल के राज्यों और जिलों को जोड़ा जा सके। बहुत जल्द यह प्रयास होगी कि हवाई सेवा चालू हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपराजधानी दुमका में हवाई सेवा शुरू होने को लेकर झारखंड सरकार ने कैबिनेट में प्रस्ताव को पास किया है, जिससे यहां के लोग हवाई सेवा का लाभ ले सके। मुख्यमंत्री झामुमो के 46 वें झारखंड दिवस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। सोमवार को कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री हवाई मार्ग से रांची के लिए प्रस्थान कर गए।

## राजस्थान विधानसभा में धर्मांतरण विरोधी विधेयक पेश

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान विधानसभा में सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने धर्मांतरण विरोधी विधेयक ह्यराजस्थान विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025ह्ण प्रस्तुत किया। इस विधेयक पर बजट सत्र में चर्चा के बाद इसे पारित किया जाएगा। विधेयक के पारित होने की तिथि बाद में तय की जाएगी। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करने पर भी कलेक्टर को सूचना देना अनिवार्य होगा। इच्छानुसार धर्म परिवर्तन करने के लिए 60 दिन पहले कलेक्टर को सूचना देना आवश्यक होगा और यह प्रक्रिया अपनाना अनिवार्य होगी। विधेयक में 'लव जिहाद' के खिलाफ भी प्रावधान किए गए हैं।

# अनुराग गुप्ता झारखंड डीजीपी के पद पर किए गए पदस्थापित



### सरकार की मंजूरी के बाद अधिसूचना जारी

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी अनुराग गुप्ता झारखंड डीजीपी के पद पर पदस्थापित किए गए हैं। इस संबंध में सोमवार की दोपहर गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई है। इससे पहले, रविवार की रात सरकार ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी के पद पर नियमित नियुक्ति करने की मंजूरी दे दी थी। उनकी नियुक्ति दो साल के लिए होगी। उनका कार्यकाल 26 जुलाई 2024 से दो साल के लिए होगा। अनुराग गुप्ता अभी झारखंड के प्रभारी डीजीपी थे। साथ ही, वह सीआईडी शेष पेज 11 पर

## झारखंड सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर

**रांची/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की गई है। यह याचिका अखिल भारतीय आदिम जनजाति विकास समिति, झारखंड ने राज्य में डीजीपी की नियुक्ति के मामले में दायर की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि झारखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की ओर से 'प्रकाश सिंह बनाम भारत संघ' मामले में दिए गए निर्देशों की अवहेलना की है। याचिकाकर्ता के अनुसार, राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के विपरीत न सिर्फ कार्यवाहक डीजीपी का पद सृजित किया है, बल्कि कैबिनेट में प्रस्ताव पारित कर 'जनहित' के नाम पर डीजीपी को कभी भी हटाने और इस पद पर नियुक्ति की अनुशंसा के लिए चयन समिति गठित करने का निर्णय लिया है। याचिका में कहा गया है कि ये सभी कदम शीर्ष अदालत के निर्देशों के खिलाफ हैं, जिससे पुलिस सुधार की प्रक्रिया बाधित हो रही है। याचिका में यह भी कहा गया है कि झारखंड सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय के 22 सितंबर 2006, 3 जुलाई 2018 और 13 मार्च 2019 के आदेशों का उल्लंघन किया है। याचिका में बताया गया है कि वरिष्ठ आईपीएस अजय कुमार सिंह को सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार डीजीपी नियुक्त किया गया था, लेकिन झारखंड सरकार ने उन्हें दो साल के कार्यकाल से पहले ही हटा दिया और उनकी जगह अनुराग गुप्ता को कार्यवाहक डीजीपी बना दिया। बाद में, विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद, भारत के निर्वाचन आयोग ने अनुराग गुप्ता को उनके पद से हटा दिया, क्योंकि पूर्व में उन पर चुनावी अनियमितताओं में संलिप्तता के आरोप लगे थे। इसके बाद, चुनाव आयोग के निर्देश पर अजय कुमार सिंह को डीजीपी नियुक्त किया गया। उनके कार्यकाल में ही चुनाव संपन्न हुए। लेकिन, चुनाव खत्म होते ही, राज्य सरकार ने अजय कुमार सिंह को हटाकर अनुराग गुप्ता को फिर से कार्यवाहक डीजीपी बना दिया।

## इंडिया

# युद्ध, प्यार और चुनाव में वादे निभाना आसान नहीं



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

आप पार्टी के सुप्रीमो केजरीवाल भ्रष्टाचार और 50 करोड़ के बंगले का भेद खुलने के बाद ये अब अपने को कट्टर ईमानदार तो नहीं बता रहे पर चुनावी रेवड़ी संस्कृति को लेकर चर्चा में हैं ।उनकी देखादेखी भाजपा और कांग्रेस भी घोषणाएं करती जा रहीं हैं ।सभी को मुफ्त रेवड़ी कैसे और कहां से दी जाएगी किसी को पता नहीं ।इन वायदों को निभाना कितना मुश्किल है यह पंजाब, हिमाचल, राजस्थान और कर्नाटक से समझना चाहिए जहां वेतन से लेकर आवश्यक खर्च के लिए जुगाड़ तकनीक भी काम नहीं कर रही। दिल्ली में जिसकी भी सरकार बनेगी उसकी राह आसान नहीं होगी और सोशल मीडिया जिसके प्रचार ने तूफान मचाया वादों की याद दिलाता रहेगा। इस चर्चा से जीत हार की आशंका से सत्ताधारी और विपक्ष दोनों कुछ दिन बेचैनी में बीतेंगी कि कौन सरकार बनेगा और कौन विपक्ष में बैठेगा ! पर इन से अलग एक सवाल यह है कि चुनाव जीतने के लिए जो लुभावने वादे किए गए उनका क्या होगा ? क्या कहावत की तरह जनता की यादाश्त कमजोर अभी है या जिस सोशल मीडिया ने इन्हें रात दिन चर्चा में रखा उसी से वादों का जिन्न निकलकर सामने खड़ा हो जाएगा कि अब इन्हें पूरा करो नहीं तो सोशल मीडिया में धूम मचेगी ? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि सत्ता पक्ष सरकार में वापस में वापसी करता है तो इतनी भारी भरकम राशि आएगी कहाँ से ? बिजली फ्री देने के बाद बिजली वितरण कंपनियों की हालत क्या होगी ? आप ने और भी अनेक लोक लुभावन वादे किए हैं क्या वे पूरे होने संभव हैं जबकि सरकार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है ? यही हाल भाजपा या एनडीए का है जिनके स्टार प्रचारकों ने धुंवाधार प्रचार के दौरान अनेक लोक लुभावन वादे किए हैं जिसमें 2100 प्रतिमाह देने के वादे के अलावा अनेक वादे हैं जिसमें करोड़ों रुपए की देनदारी बनेगी ।सरकारी नौकरियां और अनेक वादे हैं जो वोटरों को अभी याद होंगे । लक्ष्मी लाडली योजना के तहत बालिका के जन्म पर 1.75 लाख का आश्वासन प्रमाण पत्र। 2030 तक 15 लाख लखपती दीदी बनाने का लक्ष्य। स्कूलों एवं कॉलेजों को 1000 करोड़ के फंड के जरिए विकसित करने की बात दोहरायी गई है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए रेवडियां बांटने की घोषणाएं की थीं। इसका परिणाम यह हुआ कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को मंत्रियों व विधायकों से दो महीने का वेतन भत्ते छोड? की अपील करनी पड़ी। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता आने के बाद मार्च 2024 तक करीब 87 हजार करोड़ रुपए का कर्ज था जिसके मार्च 2025 तक 95 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश में 2022 में विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने 300 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओं को 1500 रु प्रति माह सहित अन्य लोकलुभावनी घोषणाएं की थीं जिसका नकारात्मक प्रभाव अब दिख रहा है। यहां प्रति व्यक्ति कर्ज 1 लाख 17 हजार रुपए पहुंच गया है। कर्ज और खर्च के असंतुलन ने सरकार को इतना लाचार कर दिया है कि सरकारी कर्मचारियों के वेतन और पेंशन तक सरकार समय से नहीं चुका पाई। कर्नाटक और पंजाब में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है। ठेकेदारों का 25,000 करोड़ रुपए का बकाया चुकाने में सिद्धारमैया सरकार की असमर्थता की वजह से कई विकास परियोजनाएं ठप्प होने के कगार पर हैं ।पंजाब में तो हालात और भी गंभीर हैं, जहां राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। मुफ्त बिजली बांटने की वजह से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त बिजली का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन इसका सीधा असर राज्य की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। लगातार बढ़ता राजस्व घाटा और बड़ी होती देनदारियां राज्यों की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं । विकास योजनाएं तो दूर, इन राज्यों में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किलें आ रही है। राजस्थान में पिछली कांग्रेस सरकार ने बिना बजटीय प्रावधान के थोथी घोषणाओं को प्रोत्साहित करके राजस्थान की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया था। यदि आप अपनी सत्ता बचाने में सफल हो जाती है तो रेवड़ी संस्कृति को बहुत बढ़ावा मिलेगा और उसके बाद की अराजक स्थिति की कल्पना ही की जा सकती है जब बिना कोई काम किए ही पैसे और सुविधाओं की बारिश हो तो काम कोई क्यों करेगा?



# सोनिया गांधी और पप्पू यादव के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस



**- राष्ट्रपति पर विवादित टिप्पणी का मामला**

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसदों ने कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की तरफ से 'सर्वोच्च पद की गरिमा को कम करने के उद्देश्य से भारत के राष्ट्रपति के खिलाफ अपमानजनक और निंदनीय शब्दों के प्रयोग के माध्यम से' संसदीय विशेषाधिकार, नैतिकता और औचित्य के उल्लंघन के लिए नोटिस दिया है। इसके साथ ही भाजपा सांसदों ने निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ भी विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश किया।

भाजपा सांसदों ने नोटिस में लिखा, हम सोनिया गांधी की तरफ से हाल ही में कई गईं कुछ असंसदीय, अपमानजनक टिप्पणियों के बारे में बहुत निराशा के साथ यह लिख रहे हैं। सोनिया गांधी की राष्ट्रपति के खिलाफ टिप्पणी पर गंभीरता से विचार करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जरूरत है।

वहीं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर टिप्पणी के लिए सोनिया गांधी और पप्पू यादव के खिलाफ संसदीय विशेषाधिकार हनन का नोटिस लाने वाले भाजपा सांसदों पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, ह्यइस देश के आदिवासी सांसदों ने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है। उन्होंने आज लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति के समक्ष अपना ज्ञापन सौंपा है।

# पुलिस ने 10 एकड़ में लगे अवैध अफीम की फसल नष्ट की, प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** थाना अंतर्गत ग्राम हेडूम व रानादह में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती के विरुद्ध पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान के तहत लगभग 10 एकड़ भूमि में लगी अवैध फसल को नष्ट किया गया। यह कार्रवाई पांकी पुलिस वन विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त उपस्थिति में की गई। इस दौरान संबंधित भूमि में अवैध रूप से उगाई



गईअफीम की फसल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया। इस मामले में अज्ञात या संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है। उन्होंने बताया कि जांच भविष्य में जारी रहेगा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध मादक पदार्थों की खेती पर सख्त कार्रवाई भविष्य में जारी रहेगी। दोषियों को कानून के अनुसार दंडित किया जाएगा।

## पंचायती राज समन्वयक को अतिरिक्त प्रभार मिला

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित पंचायती राज समन्वयक मो. रब्बानी अंसारी को ऊंटारी रोड का भी अतिरिक्त प्रभार आवंटित किया गया है। इस संबंध में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कार्यालय (पंचायत शाखा) ने एक फरवरी को आदेश जारी किया है। इसमें इनके अलावा विश्रामपुर के सतीश राम को हैदरनगर,सतबरवा के रौशन रंजन पाठक को विश्रामपुर स्थानांतरित किया गया है। पांकी के अमित कुमार गुप्ता को सतबरवा का अतिरिक्त प्रभार आवंटित किया गया है। सभी को एक सप्ताह के अंदर योगदान देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## एक नजर

### शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मना सरस्वती पूजा

**विश्रामपुर।** नगर परिषद सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सरस्वती पूजा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। क्षेत्र के लगभग सभी शैक्षणिक संस्थानों में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा अर्चना किया गया। रेहला व बेलचांपा ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल,रेहला ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल, विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय,संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल,रेड रोज पब्लिक स्कूल, आरापुर विवेकानंद पब्लिक स्कूल सहित कई सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में प्रतिमा स्थापित कर मां सरस्वती की पूजा वैदिक मंत्रोचारण के बीच की गयी। इस अवसर पर कई शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### सेवानिवृत्त होने पर सहायक अध्यापक को दी विदाई

**हैदरनगर।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बभंडी में कार्यरत सहायक अध्यापक नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता की सेवानिवृत पर सोमवार को सादे समारोह में शिक्षकों व समस्त विद्यालय परिवार ने उन्हें विदाई दी। इसमें उपस्थित अतिथियों ने उन्हें फूलमाला एवं शॉल देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर सहायक अध्यापक शिक्षक संघर्ष मोर्चा के अनुमंडलीय संयोजक विजय बहादुर सिंह, शिक्षक विनोद कुमार पांडेय, शैलेश सिंह, शशि रंजन सिंह सहित कई अन्य विद्यालयों के शिक्षक शामिल थे।

### शैक्षणिक संस्थानों में श्रद्धा के साथ मां शारदे की पूजा की गई

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र में लटपौरी स्थित न्यू ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल सहित अन्य सरकारी और निजी स्कूलों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की गई। न्यू ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने भावपूर्ण ढंग से आचार्य सह शिक्षक सुमंत पांडेय के सान्निध्य में आस्था और उमंग के साथ मां शारदे की आराधना की। इसमें विद्यालय के निदेशक सह संस्थापक श्रीनिवास सिंह, ब्राइट फ्यूचर एंड एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव क्षितिज कुमार सिंह, प्राचार्य सुनील कुमार प्रजापति, शिक्षक-शिक्षिकाएं कामेश्वर सिंह, प्रवीण कुमार, रुचि सिंह, मनीषा कुमारी, प्रियां सिंह और फरजाना सहित अन्य कई अभिभावक शामिल थे। वहीं आदर्श राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया (तारा), पीएमश्री अपग्रेडेड प्लस टू हाईस्कूल (मोहम्मदगंज) में भी पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ प्राचार्य मनोज कुमार और राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने धूमधाम से मां शारदे की पूजा अर्चना की। रविवारीय बाजार के समीप स्थित शिशु शिक्षा मंदिर और रिवर वैली स्कूल में भी प्राचार्य गोकुल प्रसाद गुप्ता व बसंत शर्मा के दिशानिर्देश के आलोक में बच्चों ने भक्तिभाव से मां शारदे की उपासना की। सभी जगहों में मौसमी फलों के साथ प्रसाद बांटे गए। सर्वत्र भक्तिमय वातावरण बना रहा।

# क्षतिग्रस्त पुलिया पर निकले सरिया से दुर्घटना की संभावना बढ़ी



**ग्रामीणों ने डीसी से मरम्मत कराने की मांग की**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला दंगवार मुख्य पथ के चिरैयाखाड़ बंधे बाबा मंदिर के समीप स्थित पुल के उपर सरिया नजर आने व जर्जर पुल के क्षतिग्रस्त होने से अंतरराज्यीय सड़कों पर दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। बताया जाता है कि केंद्र एवं राज्य सरकार सड़कों को दुरुस्त करने की योजनाएं चलाई जा रही हैं। सड़क भी बन रहे हैं, लेकिन हुसैनाबाद से दंगवार होते हुए बिहार जाने वाली मुख्य सड़क पर चिड़ैयाखाड़ बंधे राजा बाबा मंदिर के पास बने पुल पर दिख रहे सरिया वाहनों के लिए खतरा बना हुआ है। साथ ही इससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते है, अगर छतिग्रस्त पुलिया के ऊपर निकली सरिया वाहन के पहियों में घुस गया तो बड़ी घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता हैं। यह पुलिया निर्माण कराने वाले संवेदक का भी पोल खोल कर रख दी है। निर्माण कार्य होने के बाद पांच साल तक मेंटेनेंस करना है। लेकिन इसकी एकबार भी मरम्मत कार्य नहीं किया गया। पुलिया का आज तक मरम्मत नहीं की जा सकी हैं। हुसैनाबाद से दंगवार मुख्य सड़क से पूरी तरह ठीक है, जिसके वजह से वाहने तेज चलती है। जिसके वजह से रात्रि में वाहन इस छतिग्रस्त पुलिया के ऊपर निकले सरिया का शिकार हो सकते है, जिससे जान माल का भी नुकसान हो सकता है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त से इसकी मरम्मती कराने की मांग की है।

# जल जीवन और स्वच्छता अभियान तेज करने की पहल शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सरकार की महत्वकांक्षी योजना हर घर जल एवं स्वच्छता अभियान को धरातल पर उतारने को लेकर इसकी योजनाओं की गतिविधियों को तेज करने की दिशा में पहल शुरू कर दिया गया है। इसके लिए पहले से कार्यरत हटाए गए कर्मियों को निजी संस्था के माध्यम से वापस लेते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है। हैदरनगर और मोहम्मदगंज प्रखंडों के लिए क्रमशः हरसु कुमार दयानिधि और प्रेमतोष पांडेय को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया कि जहां जलसहिया की कमी उसे पूरा करने के लिए उनका चयन किया जा रहा है। कई नए राजस्व ग्राम को मान्यता देते हुए उनके लिए ही खासकर, नई जलसहियाओं का चयन किया जाएगा। जिन्हें चापाकल और जल मीनार के जल गुणवत्ता की ससमय डिजिटल रिपोर्टिंग देनी होगी। इसके लिए सभी जलसहियाओं को 5 जी मोबाइल खरीदने के लिए 12 हजार रुपए उनके खाते में भेज दिया गया है। हैदरनगर में कोरमा, कौरगढ के अलावा कबरा कला गांव के लिए ग्राम सभा के माध्यम से जलसहिया चयनित करने का निर्देश संबंधित मुखिया को दे दिया गया है। जबकि मोहम्मदगंज प्रखंड में कहीं भी जल सहियाओं का पद रिक्त नहीं है। उन्होंने बताया कि सभी गांवों में स्वच्छता प्रबंधन को आयाम दिया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत वमीकंपोस्ट और सोख्ता निर्माण के साथ ही पेयजल व्यस्था कराने के कार्य मनरेगा,15 वें वित्त एवं एसबीएम के तहत किए जा रहे हैं। इसे लेकर प्रखंड जल स्वच्छता समिति की बैठक की गई है। उन्होंने बताया कि अब तक शौचालय के लाभ से वंचित लोगों की इसकी सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। इसके लिए ऐसे लोगों को एसबीएम पोर्टल में आवेदन ऑनलाइन कराना होगा। अनिच्छुक लोगों को शौचालय निर्माण के प्रेरित भी करना है। गांव के ठोस तरल कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक संग्रह और शुद्ध पेयजल हेतु कनेक्शन लेने को लेकर जागरूक करने के कार्यक्रम तेज किए जाएंगे। साथ ही जलकर की भी वसूली की जाएगी।

### जल जीवन व एसबीएम की बढ़ेगी गति

**हैदरनगर।** सरकार की महत्वकांक्षी योजना हर घर, नल जल व स्वच्छता अभियान को धरातल पर उतारने के लिये जल सहिया के खाली पड़े पद व स्थानों पर चयन करने की प्रक्रिया तेज की गई है। नव पदस्थापित हैदरनगर के प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने बताया कि चापानल व जलमीनार के जल की गुणवत्ता के रिपोर्ट भी लेकर पारदर्शी बनाने पर काम जारी है। साथ ही ससमय डिजिटल रिपोर्टिंग संग्रहण को लेकर सभी जल सहियाओं को फाइव जी मोबाइल खरीदने के लिये उन्हें 12,000 रुपया खाते में भेज दिया गया है। नये विकसित गांव कोरमा, कौरगढ़ के अलावा कबरा कला के लिए ग्रामसभा के माध्यम से जल सहिया चयन करने का निर्देश संबंधित मुखिया को दिया गया है। उन्होंने कहा कि हैदरनगर प्रखंड के सभी गांव में स्वच्छता प्रबंधन के आयाम नाडेप, बर्मी कंपोस्ट, सोखता निर्माण के अलावा समुचित पेयजल व्यवस्था कराने के लिये मनरेगा व 15 वें वित्त सहित एसबीएम मद से किये जा रहे हैं। इसे लेकर प्रखंड स्तर पर प्रखंड जल स्वच्छता समिति की नियमित बैठक करने के भी निर्देश दिया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### अनुमंडल क्षेत्र में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनी



**हुसैनाबाद।** शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई गई। स्वयंसेवी संगठन व शैक्षणिक संस्थानों में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा पूरे विधि- विधान व धूमधाम से मनाई गई। जपला महाबीर जी भवन, चारधाम मंदिर, गांधी चौक, हरिहर चौक आदि जगहों के अलावा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, श्री मां बाल विकास विद्यालय, सर्वोदय विद्या भारती, समता स्कूल आदि शैक्षणिक संस्थानों में सरस्वती पूजन का आयोजन हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया। जीवन मे बेहतर चरित्र निर्माण का आशीर्वाद लिया। मंगलवार को सार्वजनिक स्थानों पर विराजमान सरस्वती मां की प्रतिमा का विसर्जन नहीं किया जाएगा। विद्यालय में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन बाजेगाजे के साथ किया जाएगा।

### सतबरवा में धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा

**सतबरवा।** प्रखंड व आस-पास के क्षेत्रों में मां सरस्वती की पूजा पूरे उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। हलुमाड़ सखुआ टांड में मां सरस्वती की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मौके पर रात्रि में प्रवचन का किया जा रहा है। शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सतबरवा पुलिस लगातार क्षेत्र में पेट्रोलिंग करती रही। सतबरवा थाना क्षेत्र में विद्यालय, कोचिंग सेंटर,चौक चौराहों पर करीब 120 जगहों पर सरस्वती पूजा की जा रही है। सुबह से ही चारों तरफ सरस्वती वन्दना के गीत, पंडितों द्वारा किए जा रहे वैदिक मंत्रोच्चार की गूंज से पूरा वातावरण गुंजायमान था। छात्र-छात्राओं द्वारा पूजा की विशेष तैयारी की गई थी। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। हलुमाड़ सखुआ टाड़ में सोमवार को महा प्रसाद भंडारण चला तथा मंगलवार को महा भंडारे की व्यवस्था है।

### सरस्वती पूजा पर भक्ति जागरण का आयोजन

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के बड़ेपुर गांव में आयोजित सरस्वती पूजा के अवसर पर पूजा समिति के तत्वावधान में रविवार की रात भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू चौधरी, डॉ. संतोष राम, राजीव कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित व फीता काट कर किया। कार्यक्रम के पूर्व झारखंड बिहार के मशहूर भोजपुरी गायिका पुष्पा राणा को समिति के लोगों ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि सोनू कुमार चौधरी ने लोगों को सरस्वती पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्या की देवी मां सरस्वती के ज्ञान के बिना हर इंसान अधूरा है। विद्या ग्रहण करने से ही समाज का कल्याण होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में समय निकाल कर भक्ति की ओर भी ध्यान लगना चाहिए। भक्ति से मन को शांति मिलती है। गायिका पुष्पा राणा ने भक्ति जागरण की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना से की, इसके बाद एक से बढ़ कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर मनीष कुमार सिंह, प्रेमानंद, प्रेम सिंह, जितेंद्र राम,अशोक मेहता,धर्मेंद्र कुमार पासवान, मदन उरांव, हरिओम, मल्लू राम, मदन ठाकुर, ज्ञानचंद्र राम, जगरनाथ राम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# अचला सप्तमी भगवान सूर्यदेव का है प्राकट्य दिवसः पं. कुंडल तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** अचला सप्तमी व्रत में ऐसी मान्यता है कि इस दिन पृथ्वीलोक पर सूर्यदेव की प्रथम किरण पड़ी थी। सूर्यदेव अपने रथ पर सवार होकर इस संसार को आलोकित किये। जिससे इसे रथ सप्तमी, अचला सप्तमी, भानु सप्तमी भी कहा जाता हैं। ज्योतिष जिज्ञासु पं. कुंडल तिवारी ने इस व्रत के संबंध में एक परिचर्चा में कहा कि अचला सप्तमी सूर्यदेव की प्राकट्य दिवस इस वर्ष 4 फरवरी को मनाया जायेगाजो उनका जन्म दिवस के रुप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान सूर्यदेव को समर्पित इस व्रत को सूर्य जयंती के नाम से प्रसिद्ध है। इस दिन स्नान-दान करने से धन-धान्य की वृद्धि व उत्तम संतान की प्राप्ति होती है। इस दिन लोग सूर्यदेव



की विशेष पूजा-पाठ, व्रत, धार्मिक अनुष्ठान कर संतान सुख की प्रार्थना करते है। उन्होंने कहा कि यह व्रत परिवार के सुख-शांति व समृद्धि की कामना के लिए उत्तम माना जाता है। आम तौर पर विवाहित महिलाएं इस व्रत को संतान प्राप्ति और उनकी सुख कामना करती है। इस दिन शिव- पार्वती की भी पूजा की जाती है। इस व्रत पर श्रद्धालु निराहार रहकर शुद्धता के साथ पूजन का प्रसाद में खीर पुड़ी व गुड़ के सात पुए या फिर सात मीठी पुड़ी तैयार कर भोग लगाते है। इस दिन सूर्यदेव को प्रसन्न करने के लिए आदित्य ह्रदय स्त्रोत का पाठ करना चाहिए। साथ ही सूर्यदेव की मंत्र जाप काफी प्रभावशाली माना गया है। उन्होंने कहा कि साधकों को इस व्रत पर इन मंत्रों का अनुश्रवण करने से बड़ा लाभ होगा। यथा-आदित्यः प्रथमं नाम द्वितीयं तु दिवाकर ः। तृतीयं भास्कर ः प्रोक्तं चतुर्थ तु प्रभाकर ः। पच्चमं तु सहस्त्रांशुः षष्ठं त्रैलोक्यलोचन ः। सप्तमं हरिदश्वश्च अष्टमं च विभावसु ः। नवमं दिनकरः प्रोक्तो दशं द्वादशात्मक ः। एकादशं त्रयोमूर्ति ः द्वादशं सूर्य एव च। उन्होंने कहा कि इस मंत्र में सूर्य के 12 नामों का वर्णन है। इस मंत्र के जप से सूर्यदेव की आराधना संपन्न होते हैं।

## विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों ने दिखाया हुनर



**पांकी।** प्रखंड के लोहरसी रोड स्थित एक्सेंट पब्लिक स्कूल में सोमवार की दोपहर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें फंक्शनल और नन फंक्शनल मॉडल का प्रदर्शन कर स्कूली बच्चों ने अतिथियों को आकर्षित किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद प्रदर्शनी में लगे मॉडल की बारी-बारी से पांकी थाना के एएसआई समेत कई जनप्रतिनिधि व स्कूली बच्चों के अभिभावकों ने अवलोकन किया। कहा कि बच्चों ने जो मॉडल प्रस्तुत किया है वह बेहद काबिले तारीफ है। बच्चों ने असंभव को संभव कर दिखाया है। इसमें वैज्ञानिक सोच दिखती है। उन्होंने बच्चों को इस सिख का भविष्य में फलाफल मिलने की बात कही। प्रदर्शनी में विशेष रूप से स्मार्ट डस्टबीन ,वाई-फाई रोबोट, ऑटोमेटिक इरिगेशन, होम सिक्योरिटी सिस्टम ,वोल्कानो ,फायर डिटेकटर इको फ्रेंडली, सोलर सिस्टम, रेन डिटेक्टर आदि मॉडल बनाकर प्रस्तुत किया। मौके पर कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाध्यापिका किरण कुमारी, निर्देशक विकास प्रजापति, शिक्षिका सोनी सिंह, मुकेश सिंह समेत विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद थे।

## आयोजन

### वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ग्राम सभा आयोजित

# पंचायतों में 17 से शुरू होगा 'सबकी योजना, सबका विकास' अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** जिला पंचायती राज पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में हैदरनगर प्रखंड के सभी 12 पंचायतों में सबकी योजना-सबका विकास अभियान की शुरूआत होगी। इस संबध में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने एक विशेष बैठक में इन पंचायतों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ग्राम सभाओं की तिथि का निर्धारण किया है। उन्होंने बताया कि सभी पंचायतों में ग्राम सभा कर इस अभियान की सफलता के लिए संबंधित पंचायतों के मुखिया और पंचायत सचिवों



को जिम्मेवारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम प्रखंड मुख्यालय सह हैदरनगर (पूर्वी) पंचायत सचिवालय में 17 फरवरी को ग्रामसभा होगी। इसके बाद हैदरनगर (पश्चिमी) में 18, बभंडी 18, मोकहर कला 20, बरडंडा 21 व इमामनगर बरेवा पंचायत में 22 फरवरी को ग्रामसभा होगी। वहीं संड़ेया 24, चौकड़ी 25, कुकही 27 व बिलासपुर पंचायत में 28 फरवरी को ग्रामसभा का आयोजन किया जायेगा। जबकि 3 मार्च को परता और 4 मार्च को खरगाड़ा पंचायत में यह कार्यक्रम होगा। बैठक में जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, मुखिया जितेन्द्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि नावाजिश खान, वीरेन्द्र मेहता, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, राजीव कुमार शर्मा आदि शामिल थे।



## जनकपुरी में आज हनुमत पूजा, महायज्ञ का शुभारंभ 5 फरवरी से



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के जनकपुरी स्थित श्री राम जानकी मंदिर में श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ के 49वें महाधिवेशन से पूर्व आज हनुमत पूजा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महायज्ञ समिति एवं अन्य श्रद्धालुओं की उपस्थिति में महावीरी झंडा की स्थापना भी की जाएगी। गौरतलब है कि यह यज्ञ प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के हवन के अगले दिन से शुरू होता है। इस वर्ष हनुमत पूजा 4 फरवरी को होगी, जबकि महायज्ञ 5 से 13 फरवरी तक चलेगा।

### महायज्ञ में प्रवचन व भक्ति संध्या

महायज्ञ समिति के मिथिलेश तिवारी ने बताया कि इस आयोजन में वृंदावन से कथा व्यास नीरज भास्कर जी महाराज और वाराणसी की कथा व्यास आराधना देवी जी के मुखारविंद से भक्ति संध्या का आयोजन किया जाएगा। प्रतिदिन शाम 4 बजे से श्रद्धालु कथा श्रवण कर सकेंगे।

### यज्ञ की तैयारियां पूरी, पंडाल तैयार

महायज्ञ को लेकर महिला एवं पुरुषों के बैठने के लिए विशाल पंडाल तैयार किया गया है, जिसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। ज्ञात हो कि इस महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं और पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहता है।

# सरस्वती पूजा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, पुलिस ने बढ़ाई गश्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सरस्वती पूजा को लेकर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस द्वारा गली-मोहल्लों में लगातार गश्त की जा रही है। प्रशासन की ओर से सभी संवेदनशील इलाकों में पेट्रोलिंग तेज कर दी गई है।

गौरतलब है कि शहर थाना, सदर थाना और चैनपुर थाना में पहली बार सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इसके अलावा, पलामू पुलिस कप्तान के आदेशानुसार सरस्वती पूजा एवं आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस द्वारा मॉक ड्रिल भी की गई, जिससे किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि पूजा को लेकर पुलिस शहर के विभिन्न मोहल्लों में लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। अभी तक पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल बना हुआ है।

सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र में सुबह से ही पुलिस गश्त जारी है और पूजा समिति द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से पूजा का आयोजन किया जा रहा है।

चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने कहा कि पूजा को लेकर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और गश्त बढ़ा दी गई है, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत बनाई जा सके।



### मां सरस्वती की पूजा कर श्रद्धालुओं ने मांगा आशीर्वाद

मेदिनीनगर। जिले में वसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न पूजा समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल बनाए गए, जिनमें मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। पूरे शहर में श्रद्धालु पीले वस्त्र धारण किए नजर आए। आबादगंज, हमीदगंज, रेड़मा, बैरिया, सूदना निमिया समेत अन्य स्थानों पर कोचिंग संस्थानों और शैक्षणिक केंद्रों में भी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई। पूजा समितियों द्वारा आकर्षक पंडालों में विशेष सजावट और लाइटिंग की व्यवस्था की गई थी। कई स्थानों पर हवन कर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया, इस दौरान श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल लगाकर पर्व का आनंद लिया।

## कैमरे की नजर में सरस्वती पूजा



एएनएम कॉलेज में पूजा-अर्चना करती छात्राएं



जीनियस क्लब देवी मंडप बैरिया चौक में पूजा-अर्चना करते भक्तगण



गोल्डन एसोसिएशन हमीदगंज में मां सरस्वती की स्थापित प्रतिमा

### आकर्षण का केंद्र रहा संत पॉल का डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक पूजा पंडाल

**विश्रामपुर।** रेहला स्थित संत पॉल कॉन्वेंट स्कूल का डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक पूजा पंडाल व मां सरस्वती की प्रतिमा क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रहा। पूजा पंडाल व प्रतिमा को देखने के लिये स्थानीय लोगों के अलावा दूर-दूर से भी लोग आये हुये थे। स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू एस्ले ने बताया कि पूजा पंडाल व प्रतिमा के निर्माण हेतु बाहर से कारीगर बुलाया गया था।पंडाल व प्रतिमा निर्माण में 15 दिन से भी ज्यादा का समय लगा है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन सरस्वती पूजा को हर वर्ष और भव्यताम बनाने का प्रयास करता है। इसके लिए एक माह पूर्व से से तैयारी शुरू कर दी जाती है। उन्होंने बताया कि मंगलवार शाम छः बजे से भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है।प्रतिमा विसर्जन बुधवार को किया जायेगा.पूजा के सफल संचालन में प्राचार्य मोनिका एक्का, नूतन कुजूर, संजय तिवारी, प्रीति चौरसिया, जोस्मिता लाकड़ा, ऊषा रोमिता, फिलिसिया तिर्की, मनीष गुप्ता, संजय कुजूर, अल्बीना एक्का, इबरार अंसारी, प्रतिमा कुमारी, भूषण मिंज, गौतम कुमार, पूनम खलखो, नितेश मिश्रा, आबिद अंसारी, नेहा तिर्की, प्रियांजली शुक्ला एवं विद्यालय के बच्चों का अहम योगदान रहा।

## पुलिस ने 12 एकड़ में लगी अफीम की अवैध खेती नष्ट की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन के निर्देश पर पलामू पुलिस द्वारा जिले में अवैध अफीम व पोस्ता की खेती नष्ट करने का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को नौडीहा बाजार थाना अंतर्गत खैरादोहर पंचायत के बाराखांड गांव एवं गुवादाग क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती के खिलाफ कार्रवाई की गई।




नौडीहा बाजार पुलिस एवं साराईडीह पिकेट की संयुक्त टीम ने इस अभियान में हिस्सा लिया। कार्रवाई के दौरान बाराखांड में लगभग 07 एकड़ और गुवादाग में 05 एकड़ क्षेत्र में लगी अवैध अफीम की फसल को ट्रैक्टर की सहायता से नष्ट किया गया। पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने कहा कि जिले में अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा वित्त मंत्री से मिलेगा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मिलकर ज्ञापन सौंपेगा।

झारखंड आंदोलनकारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रधान महासचिव पुष्कर महतो के नेतृत्व में केंद्रीय प्रतिनिधिमंडल 7 फरवरी 2025 को रांची स्थित आवासीय कार्यालय में मंत्री से मुलाकात करेगा। साथ ही, 16 फरवरी को धुर्वा डैम पर आयोजित मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंत्री को आमंत्रित किया जाएगा।

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि मंत्री से मिलने का समय निर्धारित हो गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड कोई स्वाभाविक राज्य नहीं, बल्कि यह बड़ी कुबार्नी और बलिदान के बदले मिला है। उन्होंने मंत्री से मांग की कि आंदोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता समाप्त की जाए, सभी आंदोलनकारियों को सामान्य पेंशन दी जाए और उन्हें झारखंड सेनानी का दर्जा देकर स्वतंत्रता सेनानियों की तरह सभी सुविधाएं प्रदान की जाएं।सतीश कुमार ने यह भी कहा कि आगामी बजट सत्र में आंदोलनकारियों के हित में प्रावधान किए जाएं। इस पर पूर्व में मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आश्वाशन दिया है कि सरकार आंदोलनकारियों के हितों की रक्षा के लिए सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

## न्यूज | बॉक्स

### नगर निगम क्षेत्र में शुरू हुआ हाई-डेफिनेशन सीसीटीवी कैमरा सिस्टम



**मेदिनीनगर।** शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर 113 हाई-डेफिनेशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है। छह मुहान चौक, रेड़मा चौक, बैरिया चौक, सुभाष चंद्र बोस चौक, साहित्य समाज चौक और विस्फोटा चौक सहित अन्य स्थानों पर कैमरे सक्रिय कर दिए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग 30 दिनों तक संग्रहीत रहेगी, जिससे अपराध नियंत्रण और यातायात प्रबंधन में मदद मिलेगी। नगर निगम, पुलिस कप्तान कार्यालय और टीओपी-2 में बनाए गए कंट्रोल रूम से पूरे शहर पर निगरानी रखी जा रही है।

### पलामू, गढ़वा और लातेहार में कंस्ट्रक्शन कंपनियों की सुरक्षा को लेकर बैठक

**मेदिनीनगर।** पलामू, गढ़वा और लातेहार में कंस्ट्रक्शन कंपनियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारियों की बैठक होगी, जिसमें सुरक्षा रणनीति तैयार की जाएगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षकों और थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

पिछले कुछ दिनों में इन जिलों में कंस्ट्रक्शन साइट्स पर गोलीबारी की घटनाएं हुई हैं, जिसके बाद पुलिस ने सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। थाना प्रभारियों को क्षेत्र में चल रहे बड़े प्रोजेक्ट्स को लेकर कंपनियों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस ने कंस्ट्रक्शन कंपनियों से अपील की है कि अगर उन्हें धमकी भरे कॉल या मैसेज मिलते हैं, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। पलामू के उच्च अधिकारियों ने बताया कि कंस्ट्रक्शन कंपनियों के साथ बैठक की जाएगी और सुरक्षा संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा होगी। हाल ही में पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) भी तैनात की है।

### जनजातियों के लिए कानून में विशेष प्रावधान, अपराध होते हैं गैर-जमानती




**मेदिनीनगर।** जनजातीय समुदाय के उत्थान और आर्थिक मजबूती के लिए विशेष कानून बनाए गए हैं, जिनके तहत उनके खिलाफ किए गए अपराध गैर-जमानती होते हैं। झालसा के निर्देश पर पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 90 दिवसीय जागरूकता अभियान के तहत चैनपुर प्रखंड के झरिवा पंचायत के विभिन्न गांवों में डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान पीएलवी शैलेंद्र कुमार तिवारी, अनिता मिंज और कविता कुमारी ने आदिवासियों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत किए गए अपराध गैर-जमानती होते हैं, और दोष साबित होने पर तीन साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए और उन्हें कानूनी सहायता प्राप्त करने का पूरा अधिकार है। इस मौके पर ग्रामीणों को झारखंड पीड़ित प्रतिकार अधिनियम तथा महिलाओं और किशोरियों के अधिकारों से संबंधित जानकारी भी दी गई।

## श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ की तैयारियां अंतिम चरण में

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सुदना स्थित तुलसी मानस मंदिर में सुदना देवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ की तैयारियां अंतिम चरण में हैं, जिसके तहत आज भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 5 से 11 फरवरी तक आयोजित इस महायज्ञ में भागवत पुराण के विभिन्न विषयों पर आधारित कथा का भक्तगण श्रवण कर सकेंगे। वृंदावन से पधार रहीं भागवत कथा व्यास अलका किशोरी प्रतिदिन भगवान विष्णु की अमृतमयी कथा सुनाएंगी। ट्रस्ट के अभिमन्यु ओझा ने बताया कि चार फरवरी को कलश यात्रा के बाद पांच फरवरी को भागवत महात्म्य, कपिल परीक्षित जन्म और गुरुदेव भगवान की कथा होगी। छह फरवरी को सृष्टि वर्णन, कपिलोपाख्यान, ध्रुव चरित्र और परंजनोपाख्यान, सात फरवरी को भरत चरित्र, अजामिलोपाख्यान, नृसिंह अवतार और प्रह्लाद चरित्र, आठ फरवरी को गजेन्द्र उद्धार, वामनावतार, रामावतार और श्रीकृष्ण जन्म (नंदोत्सव), नौ फरवरी को कृष्ण बाललीला, माखन लीला, गोचारण और गोवर्धन पूजा, दस फरवरी को रुक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र और द्वारिका लीला की कथा सुनाई जाएगी।

ग्यारह फरवरी को नवयोगेश्वर संवाद, अवधूतोपाख्यान और कलिधर्म की कथा के बाद कथा विश्राम होगा, जबकि बारह फरवरी को हवन एवं पूणार्हुति के साथ महायज्ञ संपन्न होगा।

## खेल में हार-जीत लगी रहती है : भरदुल सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** खेल में हार-जीत लगी रहती है, लेकिन हार हमें एक नई सीख देती है और जीत के लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देती है। यह बातें शिक्षक एवं समाजसेवी भरदुल कुमार सिंह ने कहीं। वे रविवार को पोलपोल कला पंचायत के दूबा में आयोजित मेदिनीराय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

फाइनल मुकाबला पोलपोल और दूबा टीम के बीच खेला गया। भरदुल कुमार सिंह ने दोनों टीमों को ट्रॉफी प्रदान की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि हार से निराश नहीं होना चाहिए, क्योंकि यही जीत का मार्ग दिखाती है। अधिवक्ता संतोष पांडेय ने कहा कि खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं तथा यह मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण खिलाड़ी भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन संसाधनों की कमी उनके सामने एक बड़ी चुनौती है। ग्रामीण खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

बारी पंचायत के पूर्व मुखिया रामाशीष सिंह ने कहा कि खेल में अनुशासन का होना आवश्यक है और इसे खेल भावना से खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के प्रति लोगों की दीवानगी बढ़ रही है और खिलाड़ियों में अनुशासन देखने को मिला।

फाइनल मुकाबले में 10-10 ओवर का मैच खेला गया। दूबा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 10 ओवर में 94 रन बनाए, जिससे पोलपोल टीम को 95 रन का लक्ष्य मिला। पोलपोल टीम ने 5 ओवर और 4 गेंद में 95 रन बनाकर जीत दर्ज की। पोलपोल टीम के कप्तान शुभम सिंह ने 65 रन बनाए, अनिकेत ने 17, अभिषेक ने 2 और सोनू ने 6 रन बनाए। शुभम सिंह को ₹मैन ऑफ द मैच₹ और ₹मैन ऑफ द सीरीज₹ का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर रामराज सिंह समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

### नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे अस्पताल

# चिकित्सक डिस्प्ले बोर्ड नहीं, सस्ती दर पर बड़े इलाज का दावा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से नर्सिंग होम और दर्जनों निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं। कतिपय निजी अस्पताल इलाज की आड़ में कई अवैध कार्यों में संलिप्त हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद इन अस्पतालों पर प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### डॉक्टर का नाम डिस्प्ले बोर्ड पर होना अनिवार्य : सिविल सर्जन



इस संबंध में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि प्रत्येक निजी अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों के नाम, डिग्री और संपर्क नंबर को डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करना अनिवार्य है। साथ ही, अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों की तस्वीर भी बोर्ड पर लगानी होगी ताकि मरीज उनके बारे में स्पष्ट जानकारी प्राप्त कर सकें। यदि कोई निजी अस्पताल इस निर्देश का पालन नहीं करता, तो उसे पहले नोटिस भेजा जाएगा और सुधार न करने की स्थिति में उसका पंजीकरण रद्द किया जा सकता है। सरकारी अस्पतालों में दलालों द्वारा मरीजों को निजी अस्पताल ले जाने की घटनाओं पर उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में पूर्व में कई दलालों की गिरफ्तारी हो चुकी है। भविष्य में भी कड़ी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अप्रशिक्षित कर्मियों से इलाज कराए जा रहे मरीज

सूत्रों के मुताबिक, कई नर्सिंग होम और निजी अस्पतालों में प्रशिक्षित चिकित्सक तो दूर, योग्य स्वास्थ्यकर्मी तक नहीं हैं। बेहतर इलाज की उम्मीद में निजी अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की जान पर जोखिम बना रहता है। नियमित जांच के अभाव में ये अस्पताल दूर-दराज से आने वाले मरीजों का इलाज कर मनमानी फीस वसूल रहे हैं।

### आधारभूत संरचना का अभाव

क्षेत्र के कई निजी अस्पतालों में अप्रशिक्षित कर्मी कार्यरत हैं, जबकि इन अस्पतालों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की भी भारी कमी है। अस्पताल जहां कम दरों पर बड़े इलाज का दावा करते हैं, वहीं चिकित्सकों का डिस्प्ले बोर्ड तक नहीं लगाया जाता, जिससे वे प्रशासन को खुली चुनौती देते नजर आते हैं।

### लाभ कमाने का मुख्य उद्देश्य

अधिकांश निजी अस्पतालों का मुख्य उद्देश्य केवल अत्यधिक लाभ कमाना है। पीड़ित मरीजों व उनके परिजनों को अच्छे इलाज का झांसा देकर आर्थिक शोषण किया जाता है। सूत्रों की मानें तो निजी अस्पतालों के दलाल, सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बहला-फुसलाकर निजी अस्पतालों में ले जाते हैं। बदले में इन दलालों को मोटी रकम दी जाती है। कई बार एंबुलेंस चालक भी मरीजों को सरकारी अस्पताल न ले जाकर सीधे निजी अस्पताल पहुंचा देते हैं। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्र से आने वाले मरीज इनके झांसे में आ जाते हैं।

### निजी नर्सिंग होम की जांच की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि निजी नर्सिंग होम और अस्पतालों की दवा दुकानों, जांच केंद्रों और चिकित्सा सुविधाओं की जांच की जानी चाहिए। इससे मरीजों के आर्थिक शोषण को रोका जा सकेगा और अस्पतालों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाई जा सकेगी।

### अवैध गतिविधियां उजागर, कई मामले सामने आए

लगातार विभिन्न अस्पतालों के दलालों द्वारा मरीजों को बहला-फुसलाकर ले जाने की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई बार इन दलालों की गिरफ्तारी भी हुई है। साथ ही, कई अस्पतालों को नियमों के उल्लंघन के कारण आर्थिक दंड देना पड़ा है और उनके ऑपरेशन थिएटर तक सील किए गए हैं।

### बंध्याकरण के बाद महिलाओं को दी गलत दवा, सिविल सर्जन ने की जांच

**मेदिनीनगर।** जिले के तरहसी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी) में बंध्याकरण के बाद महिलाओं को गलत दवाएं देने के मामले की जांच शुरू हो गई है। सोमवार को पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने पीएचसी का दौरा किया और इस मामले पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दोषी एजेंसी से संपर्क किया जाएगा और दवा की भाउचर जांच कर यह पता किया जाएगा कि एक्सपायरी दवा क्यों दी गई। इसके अलावा, अगर अवैध वसूली के प्रमाण मिले, तो एनजीओ का अनुबंध समाप्त किया जाएगा। बताया गया है कि 23 जनवरी को 30 से अधिक महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया था, जिसके बाद प्रत्येक मरीज से 250 रुपये की अवैध वसूली की गई। कुछ मरीजों ने शिकायत की थी कि उन्हें दी गई दवाओं में एक्सपायरी डेट और उत्पादन तिथि मिटा दी गई थी। इस गंभीर मामले पर जांच की जा रही है।

# नीलगाय का शव बरामद, मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी के असनाबांध गांव में वन विभाग के कर्मियों ने एक मृत नीलगाय को बरामद किया है। इस मालमने में एक युवक को पकड़ कर पूछताछ के लिए वन कार्यालय ले जाया गया है। पूछताछ के बाद युवक को छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार अज्ञात लोगों द्वारा जंगली सूअर मारने के लिए फसल लगे खेतों में विद्युत प्रवाहित नंगा तार बिछाकर छोड़ दिया गया था। वहां रविवार की रात जंगल से विचरण करते हुए फसल लगे खेत में पहुंचा एक नीलगाय विद्युत प्रवाहित उक्त तार के चपेट में आ गई। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मकरी के वनरक्षी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि खेतों में बिजली का नंगा तार लगाकर नीलगाय मारने वाले अज्ञात लोगों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आरोपी को जल्द ही पहचान कर जल्द ही पकड़ा जायेगा।

# लूट का सोना-चांदी के साथ चार गिरफ्तार

## पुलिस ने चार दिनों के अंदर किया लूट का पर्दाफाश

### बेटे के दोस्त ने बनायी थी लूट की योजना

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के रंका थाना क्षेत्र के तेनुडीह जंगल में लूटे गए सोने-चांदी के गहने को आपस में बांटते चार लुटेरों को गिरफ्तार को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। लुटेरों के पास से 29 जनवरी को सोना व्यवसायी से लूटे गए सोना 389 ग्राम व चांदी के 266 ग्राम के गहने बरामद किए गए हैं। इस घटना को सोना व्यवसायी के बेटे के दोस्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। घटना की प्लानिंग भुक्तभोगी के घर पर ही रहकर की गई थी। लुटेरों में डालटनगंज के कुंड मुहल्ले के विशाल कुमार




चौधरी भी शामिल था। अन्य लुटेरों की पहचान रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के यदुवंशी नगर के मनीष कुमार भुइयां उर्फ कुजूर, मिथुन कुमार महतो, रंका के अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। अभिषेक सोना व्यवसायी के बेटे का दोस्त था। गढ़वा एसपी दीपक पांडेय ने सोमवार को बताया कि 29 जनवरी को रंका खुर्द मोड़ के पास अज्ञात तीन बाइक सवार अपराधियों ने चाकू का भय दिखाकर रंका कला निवासी स्वर्ण व्यवसायी एस कुमार सोनी की बाइक की डिक्की से सोने-चांदी के गहने लूट लिए थे। मामले का अनुसंधान किया जा रहा था। इस क्रम में दो फरवरी को गुप्त सूचना के आधार पर तेनुडीह जंगल में छापेमारी की गयी और चार संदिग्ध युवकों को पकड़ा गया। सोने-चांदी के गहने बरामद किए गए और उनकी पहचान की गयी। मनीष के पास से 315 बोर का एक देशी कट्टा और कारतूस बरामद किया गया है। लूट में इस्तेमाल बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। लुटेरों के पास से पायल, कान का टॉप्स, नथ, लॉकेट, बिछिया, ताबिज, मंगलसूत्र, जितिया लॉकेज, गला का लॉकेट, सिरजाना, हसूली, बालचोटी, छुछिया, नथिया, बेरा, कंगन, कानबाली, कर्णफुल, कमरधनी, कान की बाली समेत अन्य भारी कीमती जेवरात बरामद किए गए। लुटेरों में मनीष कुमार भुइयां उर्फ कुजूर का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ चैनपुर में दो, रांची के नामकुम एवं अरगोड़ा में दो-दो, रांची सदर में एक, बरवाडीह में एक, डालटनगंज टॉउन थाना में एक मामला दर्ज है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** रविवार को शाम बाबुडीह बुल्का मुख्य पथ पर ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बुल्का ग्राम से खाली गाड़ी बिसुनिया के तरफ जा रहा था। इस क्रम में मोटरसाइकिल चालक इमाम अली उर्फ भानु अंसारी पिता हफीज अंसारी बुल्का निवासी भी उक्त ग्राम के तरफ जाने के क्रम में उपस्वास्थ्य केंद्र के सामने दुर्घटना का शिकार हो गयी। दुर्घटना में ट्रैक्टर का चक्का युवक पर चढ़ गया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए गढ़वा सदर



अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के लिए ले जाने के क्रम में ही युवक की रास्ते में मौत हो गई। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि की दुर्घटना की सूचना मिली है।

# लगन के साथ मेहनत करेंगे तो निश्चित सफलता मिलेगी: प्रमुख

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित पीएम श्री मध्य विद्यालय में सोमवार को सरस्वती पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, मुखिया प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर व फीता काट कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और एक से बढ़कर एक नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होने से बच्चों को अपनी अंदर छुपी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। बच्चे अच्छा प्रदर्शन करेंगे तो अपने



विद्यालय,गांव और प्रखंड का भी नाम रौशन कर पायेंगे। प्रमुख ने विद्यालय प्रांगण में अपने मद से सांस्कृतिक मंच बनवाने की घोषणा भी की। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा कि विद्यालय में इस तरह का आयोजन प्रतिभागियों के जज्बे को बढ़ाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि बच्चे पढ़ाई के साथ किसी भी क्षेत्र में मन व लगन के साथ मेहनत करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि हमारे पंचायत में बच्चों में हुनर की कमी नहीं है। विद्यालय प्रबंधन ऐसे आयोजन करवाता रहे, इसमें जो भी सहयोग होगा मैं करूंगा। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सुरेन्द्र गुप्ता,उप मुखिया संजय पाल, प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार,शिक्षक संतोष ठाकुर,प्रेम कुमार, मनोरंजन गुप्ता, धनंजय पटेल , अजय ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थि थे।

# किसानों को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट : राम लाला दुबे



नवीन मेल संवाददाता

**कांडी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट को भारतीय जनता पार्टी के साथ देश के किसान, मजदूर, युवा,महिला व्यवसायों ने भी सराहा है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य राम लाला दुबे ने बताया कि यह 2025-26 का आम बजट से गरीब, युवा, महिला, व्यवसाईयों और किसानों को राहत देने की दिशा में पहल की गई है। किसानों के लिए तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख की गई, जिसमें झारखंड के 21.5 से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से सहायता मिलने पर कृषि से आय में बढ़ोतरी होगी। जिससे किसान आत्म निर्भर होने के साथ साथ सीधे तौर पर आय में बढ़ोतरी यह बजट वरदान साबित होगा। कृषि धन्य धान योजना के तहत बंजर भूमि को चयन कर उसको खेती करने के लिए अनुदान और सरकारी टेक्नालॉजी के माध्यम से प्रगतिशील कृषक संपोषित अनुदानित योजना चलाई जाएगी।

# हाथी ने वृद्ध को कुचल कर मार डाला

## वन विभाग ने 50 हजार राशि का दिया मुआवजा

नवीन मेल संवाददाता

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के पालामाटी टोला निवासी 65 वर्षीय छत्रधारी सिंह को रविवार की देर शाम हाथी ने कुचल कर मार डाला है। मिली जानकारी के अनुसार छत्रधारी सिंह रोज की तरह अपनी बकरियों को चराने गांव से सटे जंगल में गए थे,



लेकिन वह देर शाम तक वापस नहीं लौंटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। ग्रामीणों ने छत्रधारी सिंह का शव जंगल में देखा। इसके बाद ग्रामीण शव को समेटकर कर परिजन के घर ले आए। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग व चिनियां पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के दूसरे दिन ही चिनियां वन कार्यालय में मृतक के परिजनों को वन विभाग ने तत्काल 50 हजार का मुआवजा राशि दी। पूछे जाने पर प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि हाथी के हमले से मृतक के परिजन को सोमवार को विभाग के द्वारा मुआवजा राशि दी गई है। कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शेष 3.30 लाख रुपए का मुआवजा राशि और दिया जाएगा। बताते चले कि पिछले महीने ही हाथी ने थाना क्षेत्र के चपकली गांव में एक वृद्ध को कुचल कर मार डाला था। ग्रामीण बार-बार हाथी को क्षेत्र से भागने की मांग कर रहे हैं, लेकिन विभाग द्वारा हाथी को भगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इसका खामियाजा आए दिन ग्रामीणों को अपना जान मान देकर चुकाना पड़ रहा है।

## एक नजर

### श्रद्धा व भक्ति के साथ की गई मां सरस्वती की पूजा

**मझिआंव।** प्रखंड व नगर पंचायत क्षेत्र में श्रद्धा, आस्था, विश्वास, सादगी, भाईचारे, और शांतिपूर्ण वातावरण में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। बताते चले कि शहर से लेकर गांव तक उत्साह उमंग और हर्षोउल्लास के साथ वैदिक मंत्र उच्चारण गूंजते रहे। शैक्षणिक संस्थानों से लेकर गली-मुहल्लों, चौक-चौराहों पर पूजा अर्चना की गई। पूजा पंडाल आकर्षक रोशनियों से सजाए गए थें। चारों तरफ विद्या की देवी मां सरस्वती का जयघोष से गुंजायमान रहा। सरस्वती पूजा के अवसर पर खासकर छात्रों में उत्साह व उमंग देखा गया। छात्रों ने शैक्षणिक संस्थानों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ धूमधाम से पूजा किया। इस अवसर पर कई जातकों ने मां सरस्वती के पूजा अर्चना आस्था और विश्वास के साथ करने के लिए उपवास भी रखा। पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति के बीच मां सरस्वती की पूजा की गई।

### विद्यार्थियों की मां की पूजा

**भवनाथपुर।** प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं और कोचिंग सेंटर में धूमधाम से सरस्वती पूजा मनाया गया। पूजा समितियों तथा शैक्षणिक संस्थानों में प्रतिमा स्थापित कर विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। सुबह के बाद पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवी सरस्वती की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा दी गई। इसके बाद पूजा-अर्चना श्रद्धा एवं भक्तिपूर्ण माहौल में की गई। सरस्वती पूजा को लेकर खासकर स्कूली बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। जगह-जगह लोगों में मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा अर्चना की। सुबह से ही उत्सवी माहौल में माता सरस्वती के प्रति भक्ति के रंग में लोगों ने अपनी आस्था दिखाई।इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर भवनाथपुर, सरस्वती विद्या मंदिर टाउनशिप , परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, ओम शांति पब्लिक स्कूल सहित अन्य जगहों पर विद्या की देवी की आराधना की गई।

## थर्ड लाइन बनने से स्कूली बच्चों को आवागमन में होती है परेशानी

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी गांव में लोगों खासकर स्कूली बच्चों को थर्ड रेल लाइन की वजह से आवागमन में परेशानी होती है। इस समस्या को लेकर सांसद को दिए ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन के आलोक में प्रखंड प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने सोमवार को स्थल का जाएजा लिया। उन्होंने बताया कि गांव में थर्ड रेल लाइन को लेकर अंडरपास ब्रिज बनाया जा रहा है। ग्रामीणों की मांग पर उनकी जरूरत को देखते हुए बगल में कच्ची सड़क तो बना दिया गया। मगर अब समस्या यह है कि इसमें कुछ जगह से ग्रामीणों को गुजरने में मुश्किल खड़ी हो गई। ऐसी स्थिति में रेलवे अंडरपास के बगल में 12 फीट की पीसीसी सड़क नहीं बनाई जाती है, तो करीब 200 घरों के ग्रामीणों को थर्ड रेल लाइन से होकर ही आवागमन करना पड़ेगा। खासकर, स्कूली बच्चों को स्कूल तक पहुंचना आसान नहीं होगा। इनके लिए अंडरपास ब्रिज का कोई औचित्य नहीं रह जाएगा। उन्होंने बताया कि सांसद को इस समस्या से अवगत करा दिया गया। बजट सत्र बाद ग्रामीणों की इस समस्या का समाधान कराने की बात सांसद ने कही है।

### प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनी बसंत पंचमी का त्यौहार

**पांकी।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना कर बसंत पंचमी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड के लगभग सभी शिक्षण संस्थानों प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई, जहां पूरे दिन लोगों को पूजा पंडाल में माता के दर्शन करते हुए देखा गया। पूजा पंडाल में बज रहे भक्ति गीतों ने पूरा माहौल भक्ति में कर दिया। बसंत पंचमी को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। पूजा पंडाल में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना कर प्रसाद भी ग्रहण। पांकी प्रखंड के मंगलपुर स्थित नवयुवक संघ द्वारा इस वर्ष धूमधाम से सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के अतिथि भाजपा नेता अजय गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य सुनील कुमार चौहान, समाज सेवी बिंदेश्वरी यादव, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर कार्तिक सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के बाद विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा के बाद महाप्रसाद व भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों की भीड़ लगी रही।मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष रोहित सिंहा, व्यवस्थापक वीरेंद्र श्रीवास्तव, उमेश कुमार, नीरज सिंहा, नीतेश कुमार, मंटू सिंहा, प्रियांशु सिंहा उपस्थित थे।

# विधायक व पब्लिक का विरोध, गेट बंद करने के निर्णय से पीछे हटा रेल प्रशासन




नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा व पब्लिक के विरोध को देखते हुए रेल प्रशासन को श्री बंशीधर नगर भवनाथपुर मेन रोड पर नगर उंटारी रेलवे स्टेशन के पश्चिम में स्थित रेलवे गेट नंबर 36 स्पेशल टी को बंद करने संबंधी अपने निर्णय से पीछे हटना पड़ा। जानकारी के अनुसार सोमवार को रेलवे के आईडब्लू सत्यनारायण यादव जेसीबी मशीन व तकनीकी टीम के साथ गेट नंबर 36 स्पेशल टी को बंद करने नगर उंटारी पहुंचे थे। गेट बंद किए जाने और आधा अधूरा तालाबनुमा एलएचएस चालू करने की भनक मिलते ही गेट पर पब्लिक जुट गई। झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता जमा हो गए और गेट को बंद किए जाने का विरोध करने लगे। लोगों ने स्थानीय विधायक को गेट बंद होने और तालाबनुमा एलएचएस में आवागमन के दौरान पब्लिक को होने वाली परेशानियों से अवगत कराया और उनसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। लगभग 12 बजे विधायक अनंत प्रताप देव भी गेट पर पहुंचे और उन्होंने आईडब्लू से एलएचएस में जल जमाव के कारण आवागमन खासकर पैदल यात्रियों को होने वाली परेशानियों के विषय में पूछा। आईडब्लू से संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर विधायक ने फोन पर डीआरएम धनबाद से बात की। उन्होंने डीआरएम से कहा कि अंडरपास में दो से तीन फीट पानी लगा है। ऐसे में उसमें लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। चार चक्का व बाइक वाले तो आवागमन कर लेंगे, लेकिन पैदल चलने वाले लोगों को काफी कठिनाई होगी। ऐसी स्थिति में रेलवे फाटक को बंद करना अव्यवहारिक है। उन्होंने डीआरएम से एलएचएस का निर्माण कार्य पूर्ण होने और आवागमन सुलभ होने की फुलप्रूफ व्यवस्था होने के बाद ही गेट को बंद करने को कहा। डीआरएम ने विधायक को सकारात्मक जवाब दिया और गेट को चालू रखने के लिए अपने अधीनस्थ कर्मियों को निर्देश दिया। डीआरएम के निर्देश के आलोक में एईएन रेणुकूट ने आईडब्लू को गेट बंद नहीं करने का निर्देश दिया। इसके बाद आईडब्लू ने गेट को बंद किए जाने सबंधी काम को बंद करा दिया। विधायक की पहल के बाद गेट से आवागमन जारी रहने पर वहां उपस्थित झामुमो कार्यकर्ताओं ने विधायक के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। मौके पर मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, प्रदीप सिंह, सुधीर प्रसाद, संतोष पांडेय, लल्लू राम,भूखू राम, प्रदीप राम, दिलेश सिंह, धनंजय सिंह, बिपिन सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### विद्यार्थियों ने हंस वाहिनी की पूजा की

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की धूम रही। प्रखंड के अधिकांश शिक्षण संस्थान के साथ कोचिंग संस्थानों के साथ गांव व टोलों में मां शारदे की पूजा-अर्चना की गयी। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना



को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह था। बुनियादी विद्यालय सेमौरा,कुशहा,मिडिल स्कूल देवडीह,अधौरा ,सहित अधिकांश स्कूलों में व कोचिंग सेंटरों में भी सरस्वती पूजा की अर्चना हुआ। इस वर्ष राज्य सरकार की ओर से डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहने के कारण डीजे की शोर सुनने को नही मिली। लाउडस्पीकर से गीत संगीत बज रहे थे। मां सरस्वती की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा पंडालों की ओर जाते देखा गया।

### प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई सरस्वती पूजा

**खरौंधी।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। विभिन्न विद्यालयों और अन्य स्थानों पर भक्तिभाव से मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर पूजन किया गया। पूरा क्षेत्र भक्ति रस में डूबा रहा। विद्या की देवी की आराधना के लिए श्रद्धालु उमड़े। उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मझिगावां में मां सरस्वती क्लब द्वारा विद्यालय परिसर में भव्य रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर विद्यालय को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। पूजन समारोह का नेतृत्व पंडित वीरेंद्र मिश्रा ने किया, जिन्होंने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ मां सरस्वती की प्राण प्रतिष्ठा कराई। पूजा में स्कूली छात्रों की भी विशेष भागीदारी रही। यजमान के रूप में विद्यालय के छात्र सत्यम कुमार और श्रीकांत गुप्ता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विधि पूर्वक पूजा कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा संपन्न होने के बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मौके पर प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह,अध्यक्ष मुहब्बत हुसैन,नरेश पासवान,सचिन यादव,ग्रीश यादव,सतेंद्र राम,राजा हुसैन,पिन्टू कुमार,आनद यादव,किंशु पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।पूरे प्रखंड क्षेत्र में भव्य मूर्ति स्थापना, भजन-कीर्तन, एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। भक्तों ने माँ सरस्वती से विद्या, बुद्धि और ज्ञान का आशीर्वाद मांगा।

### मां के भक्ति में डूबा रहा प्रखंड क्षेत्र

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को धूमधाम से मां सरस्वती पूजा की गई। प्रखंड के सभी शैक्षणिक संस्थानों में वैदिक मंत्रोंच्चारण कर हंस वाहिनी की पूजा की गई। मां सरस्वती की पूजन को लेकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह और उमंग रहा। आरजीएसएम पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रूप से पंडाल का निर्माण किया। विद्यालय परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी छात्र छात्राओं ने जलवा बिखेरा। सोमवार की दोपहर में शुरू हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम देर शाम तक चला। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, पूर्व उप प्रमुख आनंद प्रकाश, विवेकानंद कुशवाहा, संजय प्रसाद, विजय मेहता, अशोक प्रसाद , विद्यालय के प्राचार्य सुमंत लाल व गांव के प्रबुद्ध लोगों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर शिक्षक मुन्ना कुमार रवि, रविंद्र कुमार, राजू कुमार, नागेंद्र कुमार, शिक्षिका चांदनी कुमारी, नीलम कुमारी, मुस्कान कुमारी, रिंकी कुमारी उपस्थित थे।

श्रद्धा

## कौशल विकास केंद्र में सरस्वती पूजा का आयोजन

# विद्यादायिनी के चरणों में झुके छात्रों के शीश




नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड के बाना गांव के हारादाग मोड़ स्थित, कौशल विकास केंद्र में सोमवार को सरस्वती पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीएसओ नीरज कुमार, कौशल विकास केंद्र के संचालक रंजीत कुमार वर्मा, हुलसी देवी, सुदर्शन प्रसाद सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि को बुके व पौधा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कौशल विकास केंद्र के प्रशिक्षण पाने वाले छात्राओं ने स्वागत गान भी प्रस्तुत किया। पंडित ने वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ सरस्वती माता का पूजन कराया। पूजा के अंत में लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण पाने वाले छात्राओं ने कई आकर्षक प्रदर्शनी लगाया। मौके पर मुख्य अतिथि नीरज कुमार ने कहा कि कौशल विकास केंद्र में प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार से जुड़े यही सरकार का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में कई तरह के प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण पाने वाले छात्राओं को सरकार द्वारा रोजगार भी उपलब्ध कराया जाता है। केंद्र के संचालक रंजीत कुमार वर्मा ने लोगों को कौशल विकास के संबंध में कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जानकारी दिए। इसके अलावा कई लोगों ने भी अपना-अपना विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर श्याम सुंदर प्रसाद, नंदू प्रसाद, श्यामलाल प्रसाद, सुरेश प्रसाद, रामकृष्ण प्रसाद, दिनेश पांडेय, सहायक शिक्षक दीवाकांत पाठक, पंकज कुमार, राजकुमार प्रसाद, प्रेम साव, सेंटर कर्मी में रितेश कुमार, कविता कुमारी, पुष्पा कुमारी, चंचल कुमारी, धीरज कुमार, आशा कुमारी, काजल कुमारी, मनीता कुमारी, खुशबू कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सरस्वती पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 10 वर्षों से संचालित अक्षर द पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी व विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कृति कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत के निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी,आरके पब्लिक स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से




दीप जलाकर किया। सांस्कृति कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत, देशभक्ति नाटक, भक्ति गीत, नृत्य, संगीत प्रस्तुत किया। मंच संचालन सोनू ने किया। कार्यक्रम में युवा समाज सेवी मारुति नंदन सोनी, लक पब्लिक स्कूल के निर्देशक ललन कुमार साह, संजन सिंह,अक्षर द पब्लिक स्कूल के निदेशक रंजीत कुमार,रंजन साह,नीतीश,लक्की, उतिमा,अल्तमस सहित बच्चे के अभिभावक उपस्थित थे।

# हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों में भय का माहौल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे लगातार हाथियों का आतंक जारी है, जिससे ग्रामीणों में भयभीत का माहौल बना रहता है, बीते रात प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेसरा टोला भूरंडवा निवासी सरजू पासवान पिता स्व. रामवृक्ष पासवान के घर मे रखे डेढ़ क्विंटल धान को खाकर चट कर घर के आंगन में रखा दो मोटरसाकिल को पटक कर क्षतिग्रस्त कर दिया। सरजू पासवान ने बताया कि हम लोग सभी परिवार भोजन कर सोने जा रहे थे। अचानक हाथी आ धमके और धान को खाने लगे। तीन बोरा धान खाकर चट कर दिया, जिससे तीन हजार रुपए की नुकसान हुआ है। मकरा आंगनबाड़ी केंद्र का खिड़की को तोड़ कर उखाड़ दिया। मकरा निवासी नरेश यादव पिता मनस यादव के खेत मे लगे आलू फसल को चट कर पैरों से रौंदकर बर्बाद कर दिया। इसके अलावा पानी ड्रम को भी नष्ट कर दिया, जिससे नरेश यादव को तीन हजार की क्षति हुई है। इसके बाद झिरमतकोमा निवासी भेखल गंझू पिता स्व. सर्वजीत गंझू के घर के चाहरदीवारी को पूरी तरह से तोड़कर पास में लगे आलू व टमाटर फसल रौंद कर कर बर्बाद कर दिया। जिससे चार हजार रुपए का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को भागने की मांग की है।

# नक्सली संगठन संघर्ष जनमुक्ति मोर्चा का कुख्यात सुप्रीमो गिरफ्तार

**आरोपी के पास से बरामद हुआ हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री**





**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन संघर्ष जनमुक्ति मोर्चा के कुख्यात सुप्रीमो राजेश सिंह खेरवार उर्फ टुला सिंह को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आरोपी पर थर्ड रेल लाइन निर्माण कंपनी के संवेदक विकास तिवारी से लेवी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप था। 27 जनवरी को दोपहर 2:30 बजे आरोपी ने व्हाट्सएप वीडियो कॉल कर हथियार दिखाते हुए संवेदक से लेवी मांगी थी। संवेदक की शिकायत पर लातेहार थाना में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में विशेष छापेमारी टीम गठित की गई, जिसने पेशेवर तरीके से जांच कर आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर उसके पास से 9 एमएम का देसी रिवॉल्वर, दो जिंदा कारतूस, धमकी देने में प्रयुक्त मोबाइल फोन सहित अन्य सामग्री बरामद की गई है। आरोपी 2013 से 2025 तक कई संगीन मामलों में नामजद रहा है, जिनमें हत्या, रंगदारी, पुलिस मुठभेड़ और आर्म्स एक्ट के तहत कई गंभीर अपराध शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि जिले को नक्सल मुक्त बनाने के लिए प्रतिबंधित संगठनों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। इस ऑपरेशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े सहित 14 पुलिसकर्मी शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क दुर्घटना में दो स्कूली बच्चे घायल, भर्ती



**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत धाधू पंचायत के मुरगांव गांव निवासी दो स्कूली बच्चे एरूद स्कूल में सरस्वती पूजा मनाने के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मुरगांव टर्निंग के समीप एक तेज रफ्तार बाइक ने दोनों को टक्कर मार कर फरार हो गया। दोनों घायलों की पहचान 13 वर्ष मिनू लोहरा व मोतीलाल 15 वर्ष पिता भुनेश्वर लोहरा में हुई है। स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया है।

### बरवाटोली एसबीआई शाखा में चोरी का प्रयास

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाटोली स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा में रविवार की रात्रि चोरी का प्रयास करने का मामला सामने आया है। बैंक परिसर के पिछले भाग स्थित खिड़की तोड़ कर अज्ञात चोर बैंक के अंदर घुसने में सफल रहे। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे पर स्प्रे मारा। इसके अलावा बैंक में लॉकर का ताला तोड़ने का भी प्रयास किया, लेकिन चोर इसमें असफल रहें। उल्लेखनीय है कि प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं है। बैंक में कई बार चोरी का भी प्रयास हुआ है। इसके बावजूद अब तक प्रशासन की ओर से या बैंक की ओर से सुरक्षा के कोई कारगर पहल नहीं की गई है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है तहकीकात जा रही है।

### तीन दिवसीय कृषि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन




**कुंदा (चतरा)।** पंचायत स्तर पर तीन दिवसीय कृषि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कुंदा व बौधाडीह पंचायत में किया गया। शिविर में किसानों को आधुनिक कृषि, तकनीक फसल उत्पादन में सुधार के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित कृषि विशेषज्ञ सुधीर कुमार ने किसानों को प्रशिक्षण दिया और उनकी समस्याओं का समाधान करने की जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विभाग बीओ शिवमंगल सुमन, एटीएम जयंत कुमार, कृषक मित्र प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव,कुंदा मुखिया मनोज साहू, अनिता देवी,कृषक मित्र कृष्णा कुमार समेत कई किसान शामिल हुए।

### माघ बसंत पंचमी पर पशु मेला का आयोजन



**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा बाजार टांड़ में माघ बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर पशु मेला का आयोजन किया गया। इस मेला मकरा, भाटचतरा, बेसरा, झिरमतकोमा व कुशमाहा पांच गांव के संयुक्त कमेटी के सहयोग से प्रत्येक वर्ष आयोजन की जाती है। भाटचतरा मे पिछले कई वर्षों से पशु मेला का आयोजन हो रहा है। मेला में काफी दूर दराज के लोग आते हैं और पशु को खरीद बिक्री करते है। साथ में लातेहार,चतरा, टंडवा, हजारीबाग व सिमरिया सहित कई प्रखंड व जिला के व्यपारी और ज्वेरात,बर्तन बिक्री करने के लिए लोग आते हैं। यह मेला बसंत पंचमी के दिन पूर्ण हो जाती है।

### प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास पूर्ण माहौल में की गई मां शारदे की आराधना



**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में वसंत पंचमी के मौके पर मां शारदे की अराधना विभिन्न शैक्षणिक, गैर-शैक्षणिक संस्थाओं समेत गांव, कस्बों व चौक-चौराहों में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। आचार्यों ने विधिवत पूजा, अराधना संपन्न कराया। विद्यार्थियों ने मां शारदे से ज्ञान और सदबुद्धि प्रदान करने की याचना की गई। प्रखंड क्षेत्र के टंडवा,कोयद, सराढू, बिंगलात, सेरनदाग, किसुनपुर, खढ्ढैया, तेलियाडीह, धनगडा, मिश्रोल समेत अन्य जगहों पर भक्ति के साथ पूजा अर्चना की गई।

# जिले में धूमधमा से मनी मां सरस्वती की पूजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा सोमवार को धूमधाम व हर्षोल्लास से मनायी गयी। पूजा को लेकर सुबह से ही शहर में चहल पहल थी। बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। शहर के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। धर्मपुर पथ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में भव्य रूप से मां सरस्वती की पूजा मनायी गयी। कई छात्रों का इस दौरान विद्या आरंभ संस्कार कराया गया। मौके पर जिला संघ चालक अनिल कुमार ठाकुर, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडेय, सचिव नरेंद्र पांडेय, प्राचार्य अरूण कुमार चौधरी, आचार्य सुरेश ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे। इसके अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय, गांधी कॉलेज, बनवारी साहू महाविद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी साथ ही प्रसाद का विरतण किया गया। मुख्यमंत्री जिला उत्कृष्ट विद्यालय में प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। राजकीय मध्य विद्यालय बाजार, रामवि आश्रम, रामवि चंदनडीह, रामवि करकट आदि विद्यालयों में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी। इसके अलावा चिल्ड्रेंस कान्वेंट, लातेहार पब्लिक स्कूल, बीएस डीएवी पब्लिक स्कूल में वीणाधारिणी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी। विभिन्न शैक्षणिक व कोचिंग संस्थानों में भी प्रतिमा स्थापित कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गयी। शहर के विभिन्न पूजा संघ व समुदायों द्वारा पूजा-अर्चना की गयी। बाईपास चौक में टैगोर विला, कारगिल पार्क में ज्योति समुदाय, जुबली चौक में अमरदीप संघ, मानस पथ में वीर बालक संघ, अंबाकोठी में जवान संघ द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी और प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर कई संघ द्वारा आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी और आकर्षक पंडाल बनाया गया है।

### सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा हर्षोउल्लास के साथ शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। बारियातू प्रखंड मुख्यालय सहित गोनिया, बालूभांग, फूलसु, साल्वे, सिबला, डाढ़ा, टोटी, अमरवाडीह सभी नौ पंचायतों में सरस्वती मां के मूर्ति में विधिवत वैदिक मंत्रोंचार के साथ पूजा की गई। परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बारियातू, टोटी हेसला, फूलसु सहित भाटचतरा, बारा, राजगुरु, इटके, महुआटांड, चेडरा, बेसरा, बरनी, गिद्दीमोड़, बरछिया सहित प्रखंड क्षेत्र का माहौल भक्तिमय रहा। पूजा स्थलों में आकर्षक सजावट के साथ तैयार स्थल में छात्र छात्रा सहित अन्य लोग भव्य तरीके से पूजा की। सभी पूजा स्थलों का निगरानी प्रखंड प्रशासन कर रही है।

### सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया गया, बच्चों में उत्साह

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत बसंत पंचमी को लेकर मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान विभिन्न शैक्षणिक संस्था के साथ श्रद्धालुओं ने धर्मस्थल व जगह-जगह पर विधिवत पूजा अर्चना की गई। विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजा विद्यार्थी करते नजर आए। विद्यार्थियों में काफी उत्साहित देखी गई। बालूमाथ प्लस टू हाई स्कूल, विद्या कोचिंग सेंटर, बीएस मेमोरियल हाई स्कूल ,हरिजन स्कूल, गोपाल मंदिर सहित शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल और गांव में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा की गई। श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान प्रखंड पुलिस प्रशासन काफी सक्रिय रही। पूजा को लेकर थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार दलबल के साथ गश्त करते नजर आए। सोशल मीडिया व सड़कों पर गश्ती बल पेट्रोलिंग वाहन के माध्यम से भ्रमण करते रहे।




### प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजा की रही धूम

**चंदवा।** विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा शहर समेत ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास से मनाई गई। गांव कस्बों के साथ गली मुहल्लों में सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां सरस्वती की विधिवत पूजन किया गया। शिक्षण संस्थानों में पूजा का आयोजन हुआ। लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा को लेकर छात्रों में उत्साह देखा गया।

**एसडीओ ने गैरमजरूआ भूमि अतिक्रमण मुक्त करने का दिया निर्देश, कहा-**

# अतिक्रमण करने वाले के विरुद्ध होगी कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया एसडीओ सन्नी राज ने सोमवार को समिरिया अंचल अंतर्गत चिन्हित गैरमजरूआ भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सिमरिया अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय शामिल थे। एसडीओ ने निरीक्षण के क्रम में सिमरिया अंचल अंतर्गत विभिन्न गांवों में गैरमजरूआ भूमि पर किए गए अतिक्रमण को मुक्त करने का सख्त निर्देश दिया है। साथ ही अतिक्रमण किए गए भूमि पर अंचल कार्यालय के द्वारा बोर्ड भी लगाया गया है। उन्होंने सख्त निर्देश दिया है कि यदि किसी के द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया जाता है, तो अतिक्रमण करने वाले के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ के द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकरी और अंचल अधिकारी, सिमरिया को निर्देश किया गया है कि अब तक कराये गये अतिक्रमण मुक्त भूमि पर घेरा बन्दी कराना सुनिश्चित करेंगें। मौके पर अंचल कर्मी और पुलिस कर्मी शामिल थे।

**राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 होगा सफल आयोजन**

# डीडीसी ने तैयारी को लेकर की बैठक, दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** चतरा जिला के इटखोरी स्थित ऐतिहासिक माता भद्रकाली मंदिर में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को इटखोरी प्रखंड कार्यालय में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप चतरा एसडीएम जगुर आलम, जिला खेल पदाधिकारी तुसार राय, प्रमुख प्रिया कुमारी, उपप्रमुख संजय कुमार गुप्ता, बीडीओ सोमनाथ बांकिरा, अंचलाधिकारी सबिता सिंह, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह, भाजपा जिला महामंत्री डॉ. मृत्युंजय सिंह उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कहा गया कि पार्किंग की व्यवस्था बेहतर तरीके से किया जाए। साथ ही कलाकारों का भी चयन जल्द कर लिया जाएगा। पहले के उप समितियां के दो-दो सक्रिय लोगों का नाम सूची बनाकर सुपुर्द करने, मंदिर परिसर की साफ-सफाई आदि पर भी चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि इस वर्ष का महोत्सव महाकुंभ का छोटा महोत्सव हो, इसकी तैयारी में सबों का योगदान जरूरी है। बैठक के दौरान महोत्सव से संबंधित और कई अहम बिंदुओं पर विस्तार रूप से चर्चा की गई। बैठक के बाद महोत्सव स्थल का निरीक्षण कर संबंधित पदाधिकारी को कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर रतन शर्मा, प्रकाश राम, सतीश सिंह, संतोष सोनी, प्रीतम राय, निरंजन सिंह, शंकर दांगी, योगेन्द्र सिंह, बद्री यादव, जुगेश्वर दांगी, प्रदीप सिंह, पूर्व मुखिया विजय दांगी, श्याम सिंह, कोनी मुखिया रंजय भारती, पितीज पंस सदस्य रूबी देवी,प्रीति कुमारी, मुखिया सोनी कुमारी, प्रवीण सिंह, अशोक यादव, बबलू केशरी, सिंटू कुमार यादव, नागेश्वर यादव, प्रमोद कुमार, संतोष राम, विकास कुमार सिंह, दीपक कुमार हिंदुस्तानी, सिकेन्द्र सिंह खेरवार आदि उपस्थित थे।

# जीएम ने 15 दिनों का लिया समय, ट्रक मालिकों का आंदोलन 28 फरवरी तक स्थगित



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा(चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के ट्रक वाहन मालिकों द्वारा तीन सूत्री मांगो को लेकर पूर्व निर्धारित पांच फरवरी से आंदोलन के रुख को देखते हुए जीएम अमरेश कुमार ने सोमवार को वाहन मालिकों व ट्रांसपोर्टरों के साथ वार्ता की। बताया गया कि जीएम ने सकारात्मक पहल करने के लिए 15 दिनों का समय लिये जाने को वाहन मालिकों ने स्वीकार कर लिया। बैठक में शामिल आशुतोष मिश्रा ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन के आग्रह पर सर्वसम्मति से आंदोलन की समय सीमा अब 28 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। जीएम की माने तो वाहन मालिकों के कुछ मांगों का निष्पादन सिर्फ मुख्यालय स्तर से ही की जा सकती है, जिसके लिए वह विभागीय पत्राचार कर राय लेंगे। बता दें कि वाहन मालिक 25 हजार टन कोयला रोड सेल को उपलब्ध कराने व विस्थापित-प्रभावित क्षेत्र के वाहन मालिकों को चार सौ फार्मेट प्रतिदिन देने की मांग कर रहे हैं। उक्त मामले में त्वरित पहल नहीं होने से क्षुब्ध होकर कड़े रुख अख्तियार किया जा रहा है। वार्ता में पीओ मो. अकरम, प्रह्लाद सिंह, प्रवेश दास, अमलेश दास, संदीप सिंह, प्रकाश यादव, मुकेश यादव, बद्री साव समेत अन्य मौजूद थे।

# विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा/सिमरिया/इटखोरी/प्रतापपुर।** विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा-अर्चना माघ शुक्ल पक्ष बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को पूरी आस्था, श्रद्धा के साथ चतरा जिला मुख्यालय सहित सभी प्रखंडों में हुई। जिला के कुंदा, पत्थलगड़ा, प्रतापपुर, इटखोरी, मयूरहंड, गिद्धौर, सिमरिया व टंडवा आदि प्रखंडों में सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के अलावा विभिन्न क्लबों द्वारा माता की प्रतिमा व कलश स्थापित कर पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान माता की स्तुति, वंदना, आरती एवं वैदिक मंत्रोचार से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। पूजा के पूर्व माता के पट खुलते ही दर्शन और पूजन के लिए विशेषकर बच्चों व युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने माता के समक्ष नतमस्तक हो विद्या का वर मांग ज्ञान, विद्या एवं यश की कामना की। पूजा-पाठ का सिलसिला सुबह से देर शाम तक जारी रहा। पत्थलगड़ा में शांति व्यवस्था को लेकर बीडीओ कुलेंद्र साहू, सीओ उदल राम, थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न पूजा पंडालों का जायजा लिया और पूजा समिति के अध्यक्षों व सदस्यों को निर्देश दिए। सिमरिया प्रखंड अंतर्गत पुराना अखाडा बजारटांड, श्रीरामकृष्ण परमहंस केन्द्रिय विद्यालय सिमरिया, अनुसूचित जाति बालिका उच्च विद्यालय सिमरिया, राज्य सम्पोसित प्लस टू उच्च विद्यालय सिमरिया सहित विभिन्न कल्बो एवं विद्यालयों में माता सरस्वती की पूजा अर्चना की जा रही है। प्रतापपुर (चतरा) प्रखंड क्षेत्र में बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती की पूजा बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी एवं निजी विद्यालयों में तथा अपने-अपने मोहल्ले में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर बड़े ही भक्ति भाव के साथ पूजा की गई। प्रिमियर एकेडमी प्रतापपुर, कन्या मध्य विद्यालय प्रतापपुर, मध्य विद्यालय ,प्रतापपुर प्लस टू हाई स्कूल प्रतापपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोमें सहित लगभग सभी विद्यालयों में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। गिद्धौर (चतरा) प्रखंड के दर्जनों विद्यालय एवं क्लबों में ज्ञान की माता सरस्वती की पूजा धूमधाम से की गई। पूजा अर्चना के बाद मंगलवार को माता की प्रतिमा का विसर्जन भी किया जाएगा। इटखोरी प्रखंड के सभी विद्यालयों में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से संपन्न हुई। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि यह परंपरा पिछले कई वर्षों से निरंतर जारी है और हर वर्ष पूरे श्रद्धा भाव से मां सरस्वती की पूजा होती है। पूजा के दौरान छात्र-छात्राओं ने भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# एसडीओ ने पेट्रोल पंप का किया जांच, पाई अनियमितताएं




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सोमवार को क्षेत्र भ्रमण पर निकले सिमरिया एसडीओ सन्नी राज ने अंचल अधिकारी गौरव कुमार रॉय के साथ सिमरिया में संचालित विभिन्न पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण कर जांच की। जांच के दौरान वितरण इकाई और मापने वाली फ्लास्क में पेट्रोल व डीजल की मापी की गई। जांच में सभी पेट्रोल पंप में अनियमितता पाई गई। एसडीओ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि अनियमितता पाए गए पेट्रोल पंपों पर कार्रवाई की जा रही है। जिसमें बिलसी पेट्रोल पंप, बाबा पेट्रोल पंप, ईश्वर दयाल पेट्रोल पंप, जियो पेट्रोल पंप और शिवकरण लाल पेट्रोल पंप शामिल है। मौके पर अंचल कर्मी और पुलिस जवान शामिल थे।

## लोहरदगा में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की भक्तिभाव से हुई पूजा अर्चना

# या देवी सर्वभूतेषु विद्या रुपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** या देवी सर्वभूतेषु विद्या रुपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः..........। मां शारदे विद्या की अधिष्ठात्री देवी, ज्ञान की देवी माता सरस्वती की पूजा अर्चना जिले के शहरी और ग्रामीण इलाको में बड़ी धूमधाम से की गई। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में बसंत पंचमी को लेकर उत्साह देखा गया। सरस्वती पूजा को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखा। विद्या की अधिठधात्री देवी मां सरस्वती की पूजा को लेकर पढ़ाई कर रहे बच्चों एवं श्रद्धालुओ में उमंग और उत्साह नजर आया। मां सरस्वती की पूजा जिले के सरकारी, गैर सरकारी विद्यालय, महाविद्यालय, कोचिंग सेंटरों, घरों समेत जिले के चौक चौराहे में मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित कर छात्र छात्राएं एवं श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की गई। मां सरस्वती की पूजा की चारों तरफ धूम रही। गली, मुहल्लों और घरों में मां शारदे की पूजा धूमधाम से मनायी गई। शहर के पतराटोली, मिशन चौक, गुदरी बाजार, वीर शिवाजी चौक, शास्त्री चौक, महावीर चौक, तेतरतर, बौली बगीचा, महादेव आश्रम, बीआईडी, छत्तर बगीचा, न्यू रोड समेत कई स्थानों में श्रद्धालु भक्तो ने पंडाल निर्माण कर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। विद्या की देवी की पूजा को लेकर शहर से लेकर प्रखंड मुख्यालय एवं ग्रामीण अंचलों में भी जगह जगह पर पूजा पंडाल बनाए गए थे। वहां सुबह से ही श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव से पूजा करते नजर आए। मां सरस्वती की पूजन से वातावरण भक्तिमय हो गया और पूरा क्षेत्र भक्ति गीत से गुंजने लगी। पूजा पर्व को लेकर भक्तो में जो उत्साह देखा गया उसे देखकर यही लगा कि भक्ति और आस्था के आगे महंगाई का कोई असर नहीं है। भगवती सरस्वती का स्वरुप विद्या, बुद्धि, ज्ञान और वाणी की अधिठधात्री देवी है। मां शारदे का मूल स्थान अमृतमय प्रकाश पुंज है। उनका विग्रह शुद्ध ज्ञानमय आनंदमय है। तेज, दिव्य और अपरिमेय है। जो भी मां सरस्वती की पूजा अराधना करता है उसके पास विद्या की कमी नहीं होती। विद्या धन सभी धनो में प्रधान धन है और इसका कोई मोल नहीं है। सरस्वती देवी की वार्षिक पूजा के साथ ही बालको के अक्षरारंभ और विद्यारंभ की महत्व है। माना जाता है कि बसंत पंचमी के दिन ही परमपिता ब्रम्हा के द्वारा मां सरस्वती का उदभव किया गया था। जो भी भक्त इस दिन देवी की पूजा करता है उसपर मां सरस्वती की विशेष कृपा रहता है। ऐसी मान्यता है कि माघ शुक्लपक्ष पंचमी के दिन ही विद्या की देवी माता सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की विशेष तौर पर पूजा की जाती है। मां सरस्वती के एक हाथ में ग्रंथ है। वो कमलपुष्प पर विराजमान हंसवाहिनी हैं। उन्हें विद्या और बुद्धि की देवी माना जाता है।

### बालको ने मां सरस्वती से विद्या, बुद्धि, कला और ज्ञान का वरदान मांगा

## नौनिहालो को अक्षर ज्ञान की शुरूआत कराया



**लोहरदगा।** विद्या की अधिठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कई नौनिहालों (शिशुओं) ने अक्षर ज्ञान की शुरूआत किया। इस मौके पर स्कूल जाने की शुरूआत करने वालों बच्चों को पंडितों ने खली (पेंसिल) लेकर स्लेट (ब्लैक बोर्ड) पर लेखन और अक्षर ज्ञान की शुरूआत करने से पहले मां सरस्वती से आशीर्वाद दिलाने के लिए विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। सरस्वती पूजा के मौके पर नौनिहालों ने पीला वस्त्र धारण कर विद्या की देवी की पूजा-अर्चना की।

माता सरस्वती को ज्ञान, संगीत, कला, विज्ञान और शिल्प-कला की देवी माना जाता है। सरस्वती के पूजा के मौके पर शिशुओं को पहला अक्षर लिखना सिखाया जाता है।

दूसरे शब्दों में बसंत पंचमी का दिन विद्या आरंभ करने के लिए काफी शुभ माना जाता है, इसलिए माता-पिता आज के दिन शिशु को माता सरस्वती के आशीर्वाद के साथ विद्या आरंभ कराते है।

### विद्या मंदिर में अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ का आयोजन

**लोहरदगा।** मधुमय बसंत की मधुरिमा एवं कोकिल की कल काकली से अनुगुंजित वातावरण मे आयोजित विद्या की अधिठात्री देवी माता सरस्वती के पूजन अर्चना के पावन अवसर पर स्थानीय शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में सरस्वती पूजनोत्सव के मौके पर 24 घंटे का अखंड श्रीरामचरितमानस का पाठ का आयोजन किया गया। श्रीरामचरित मानस पाठ की शुरूआत सोमवार को पूर्वाहन दस बजे से किया गया जो मंगलवार को पूर्वाहन दस बजे तक समाप्त होगा। श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ को सफल संचालन में विद्यालय के प्रधानाचार्य के अलावे शिक्षक श्यामसुंदर कुमार, जया देवी, प्रमेन्द्र सिंह, पारस पाठक समेत अन्य छात्र छात्राओ ने भी सहयोग दिया।

## विद्या की देवी सरस्वती की आराधना में लीन दिखे बच्चे

**लोहरदगा।** विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा जिले भर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई। विशेषकर विद्यार्थी वर्ग में उत्साह जोरों पर रहा। शहरी क्षेत्र में सैकड़ों स्थानों में बच्चों व युवाओं ने पंडाल का निर्माण कर मां शारदे की आराधना की। विद्यार्थियों व युवाओं ने अज्ञानता के अंधकार से मुक्ति व ज्ञान के प्रकाश में लाने का वरदान मां सरस्वती से मांगा। घरों में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विद्यार्थियों ने पूजा की। देवी के दर्शन व प्रसाद ग्रहण श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कई पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इधर शहरी क्षेत्र के ईस्ट गोला रोड, कृषि मार्केट, मिशन चौक मुहल्ले के छोटे छोटे बच्चों ने चंदा कर मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा अर्चना किया। बच्चों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा करने की कार्यशैली की सराहना सभी कर रहे है। पूजा को लेकर बच्चों की टोलियों ने कई दिनो से तैयारियां शुरू कर दिया था। आसपास के गली मुहल्लो से चंदा कर बच्चे मां की पूजा के सामान खरीदे। भक्तिभाव से मां सरस्वती की आराधना किया। मां सरस्वती को प्रसन्न करने के लिए कुछ बच्चें सुबह से उपवास रख पूजा अर्चना किए। बच्चों ने अपने घरो से सामान जुटाकर भव्य पंडाल का निर्माण किया था जो सराहनीय कार्य है। इतने छोटे छोटे बच्चों द्वारा खुद से पंडाल निर्माण कर मां की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करने की चर्चा हो रही है। इस कार्य में उनके अभिभावक गण भी मदद किए। फिलहाल पूजा पंडालों की चमक-दमक, विद्यालयों के साथ अन्य शिक्षण संस्थानों, तकनीकी शिक्षा केंद्रों, विभिन्न चैक-चैराहों में भी देखी गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने पंडाल में पहुंचकर मां सरस्वती का प्रसाद ग्रहण किया।



## महिला कॉलेज में आस्था के साथ हुई मां सरस्वती की पूजा



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** एमएलए महिला कॉलेज लोहरदगा में सरस्वती पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। संस्कृत के अध्यापक अवध किशोर मिश्र ने पूजा अनुष्ठान संपन्न कराए। इसमें कॉलेज के शिक्षक- कर्मी और विद्यार्थी शामिल हुए। विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना कर ज्ञान, विवेक और सदाचार का आशीर्वाद पाया। आचार्य अवध किशोर मिश्र ने कहा कि वसंत पंचमी पर विद्या, ज्ञान और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा का विशेष महत्व है। पौराणिक कथा के अनुसार, जब भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की, तो सृष्टि में कोई जीवन था, लेकिन वह जीवन शांत और बिना किसी आवाज के था। भगवान ब्रह्मा ने अपने कमंडल से जल छींटा, जिससे देवी सरस्वती प्रकट हुईं। देवी सरस्वती ने वीणा बजाकर पूरे संसार में मधुर आवाज फैलाई और सृष्टि में जीवन का संचार हुआ। तभी से देवी सरस्वती को ज्ञान, संगीत और कला की देवी माना जाता है। पूजा अनुष्ठान संपन्न कराने में प्रिंसिपल स्नेह कुमार सहित सभी शिक्षक और कर्मियों का योगदान रहा।

## युवाओं व छात्रों नेश्रद्धा भक्ति से मनाई गई सरस्वती पूजा



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** बसंत पंचमी के अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा सभी शिक्षण संस्थानों चौक चौराहा में युवाओं एवं छात्रों के द्वारा श्रद्धा भक्ति एवं उल्लास पूर्ण वातावरण में किया गया। मौके पर सुबह से ही सरस्वती पूजा को लेकर छात्रों एवं युवाओं में उत्साह एवं उमंग का माहौल देखा गया। भंडरा में लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय, प्रोजेक्ट बंशीधर कन्या उच्च विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय भंडरा, यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, संस्कार वोल्ड एकेडमी सहित सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में मां सरस्वती की पूजा मूर्ति स्थापित कर की गई. मूर्ति स्थापना के लिए छोटे-छोटे सुंदर आकर्षक पंडाल का निर्माण किया गया था. इस मौके पर सभी पूजा पंडालो में दर्शकों को प्रसाद वितरण किया गया.सरस्वती पूजा के अवसर पर शांति व्यवस्था हेतु प्रशासन अलर्ट मोड में था. पुलिसकर्मी दिनभर विभिन्न पंडालो पर पेट्रोलिंग करते रहे।

## विद्या मंदिर में धूमधाम के साथ मनाई गई बसंत पंचमी



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का पूजन उत्सव माघ मास के शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को मनाया जाता है। यह त्यौहार बसंत ऋतु के आगमन का संदेश देते हुए ज्ञान की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। प्रातः कालीन सरस्वती पूजन के उपरांत रामचरितमानस प्रतिवर्ष की भांति अखंड पाठ का आयोजन शुरू हुआ। विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल,सचिव अजय प्रसाद,उपाध्यक्ष विनोद राय सपरिवार उपस्थिति हुए। मां सरस्वती का पूजन पंडित जनार्दन मिश्रा के द्वारा संपन्न हुआ। वहीं पूजनकर्ता कक्षा नवम के भैया- बहन एवं आचार्य- दीदी जी थे। नगर के नागरिक प्रसाद पाने के लिए लगातार आते रहे।

## कैरो में सरस्वती पूजा विधि-विधान के साथ बच्चों ने मनाया



**कैरो/लोहरदगा।** कैरो प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजा हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। सभी शिक्षण संस्थानों चौक, चौराहों में छात्र-छात्राओं, युवकों ने विद्या की देवी सरस्वती जी की पूजन धूम-धाम से किया। कैरो दुर्गा बाड़ी के समीप युवकों ने पहाड़ का रूप देकर भव्य पंडाल बनाया जो आकर्षण का केंद्र रहा। कैरो डोल मेला टांड़ में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा झरनायुक्त पंडाल बनाया इस पूजा समिति के बच्चों को काफी सराहना की गई। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पूरे विधि-विधान से आचार्य कौशल त्रिपाठी ने पूजन कराया।

## इंटर महाविद्यालय में सरस्वती पूजा धूमधाम से आयोजित



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में सरस्वती पूजा धूमधाम से आयोजित की गई। कक्षा 11वीं के छात्र उज्जवल देवघरिया मुख्य यजमान की भूमिका में रहे। परिसर में मुख्य आकर्षण के रूप में महाविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों की चित्रावली लगाई गई थी। छात्र- छात्राओं के द्वारा संध्या 6:15 बजे भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## विद्या के मंदिर में सरस्वती पूजा नहीं करना काफी दुखद : किशुन लोहरा

### स्कूल में नही हो रही थी सरस्वती पूजा, ग्राम प्रधान ने पहुंचकर कराया पूजा

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** जिले में हर तरफ लोग मां शारदे की आराधना में लीन रहे, परंतु भंडरा प्रखंड के सेमरा राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को सरस्वती पूजा से अलग रखने का प्रयास विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा किया गया। इसकी जानकारी मिलते ही सेमरा के ग्राम प्रधान चुमनू उरांव के नेतृत्व स्थानीय ग्रामीण स्कूल पहुंचकर विद्यालय के शिक्षकों को बुलाकर दोपहर के ढाई बजे मां सरस्वती की फोटो को पूजा कराया। विद्यालय में पहुंचे राधेश्याम साहू, बिंदेश्वर महतो, श्रवण साहू, चुमनु उरांव प्रधान, रिझा पुजार, लक्ष्मी लोहरा, सुशांत उरांव, नासिर खान, पिंटू महतो, बबलू लोहरा, मुनि देवी, फुलमनी देवी, बाल किशुन लोहरा ने कहा विद्या के मंदिर सेमरा विद्यालय में सरस्वती पूजा नहीं करना काफी दुखद है।





विद्यालय में सरस्वती पूजा नहीं होने से विद्यालय के विद्यार्थियों निराश होकर घर लौटना पड़ा। विद्यालय में प्रारंभ काल से ही मां सरस्वती की पूजा होती चली आ रही है, परंतु इस वर्ष विद्यालय में ताला लटका मिला। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा शिक्षकों को बुलाकर पूजा संपन्न कराया गया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा मनमानी किया जा रहा है। इससे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## सरस्वती पूजा पर हुआ विद्यारंभ संस्कार महोत्सव का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में सरस्वती पूजा बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही साथ छोटे-छोटे करीब 30 से 35 भैया बहनों का अक्षरारंभ संस्कार कराया गया। मौके पर विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, नगर संघचालक, जिला संघचालक, विभाग सह संघचालक प्रमुख, प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख, नगर कार्यवाह, जिला कार्यवाह, तीनों विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं आचार्य बंधु भगिनी, अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय के अभिभावक बंधु भगिनी एवं भारी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्ति पधारे एवं माता का प्रसाद ग्रहण किये।

## भाजपा एक राष्ट्रीय पार्टी है इसका संगठन चुनावी प्रक्रिया से चलता है : किशुन दास

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी कोई जाति या परिवार की राजनीति पार्टी नही यह देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय पार्टी है। इसका संगठन चुनाव के आधार से चलता है। उक्त बातें लोहरदगा भाजपा जिला सांगठनिक चुनाव पर्यवेक्षक सह सिमरिया के पूर्व विधायक किशुन दास ने सोमवार को जिला कार्यालय में आयोजित सांगठनिक चुनाव पर्व पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि ने कहा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता से ही संगठन चलता है, उन्हें निस्वार्थ भाव से संगठन को मजबूत करने के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। जिला चुनाव अधिकारी सह प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि सदस्यता अभियान समाप्त होने के बाद अब बारी है बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सांगठनिक चुनाव करा कर पार्टी का विस्तार करना।उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया बूथ स्तर से प्रारम्भ होगी। इसके लिए मण्डल, पंचायत एवम बूथ चुनाव प्रभारी नियुक्त करने हेतु 5 से 7 फरवरी तक मण्डल स्तर पर कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया।





जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने झारखंड में यूसीसी एवं एनआरसी किसी भी कीमत पर लागू नही करने की बात की निंदा किया। कहा कि झारखंड सरकार बांग्लादेशी घुसपैठिय को वोट बैंक के लिए सरंक्षण देना चाहती है। संचालन जिला सह चुनाव प्रभारी बाल कृष्णा सिंह एवम धन्यवाद ज्ञापन जिला सदस्यता प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष अजय पंकज द्वारा किया गया। कार्यशाला में बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक सांगठनिक चुनाव एवम कार्यशाला आयोजन को लेकर सभी मंडलो में प्रभारी नियुक्त किये गए।

मौके पर बिंदेश्वर उराँव, राजकिशोर महतो, ओम सिंह, आजाद शत्रु, अजय पंकज, ओम गुप्ता जितेंद्र महतो राकेश प्रसाद, जगनन्दन पौराणिक, अनिल उराँव पशुपति नाथ पारस, संजय अग्रवाल, विजय सोनी, सरिता देवी, मीणा बाखला, मिथुन तमेडा, बाल्मीकि कुमार, विवेक सोनी विवडक चौहान, सामेला भगत, राजकिशोर साहू, रामकुमार खेरवार, राजकुमार मुंडा, सरस्वती देवी, पंकज कुमार भारती विश्वजीत भारती, कृष्णा मोदी, राजेन्द्र यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मेहता निर्मल जल संस्थान का उदघाटन



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के गुदरी बाजार स्थित मुद्रिका बैंक्विट हॉल परिसर में बसंत पंचमी के मौके पर सोमवार को 'मेहता निर्मल जल' संस्थान का विधिवत उद्घाटन किया गया। शहर के प्रख्यात समाजसेवी रामावतार महतो ने विधिवत फीता काटकर इसकी शुरूआत किया। इस दौरान मेहता निर्मल जल के प्रोपराइटर सुनील कुमार मेहता ने कहा कि, शहरी नागरिकों को शुद्ध, निर्मल और क्वालिटीयुक्त पानी सहज उपलब्ध करने का प्रयास है। अपेक्षाकृत, सस्ते मूल्य पर लोगों को यहां से शुद्ध और स्वास्थ्य वर्धक पेयजल उपलब्ध होगा। उद्घाटन के मौके पर प्रदीप राणा, प्रकाश महतो, शकील अख्तर, श्रवण तिर्की, राजेश उरांव, मनोज भगत, बालमोहन साहू, साकिर खान, राजेश अग्रवाल, प्रदीप राम, संजय साहू, शशि वर्मा, ज्योतिष ठाकुर, शिव गुप्ता, उज्जवल खत्री, पंकज महतो, महेंद्र महतो, संजय महतो, संजू महतो, राहुल अग्रवाल, कौशिक राज मेहता समेत शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



# विद्यार्थी नैतिक मूल्यों और संस्कारों के साथ आगे बढ़ें, यही हमारा उद्देश्य है : जया सिंह

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर एच.जेड.बी. आरोग्यम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में भव्य रूप से मां सरस्वती की पूजा-अर्चना संपन्न हुई। विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा को संस्थान प्रांगण में स्थापित कर विधि-विधान से पूजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों, संस्थान के समस्त कर्मचारियों एवं अन्य लोगों ने पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव से मां की आराधना की, पूजन कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण और हवन-पूजन के साथ हुई। आचार्यों और पंडितों द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया गया। मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्ज्वलित कर और प्रसाद वितरण कर भक्तों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जैसे ही जय मां सरस्वती के उद्घोष गूंजे, पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस दौरान भजन का आयोजन किया गया, जिसमें मां सरस्वती की महिमा का गुणगान किया गया।

## गुरु गोविंद सिंह टेक्निकल कैंपस में साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम

**बोकारो।** गुरु गोविंद सिंह एजुकेशननल सोसायटी के बोकारो स्थित टेक्निकल कैंपस में साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ. बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, साइबर थाना, बैंकिंग संस्थान व डॉ राधाकृष्णन सहोदया कॉम्प्लेक्स के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए गए. स्वागत भाषण संस्थान के निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरूहार ने दिया. उन्होंने चैंबर व साइबर पुलिस की मुहिम की सराहना करते हुए इसमें सहयोग का आश्वासन दिया. अभियान के संयोजक राजकुमार प्रिय व प्रशांत कुमार ने आगामी अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की. उपस्थित गणमान्य लोगों ने भी अपने सुझाव दिए. निदेशक ने सोसायटी के टेक्निकल कैंपस के डॉ एपी वर्णवाल, डॉ आरपी वर्मा, प्रमोद कुमार, अपूर्वा सिन्हा व विधि सलाहकार पल्लवी प्रसाद को विशेषज्ञ के रूप में तथा कॉलेज के तकनीकी विद्यार्थियों को भी इस अभियान जोड़ने की बात कही.

### होस्पिटल में की गई मां शारदे की आराधना, विद्या व ज्ञान के लिए मांगा आशीर्वाद

# मां की पूजा से लोगों को मानसिक रूप से मजबूत व दृढ़ संकल्पित बनाता है : डॉ प्रवीण

**शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि यह चरित्र निर्माण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम है**



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड होस्पिटल में ज्ञान और विद्या की देवी वसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती की पूजा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धूमधाम व उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर मां सरस्वती की पूजा पूरे भक्तिभाव से किया। इस दौरान माँ शारदे की आराधना कर विद्या व ज्ञान का आशिर्वाद मांगा। वैदिक मंत्रों के उच्चारण से पूरा कॉलेज परिसर भक्तिमय हो गया। हर कोई इस पूजा को लेकर काफी उत्साहित दिखे। मौके पर सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगल की कामना की। उन्होंने छात्रों को अच्छे परीक्षा फल हेतु कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित भी किया। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि मां सरस्वती को शिक्षा, कला व विज्ञान की देवी कहा जाता है। मां सरस्वती की पूजा मानसिक रूप से मजबूत व दृढ़ संकल्पित बनाती है। मान्यता है कि बसंत पंचमी के दिन देवी सरस्वती पृथ्वी पर प्रकट हुई थी। माता सरस्वती ने पृथ्वी पर उदासी को खत्म कर सभी जीव जंतुओं को वाणी दी थी इसलिए माता सरस्वती को ज्ञान, विज्ञान, संगीत, कला और बुद्धि की देवी भी माना जाता है। मौके पर विशेष रूप से डेंटल कॉलेज के प्राचार्य के श्रीकृष्ण, उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव एवं डॉ स्वाति सहित बडी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**बिरनी।** बिरनी के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन ने फ्लैग मार्च किया। इस फ्लैग मार्च में अनुमंडल पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन, बिरनी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज, भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार सिंह और पुलिस जवान शामिल रहे। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। प्रशासन पूरी मुस्तैदी से सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में जुटा हुआ है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। बिरनी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई गई। सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों में श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। इसी क्रम में पोखरिया विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मंगलवार को भक्तजन मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धापूर्वक अंतिम दर्शन करेंगे और नम आंखों से विदाई देंगे। इस पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी से कार्यरत है, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।

## कदमा में धूमधाम से हुई सरस्वती पूजा

**जमशेदपुर।** बीएसएनएल आफिसर्स कालोनी कदमा में आज सोमवार को धूमधाम व श्रद्धा के साथ सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बच्चों व महिलाओं में खासा उत?साह देखने के मिला. कालोनी के सचिव आनंद कुमार ने बताया कि नीतिन कुमार और शालिनी कुमारी ने पूजा में यजमान की भूमिका निभाई. कालोनी के निवासियों ने काफी श्रद्धाभाव के साथ पूजा में भाग लिया. प्रतिमा का विसर्जन 5 फरवरी को किया जाएगा.

## घाघरा में बच्चों में काफी उत्साह पूर्ण रहा सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व



**घाघरा।** घाघरा सोमवार के पूरे प्रखंड में धूमधाम से बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा मनाया गया। पूजा समितियों तथा शैक्षणिक संस्थानो में प्रतिमा स्थापित कर विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। खासकर बच्चो खासा उत्साह देखा गया। जगह-जगह लोगों में मां शारदे की प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से पूजा अर्चना की। बसंत पंचमी को हिदू पंचांग के अनुसार सबसे शुभ दिन माना गया है। पंचांग के अनुसार चार ॠतु में सबसे श्रेष्ठ रितु बसंत ॠतु को माना गया है । जिसे लेकर इस विशेष दिन पर इलाके में गृह प्रवेश,विदाई समारोह,नए व्यापार का शुभारंभ आरम्भ होता जगह जगह देखा गया। इस मौके पर अलग-अलग तरह से इस समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिमा स्थापित किया बच्चो के द्वारा कई कार्यक्रम पेश किए गए । तथा मां सरस्वती का वंदन कर एक दूसरे को बधाई देते हुए धूम धाम से मनाया गया।

## जिले के 11 निजी सेंटरों पर निःशुल्क अल्ट्रासाउंड करा सकेंगी महिलाएं

**बोकारो।** बोकारो जिले के 11 निजी अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों में गर्भवती महिलाएं निःशुल्क अल्ट्रासाउंड करा सकेंगी. डीसी विजया जाधव के निर्देश पर झारखंड सरकार के जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत उक्त क्लिनिकों के साथ एमवोयू किया गया है. अल्ट्रासाउंड जांच का शुल्क (प्रति महिला 425 रुपए) विभाग की ओर से सीधे निजी क्लिनिक को भुगतान किया जाएगा. डीसी ने चयनित क्लिनिकों को हिदायत दी है कि अल्ट्रसाउंड करने में आनाकानी करने या गर्भवती महिलाओं को बेवजह परेशान करने की स्थिति में उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. सदर अस्पताल बोकारो सहित जिन निजी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक या /अस्पतालों के साथ एमओयू किया गया है उनमें लाइफ लाइन अस्पताल चास, कल्याण डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर पेटरवार,मां शारदे एडवांस अल्ट्रासाउंड सेंटर गोमिया, मां मनसा अस्पताल जैनामोड़ व चेस्ट अस्पताल (अल्ट्रासाउंड सेंटर) जैनामोड़ शामिल हैं.

### हजारीबाग में श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई मां की पूजा

# मां का आशीर्वाद लेने पहुंचे विधायक, सदर एसडीओ व राजनीतिक दल के नेता और गणमान्य लोग



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** हजारीबाग प्रेस क्लब में दूसरी बार मां सरस्वती की पूजा भव्य और ऐतिहासिक रूप से संपन्न हो रही है, विद्या, बुद्धि और संगीत की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा को मंत्रोच्चारण के बीच विधिपूर्वक स्थापित किया गया, और पूरे श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान पूरे भवन परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया है, जिससे आयोजन का सौंदर्य और भी बढ़ गया। पूजन कार्यक्रम की शुरूआत सुबह करीब 11 बजे मंत्रोच्चारण के साथ हुई। पुजारी ओमप्रकाश मिश्रा एवं अजय मिश्रा ने विधि विधान से पूजा अर्चना करवाया, यजमान के रूप में हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह के साथ उनकी धर्मपत्नी,सचिव विस्मय अलंकार के साथ उनकी धर्मपत्नी, पूजा कमेटी के अध्यक्ष दीपक सिंह,सदस्य भव्या कुमार सहित कई लोगों ने पूजा अर्चना किया। पूरे विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न कर श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। लगभग एक घंटे की पूजा-अर्चना के बाद भक्तों के बीच बुंदिया प्रसाद का वितरण किया गया। श्रद्धालु भक्तिभाव से प्रसाद ग्रहण कर मां सरस्वती की कृपा प्राप्त करने के लिए उत्साहित दिखे। पूजा स्थल पर शहर के कई गणमान्य व्यक्ति,पत्रकार, बुद्धिजीवी, लेखक, शिक्षाविद और समाजसेवी उपस्थित होकर मां सरस्वती के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। जिसमें हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद,सदर एसडीओ राम किशोर प्रसाद, सदर सी.ओ मयंक भूषण,जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकरण पांडे सहित कई लोग उपस्थित हुए। हजारीबाग प्रेस क्लब के सदस्यों ने पूरे समर्पण और श्रद्धा के साथ इस पावन अवसर को सफल बनाने में योगदान दिया।

# दारुल उलूम गौसिया रिजविया दलांगी में शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी प्रखंड के दलांगी स्थित दारुल उलूम गौसिया रिजविया में .फरवरी से वार्षिक परीक्षा का शुभारंभ हुआ। ये परीक्षा 6.फरवरी गुरुवार तक जारी रहेगा। इस परीक्षा में कुल 497 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सभी छात्राओं ने पूरे उत्साह और तैयारी के साथ परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा में उपस्थित बच्चे नर्सरी से 77, एलकेजी से 58, यूकेजी से 44, पहली कक्षा से 92, कक्षा दो से 36, कक्षा तीन से 36, कक्षा चार से 37, कक्षा पांच से 34, कक्षा छह से 45, और कक्षा सात से 38 विद्यार्थि शामिल हुए। प्रिंसिपल मौलाना अकबर अली मिस्बाही. और मौलाना शहबाज, मौलाना शहनवाज कारी असलम रजा मास्टर शहबाज और मास्टर नईम ने मिलकर शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से परीक्षा करवाने में सहयोग हैं । यह परीक्षा गुरुवार को समाप्त हो जाएगी।

# झलकडीहा में पंचायत सचिव की तबियत बिगड़ने से मौत



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झलकडीहा पंचायत के झलकडीहा निवासी पंचायत सचिव शिकार मरांडी 50 वर्षीय का रविवार की शाम को अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई ।बताया गया कि मृतक वर्तमान में देवरी प्रखंड में पंचायत सचिव के रूप में पदस्थापित थे रविवार की शाम को अचानक तबियत बिगड़ने के कारण एंबुलेंस को फोन कर के बुलाया जा रहा था लेकिन उसके पहले ही उन्होंने अपने आवास पर ही दम तोड़ दिया,वो अपने पीछे अपनी पत्नी के अलावे एक पुत्र ओर चार पुत्री को पीछे छोड़कर चले गए ।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। परिजनों के रोने-बिलखने से माहौल गमगीन हो गया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के मधवाडीह पंचायत के बरियारपुर निवासी चुन्ना सिंह 40 वर्षीय की भी अचानक तबियत बिगड़ने से मौत हो गई बताया गया कि चुन्ना सिंह का तबियत खराब चल रहा था ।लंबे समय से उनका इलाज चल रहा था सुचना पाकर स्थानीय मुखिया सिद्दीक अंसारी,पंचायत समिति प्रतिनिधि, मृतक के घर पहुंचे और परिवार वालों को हर संभव मदद करने का अश्वासन दिया।

## शादी समारोह में फायरिंग, एक घायल

**धनबाद।** गोविंदपुर ऊपर बाजार स्थित अग्रसेन धर्मशाला में रविवार की देर रात कृष्णा उर्फ हिप्पी विश्वकर्मा की बेटी की शादी के हर्ष फायरिंग में एक व्यक्ति घायल हो गया. घायल श्याम सुंदर विश्वकर्मा को आनन-फानन में एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है. इस मामले में दो लोगों के खिलाफ गोविंदपुर थाने में मामला दर्ज किया गया है. पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली ने बताया कि घायल श्याम सुंदर विश्वकर्मा के फर्द बयान पर लड़की के पिता कृष्णा विश्वकर्मा व गोली चलाने वाले धनबाद के तपोवन निवासी विकास सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट व हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया गया है. बाद में श्यामसुंदर को बेहतर इलाज के लिए पाटलिपुत्र नर्सिंग होम जोड़ा फाटक रोड में भर्ती कराया गया. ज्ञात हो कि लड़का पक्ष बाघमारा से बारात लेकर आया था. गोली चलने के बाद धर्मशाला में भगदड़ मच गई.

### धूमधाम से मनाई गई बसंत पंचमी

# श्रद्धा और विश्वास के साथ हुआ सरस्वती पूजन

*भक्तों ने बहुत ही भक्ती भाव से मां को ध्यानपुर्वक स्मरण करते हुए मन्नते मांगी और पूरे विश्व की कल्याण के लिए कामना की*



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पूजा स्थलों पर सरस्वती पूजन विश्वास और श्रद्धा के साथ सोमवार को किया गया। इसको लेकर छात्र-छात्राओं में काफी उमंग व उत्साह का माहौल बना रह। कई जगहों पर आकर्षक पूजा पंडाल निर्माण के साथ अच्छी सजावट की गई। मां सरस्वती का पट खुलते ही विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का आना-जाना पूरे दिन लगा रहा।वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडितों ने जगत जननी मां शारदे की पूजा करवाया, भक्तों ने बहुत ही भक्ती भाव से मां को ध्यानपुर्वक स्मरण करते हुए मन्नते मांगी और पूरे विश्व की कल्याण के लिए कामना की। विभिन्न सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थानों में भी सरस्वती प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। छात्र - छात्राओं ने अपने अपने घरों में भी सरस्वती प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना में लगे रहे। बुजुर्ग और गणमान्य लोग विभिन्न पूजा स्थलों पर जाकर मां सरस्वती का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। इस अवसर पर चारों तरफ बज रहे भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय बना रहा।पूजा के अवसर पर कई जगह भक्ति जागरण का भी कार्यक्रम किया गया है वहीं आपसी सौहार्द को बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशाशन भी अलर्ट मोड में दिखे ताकि पूजा से लेकर विसर्जन तक शांति व्यवस्था कायम रहे, वहीं शराब पीकर हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर है।

# श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ मनाई गई विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली मे माता सरस्वती की पूजा अर्चना पूरे श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ पूर्ण मनोयोग से की गई। विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, आचार्य राजीव रंजन लाल सपत्नीक, आचार्य विनीत कुमार वर्मा विद्यालय के आचार्य बंधु- भगिनी एवं भैया- बहन पूजा में सम्मिलित हुए। विद्यालय के अध्यक्ष, डॉ प्रदीप कुमार सिंह, सचिव डॉक्टर जयप्रकाश आनंद एवं समिति के अन्य पदाधिकारीगण माता सरस्वती पूजन में सम्मिलित हुए। पूरा विद्यालय ने माता सरस्वती की पूजा अर्चना पूरे भक्ति भाव के साथ की। गौरतलब है कि माता सरस्वती की पूजा अर्चना में विद्यालय के भैया- बहनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और उन्होंने माता सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त किया । माता सरस्वती का पूजन पुजारी प्रेम कुमार पांडे ने संपन्न कराया। मां सरस्वती की प्राण प्रतिष्ठा सह मां की प्रतिमा स्थापित किया गया एवं पूरे विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ माता सरस्वती की पूजा हुई। माता सरस्वती के मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया ।विद्या भारती योजना अनुसार आज नन्हे - मुन्ने बच्चों का अक्षरारंभ संस्कार किया गया। इस संस्कार में लगभग 101 बच्चे माँ सरस्वती के समक्ष विद्यारंभ किया ।मौके पर काफी संख्या में बच्चे और अभिभावक उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना में पूरा विद्यालय परिवार पूरे भक्ति भाव के साथ सम्मिलित हुआ। पूजन कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अनिल कुमार, राजीव रंजन, कार्यक्रम प्रमुख आचार्य जयप्रकाश महतो रवि रंजन, सुमन आनंद, रामेश्वर गोस्वामी, पूनम दीदी जी, आचार्य बंधु- भगिनी एवं भैया- बहन अभिभावक गण एवं गणमान्य व्यक्ति सम्मिलित हुए।

## रणजीत नारायण सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया सरस्वती पूजा



**नवीन मेल संवाददाता। सिसई (गुमला)** सिसई प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कुदरा, सिसई स्थित रणजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर एवं सरस्वती शिशु मंदिर सिसई में विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से की गई। पंडित राजकुमार पौराणिक ने यजमान प्रधानाचार्य के साथ षोडशोपचार मंत्र से मां सरस्वती का स्नान एवं पूजन सम्पन्न कराया। तत्पश्चात पूरे विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा ने बताया कि विद्या भारती योजना के अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर में आज विद्यालय प्रभारी बद्री नारायण जी की अगुवाई में इस पावन दिवस पर सोलह संस्कारों में एक अक्षरारंभ संस्कार अनेक नौनिहालों को सम्पन्न कराया गया। इसमें बच्चों को अक्षर लिखना सिखाया जाता है। इससे बच्चों में अच्छे सामाजिक एवं नैतिक गुण विकसित होते हैं। वहीं अभिभावकों व आचार्यों के दिल में भी उनके प्रति दायित्व की भावना विकसित होती है। पूजा के पश्चात सभी भैया बहनों, अभिभावकों एवम् दर्शनार्थियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** गुमला सदर थाना क्षेत्र के महादेव नदी कुलाबिरा पुल के पास अपराध की योजना बना रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापेमारी दल ने मौके से कुलाबिरा निवासी गंदुर साहू, कुम्हरिया निवासी वृंदा साहू और भभरी निवासी कलेश्वर साहू को धर दबोचा। पुलिस ने उनकी तलाशी के दौरान एक देसी कट्टा, .315 बोर की आठ जिंदा गोलियां, एक देसी रायफल और एक प्रो बाइक बरामद की। तीनों को आज सोमवार को जेल भेज दिया गया। एसडीओ सुरेश प्रसाद यादव ने बताया कि कलेश्वर साहू पहले भी लूट और रंगदारी के मामलों में जेल जा चुका है, जबकि वृंदा साहू के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा किया और इसे क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में बड़ी सफलता बताया।

## गावां में बर्णवाल धर्मशाला निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**गिरिडीह।** बर्णवाल समाज के सहयोग से गावां बाजार में बरनवाल धर्मशाला का निर्माण होना है. इसके लिए सोमवार को भूमि पूजन किया गया. भूमि पूजन पंडित विनोद उपाध्याय ने संपन्न कराया. कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग मौजूद रहे. बर्णवाल समाज के अध्यक्ष भगवान दास बर्णवाल ने कहा कि धर्मशाला बन जाने से बर्णवाल समाज के साथझसाथ अन्य समाज के लोगों को भी काफी सुविधा मिलेगी.

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारम्बार करना पड़ सकता है। - श्री श्री परमहंस योगदानंद

## संपादकीय

### दिल्ली में रेवड़ी की होड़ में असली मुद्दे गौण

दिल्ली की राजनीति के केंद्र में रहे झुग्गी-झोपड़ियां के पुनर्निर्माण में जो भी दिक्कतों का सामना दिल्ली सरकार को करना पड़ रहा है। उसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही दूर कर सकती है, क्योंकि कई कानूनों में बदलाव केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद ही संभव है। जैसे-जैसे दिल्ली चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे ही चुनाव प्रचार का स्तर भी लगातार नीचे गिरता जा रहा है। राज्य की सत्ता पाने के लिए नेता किसी भी हद तक गिरी हुई बोली का इस्तेमाल कर रहे हैं। जो दिल्ली वालों को पसंद नहीं आ रही है। इस बार के चुनाव में कोई भी नेता मूलभूत सुविधाओं की चर्चा नहीं कर रहा है। सभी पार्टियों रेवड़ी की राजनीति करने में व्यस्त हैं। दिल्ली की जनता को यह जानने का भी पूरा अधिकार है कि इन सभी योजनाओं के लिए सरकार पैसा कहां से जुटाएगी। इसके साथ ही जनता भी सभी पार्टियों के घोषणा पत्र को कड़ी नजर से देख रही है और जहां भी उसे ज्यादा फ्री की सुविधाएं मिलने की संभावना है, उसका झुकाव भी उसी तरफ बढ़ रहा है। यह झुकाव हमारे लोकतंत्र के लिए एक अच्छा संकेत नहीं है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मुद्दा बनाया गया दिल्ली का मुख्यमंत्री आवास इस बार राजनीति के केंद्र में है, क्योंकि यह एक सैद्धांतिक मामला है। पिछले चुनाव में अरविंद केजरीवाल ने सरकारी आवास में रहने से इनकार कर दिया था, लेकिन इसके बाद उन्होंने 8 बंगलों को तोड़कर एक बड़ा बंगला बनाया है। इस नए बंगले में लगभग 50 करोड़ से अधिक रुपए लगे हैं। तो यह कहीं ना कहीं केजरीवाल के सिद्धांत वादी विचारों से हटने की ओर साफ संकेत कर रहा है। इसके साथ आप के मुखिया केजरीवाल सरकारी सुरक्षा लेने से भी इनकार करते थे लेकिन अब उनके साथ लगभग 100 से अधिक सुरक्षाकर्मी चलते हैं। जोकि एक अपने सिद्धांत और बातों से पीछे हटने की घटना है। जिसे हल्के में नहीं लिया जा सकता है। इस बार के चुनाव में दिल्ली की जनता कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार को भी एक मुद्दा बनाते हुए मतदान करेगी।अरविंद केजरीवाल जोकि भ्रष्टाचार के खिलाफ राजनीति करके सत्ता में आए थे, लेकिन वह खुद भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में गए और उनके साथ पार्टी के कई नेताओं को भी जेल हुई थी। यही प्रमुख वजह है कि अरविंद केजरीवाल इस बार के चुनाव में खुद को 'कट्टर ईमानदार' नहीं कह पा रहे हैं। इसलिए दिल्ली की जनता को इस बार के चुनाव में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और पानी जैसे मूल मुद्दों को लेकर निश्चित रूप से मतदान करना चाहिए। विपक्ष की स्थिति बहुत कमजोर है और वह अब तक 'इंडिया गठबंधन' को लेकर भी अपना कोई खास रूप स्पष्ट नहीं कर सकी है। हालांकि झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में रेवड़ी संस्कृति की सफलता से आप पार्टी को आस है पर दिल्ली में मामला फ्लॉप हुआ तो देश भर में प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इन्होंने ही इसकी शुरुआत की थी।

*राज्य की सत्ता पाने के लिए नेता किसी भी हद तक गिरी हुई बोली का इस्तेमाल कर रहे हैं।*

# खेलो इंडिया अब हर एथलीट की यात्रा का एक बड़ा हिस्सा क्यों है?



सात वर्ष पूर्व, हमने 2018 में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) के शुभारंभ के साथ एक आंदोलन की ज्योति प्रज्वलित की थी। आज जब मैं देखता हूं कि हम इस मामले में कितना आगे निकल चुके हैं, तो मुझे बेहत गर्व होता है, न केवल उन पदकों के लिए जो हमने जीते हैं, बल्कि जिस तरह से खेलो इंडिया ने हमारे देश में खेलों के मूल स्वरूप में बदलाव किया है, उसको देखते हुए भी यह अनुभूति होती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संकल्पित, खेलो इंडिया कभी भी केवल पदक जीतने के संदर्भ से जुड़ा नहीं था, सही मायने में यह खेलों के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित करने के साथ-साथ एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने की परिकल्पना थी, जहां हर बच्चे को खेलने और समग्र रूप से विकसित होने का अवसर मिले।

आज, यह आंदोलन खेलो इंडिया गेम्स के 16 संस्करणों में विस्तारित एक बहुआयामी राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में विकसित हो चुका है, यह एक ऐसी पारिस्थितिकी व्यवस्था बना रहा है जो युवा प्रतिभाओं का पोषण करती है, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करती है और खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत के एक प्रमुख वैश्विक खेल राष्ट्र बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की आधारशिला भी रखती है।

खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) के उद्घाटन ने भारत में जमीनी स्तर की खेल क्रांति की दिशा तय की है। विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपार संभावनाओं को पहचानते हुए, केआईएसजी ने युवा एथलीटों के लिए अंतर-स्कूल प्रतियोगिताओं से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में शामिल होने के लिए एक व्यवस्थित मार्ग बनाया। पिछले कुछ वर्षों में, इस पहल ने हजारों एथलीटों की पहचान की है और उनका पोषण किया है, जिनमें से कुछ ओलंपिक और एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा उदाहरण खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनु भाकर हैं, जिन्होंने स्कूल गेम्स से यूनिवर्सिटी गेम्स में पदार्पण किया और वह पेरिस ओलंपिक में दोहरी कांस्य पदक विजेता बनीं।

खेलो इंडिया गेम्स के व्यापक ढांचे में केआईएसजी के विस्तार के साथ, जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान अधिक मजबूत हो चुकी है। विद्यालय, छोटी आयु की प्रतिभाओं के केंद्र बने हुए हैं और खेलो इंडिया ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि इन युवा एथलीटों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण के साथ-साथ बुनियादी सुविधाएं और प्रदर्शन करने के अवसर मिलें। आज, खेलो इंडिया के विद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर के चैंपियन उच्चतम स्तर पर पदक जीत रहे हैं और यह कार्यक्रम की प्रभावशीलता का प्रमाण है।

अपनी स्थापना के बाद से, खेलो इंडिया ने अपने खेलों के 16 संस्करण आयोजित किए हैं, जिनमें छह युवा खेल, चार विश्वविद्यालय खेल, पांच शीतकालीन खेल और एक पैरा-खेल शामिल हैं। प्रत्येक संस्करण ने भारत के खेल परिदृश्य में नए आयाम पेश किए हैं।

स्कूली खेल और उसके बाद के युवा खेल अब युवा एथलीटों के लिए प्रमुख प्रतियोगिता और भारत के भावी ओलंपियनों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिभा-खोज कार्यक्रम बन चुके हैं। इस विस्तार ने प्रतिस्पर्धा के विभिन्न स्तरों पर एथलीटों के लिए एक सहज प्रोत्साहन मार्ग सुनिश्चित किया है, जिससे भारत की खेल श्रृंखला मजबूत हुई है।

खेलो इंडिया सिर्फ़ एथलीट पहचान कार्यक्रम से कहीं आगे बढ़ चुका है। अब इसमें कॉर्पोरेट, राज्य सरकारें, निजी अकादमियां और जमीनी स्तर के संगठन समेत कई हितधारक शामिल हैं। निजी क्षेत्र की भूमिका काफ़ी बढ़ गई है, जिसमें निगम प्रायोजन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और एथलीट मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्यम से खेल विकास में निवेश कर रहे हैं। सरकार, राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और कॉर्पोरेट संस्थाओं के साथ भागीदारी के ज़रिए लक्षित समर्थन सुनिश्चित करके खेलों में कॉर्पोरेट जुड़ाव को और बढ़ाने के लिए "एक कॉर्पोरेट, एक खेल" पहल शुंभारभ कर रही है।

राज्य सरकारों ने भी पहल की है, क्षेत्रीय खेल प्राथमिकताओं के आधार पर खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) का प्रस्ताव दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खेल विकास स्थानीय ज़रूरतों के अनुरूप हो। इसके अलावा, देश के विभिन्न क्षेत्रों में ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र (ओटीसी) स्थापित करने की योजनाएं हैं। ये विश्व स्तरीय उच्च प्रदर्शन केंद्र पैरा-स्पोर्ट्स और स्वदेशी खेलों सहित शीर्ष एथलीट प्रशिक्षण प्रदान करेंगे और अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचे, खेल विज्ञान और खेल चिकित्सा सुविधाओं से लैस होंगे। इसके अलावा, उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए राज्य उत्कृष्टता केंद्र (एससीओई) स्थापित किए जाएंगे, जो प्राथमिकता वाले खेलों में एथलीटों का समर्थन करेंगे।

समावेशिता खेलो इंडिया की आधारशिला रही है, और 'अचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिंग वीमेन थ्रू एक्शन' (एएसएमआईटीए) लीग जैसी पहलों ने खेलों में महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2021 में अपनी शुरुआत के बाद से, एएसएमआईटीए ने 880 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है जिससे मीराबाई चानू जैसी ओलंपिक पदक विजेता सहित 1,00,000 से अधिक महिला एथलीटों को लाभ मिला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा ग्रामीण भारत और छोटे शहरों के एथलीटों का समर्थन करने के महत्व पर बल दिया है, जिन्हें अक्सर अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता होती है। खेलो इंडिया के माध्यम से, हमने सुनिश्चित किया है कि वित्तीय बाधाओं के कारण प्रतिभा पीछे न छूट जाए। खेलो इंडिया के अंतर्गत महिला फुटबॉल लीग अरुणाचल प्रदेश के मोनिगोंग जैसे दूरदराज के इलाकों तक भी पहुंच गई है, इससे संगठित खेल गतिविधियों से अछूते क्षेत्रों में खेल भागीदारी को बढ़ावा मिला है। पैरा-एथलीटों के लिए, खेलो इंडिया पैरा गेम्स ने एक समावेशी मंच प्रदान किया है, जिसके तहत अब कई एथलीट पैरालिंपिक जैसे वैश्विक आयोजनों के लिए क्वालिफाई कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, इस पहल ने योगासन, मल्लखंब, कलारीपयट्टू, थांग-ता और गतका जैसे स्वदेशी खेलों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है तथा उन्हें खेलो इंडिया यूथ एंड यूनिवर्सिटी गेम्स में एकीकृत करके उनके संरक्षण और विकास को सुनिश्चित किया है। स्वदेशी खेलों को और बढ़ावा देने के लिए कबड्डी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों के लिए भारत-आधारित अंतर्राष्ट्रीय महासंघों की स्थापना करने का प्रयास किया जाएगा, जिसका उद्देश्य विश्व चैंपियनशिप का आयोजन करना और अंतर्राष्ट्रीय बहु-खेल आयोजनों में उनके समावेशन की दिशा में कार्य करना है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**डॉ. मनसुख मांडविया**
केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम व रोजगार मंत्री

### सैफ पर हमला: नहीं थम रहा सवाल-जवाब का सिलसिला

यह न तो किसी फिल्म का हिस्सा है और न ही कोई स्टंट। फिल्म अदाकार सैफ अली खान अपने घर पर 16 जनवरी की आधी रात बाद बदनीयत से घुसे एक आरोपी के प्राणघातक हमले से बुरी तरह जख्मी हो खून से लथपथ हो जाते हैं। शेरदिल सैफ अपने छोटे बच्चे के साथ ऑटो में बैठकर अस्पताल पहुंचते हैं। घायल सैफ को पहचानते ही अस्पताल में तहलका मचता है। हैसियत के अनुसार बेहतर इलाज मिलता है। खबरिया चैनलों में घटना को दिखाने की होड़ मचती है। देखते ही देखते एक सेलेब्रिटी पर हमला हर जुबान पर होता है। लोग अपने-अपने कयास लगाते हैं। मुंबई पुलिस पर उंगली उठती है। हड़बड़ाहट में पुलिस को जो सुराग, सबूत हाथ लगते हैं उसी पर काम शुरू हो जाता है। सीसीटीवी फुटेज मिलते ही पलक झपकते हर मोबाइल पर पहुंच जाती है।

कई घण्टे बल्कि दिन पुलिस खाली हाथ रहती है। धीरे-धीरे सुराग मिलने के दावे होते हैं। तीन संदेहियों की बात होती है। हद तो तब हो जाती है जब छत्तीसगढ़ जा रहे कथित आरोपी की फोटो जारी हो जाती है जिससे उसकी न केवल नौकरी चली गई बल्कि होने वाली शादी भी टूट गई। उससे हाथ कुछ नहीं लगा। काफी मशक्कत, किरकिरी और नाक के सवाल के बीच 35 पुलिस टीमों की 60 घण्टों की भागदौड़ से 19 जनवरी को कथित असली आरोपी हाथ लगता है। इसे बांगलादेशी घुसपैठिया शरीफुल इस्लाम शहजाद बताया जाता है। दूसरी ओर बांगलादेश में बैठा उसका पिता देखते ही साफ इनकार करता है कि सीसीटीवी में दिख रहा शख्स उनका बेटा नहीं है। इसी बीच फुटेज और पकड़ाए आरोपी के अलग-अलग हुलिए पर नई बहस और कई तर्क-कुतर्क शुरू हो जाते हैं। वाकई दोनों अलग-अलग दिखते हैं जो पहली नजर में समझ आता है। देश की सबसे स्मार्ट कहलाने वाली मुंबई पुलिस अपने ही जारी वीडियो पर घिर जाती है। बात तकनीक से पहचान तक आती है। वहीं दूसरे आम जानकार भी सवाल उठाते हैं। आम और खास सभी फुटेज और गिरफ्तार आरोपी के चित्रों का मिलान करते हैं और संदेहों की झड़ी लग जाती है। सी.सी.टी.वी. में बाल काले हैं आरोपी के बाल थोड़े से सफेद हैं। दोनों की उम्र भी अलग-अलग झलकती है। पकड़ा गया उम्र दराज लगता है तो फुटेज वाला बनिस्बत युवा। माथे का आकार-प्रकार भी अलग-अलग दिखता है। सीसीटीवी वाले का माथा पकड़ाए आरोपी की तुलना में छोटा है। आँखों में भी साफ अंतर है। पकड़ाए आरोपी की आँखें थोड़ी चौड़ी और बादाम के आकार सी है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**ऋतुपर्ण दवे**

## दिल्ली चुनाव ने विपक्षी खेमें में मचाकर रख दी है खलबली

दिल्ली देश की राजधानी है। यह एक छोटा सा प्रदेश भी है। इस छोटे प्रदेश में अभी विधानसभा के चुनाव होने को हैं और इस चुनाव को देश में एक बड़े राजनैतिक घटना के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसा इसलिए कि एक तरफ जहाँ इंडी गठबंधन में दरार के संकेत मिल रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ इस चुनाव को लेकर फिर से भारतीय लोकतंत्र के खतरे की दुहाई दी जा रही है। इस चुनाव की घोषणा होते ही इंडी गठबंधन के सहयोगी दल अब अलग अलग राग अलापने लगे हैं। इस राग में कांग्रेस को भाजपा की बी टीम तक कहा जा रहा है। इसी बहाने अब आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को गठबंधन से बाहर करने की मांग तक रख दी है और वह दिल्ली में कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने तक को राजी नहीं हैं। यह संकेत कोई सामान्य सी बात नहीं है क्योंकि कांग्रेस ने भी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र को मैदान में उतारकर उसे हद में रहने का साफ संकेत दे दिया है।

इसी तरह, महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हार चुके शरद पवार को भाजपा प्रिय लगने लगी है। उम्र के अंतिम पड़ाव पर खड़े पवार साहब को यदि संघ जैसा कोई नहीं लग रहा है और भाजपा के प्रचंड विजय के पीछे संघ नजर आ रहा है तो उनके इस हृदयपरिवर्तन को कोई सहज विषय नहीं माना जा सकता। यही हाल इंडी गठबंधन के उद्धव ठाकरे का भी है। भाजपा के हाथों खंडित हो चुके इस गुट को अब कहीं न कहीं अपना वजूद संकट में नजर आ रहा है और ये भी भाजपा की तर्ज पर हिंदुत्व का राग अलापने लगे हैं। ऐसे में, हिम्मत हार चुके महाराष्ट्र के इन दोनों योद्धाओं को लेकर यह कयास लगाया जा रहा है कि वो दिन भी दूर नहीं जब ये इंडी गठबंधन के बजाय भाजपा के सहयोगी बने हुए नजर आने लगें। इंडी गठबंधन की इस असंतुष्ट कड़ी में बंगाल की शेरनी ममता बनर्जी का नाम भी शामिल हैं जिनके बगैर इस गठबंधन की कल्पना नहीं की जा सकती। इंडी की अगुवाई करने का मन बनाये बैठी ममता उस शख्सियत का नाम है जो भाजपा से जूझने का माद्दा तो रखती है परन्तु उन्हें यह भी पता है कि राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा से पंगा लेने की ताकत सिर्फ कांग्रेस के पास है। इसके बावजूद उन्हें भ्रम है कि गठबंधन के दूसरे सहयोगी आज न कल उनका नेतृत्व स्वीकार करके रहेंगे। कुछ ऐसी ही महत्वाकांक्षा समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव ने भी पाल रखी है। भाजपा से मोर्चा लेने का दंभ भरनेवाले श्री यादव के पास इंडी गठबंधन के अंदर दूसरा सबसे बड़ा संख्या बल है परन्तु अल्पसंख्यक मतों सहित विभिन्न कारणों से कांग्रेस को लेकर उनके मन में भी भय है। कांग्रेस के लिए यही चुनौती लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल की ओर से भी नजर आ रहा है। राजद भले कांग्रेस का अखंड सहयोगी हो परन्तु बिहार विधानसभा चुनावों से ठीक पहले वहां से भी असंतोष के सुर सुनाई पड़ रहे हैं। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अब बूढ़े हो चले हैं। तेजस्वी उनके उत्तराधिकारी हैं तो उनकी अपनी ठसक है। दल की अपनी राजनैतिक मजबूरियां हैं और कांग्रेस के सामने राजद के वजूद की फिक्र से वे भी मुक्त नहीं हैं। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनावों के बाद नेशनल कांफ्रेंस के नेता और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के स्वर भी कांग्रेस को लेकर तल्ख हैं। अब तो वहाँ से भी यह आवाज आ रही है कि इंडी गठबंधन का न कोई एजेंडा है और न नेता। दरअसल अब्दुल्ला साहब का काम निकल चुका है और भाजपा से पंगा लेने के बजाए वे आगामी पांच वर्षों तक निर्विघ्न तौर मुख्यमंत्री बने रहना चाहते है। ऐसे में, उनकी भलाई इसी में है कि निसंकोच भाव के साथ कांग्रेस से छुट्टी ले ली जाए। अब बात आती है इंडी गठबंधन के सबसे बड़े दल कांग्रेस की। कांग्रेस के साथ सबसे बड़ी ताकत उसकी अपनी विरासत है। हार का रिकॉर्ड बनाने के बावजूद इसके सामने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान का कोई संकट नहीं है। उसे पता है कि वर्ष 2014 से देश की राजनीति को कांग्रेस विहीन बनाने में लगी भाजपा को अभी तक सफलता हाथ नहीं लग सकी है। कांग्रेस पर एक परिवार के नेतृत्व का गंभीर और वास्तविक आरोप जरूर लगता है लेकिन भाजपा के खिलाफ केवल कांग्रेस ही है जो लगभग सभी प्रदेशों में डटी हुई है। यह एक बड़ा कारण है कि आप की तरह यह न तो भाजपा की बी टीम नहीं बनी, न कांग्रेसियों के बड़ी संख्या में भाजपाई बन जाने के बावजूद हिम्मत हारती दिखी और न ईडी सीबीआई के सामने हथियार डालती नजर आई। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**केदारनाथ दास**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

स्वागत को श्रृंगार कर, लता, बेल हर बार।
मधुऋतु मुसुकाती, उधर, झुकते हरसिंगार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## कैंसर : यह लड़ाई अकेले की नहीं बल्कि हम सबकी साझा जिम्मेदारी

कैंसर एक ऐसा शब्द जो सुनते ही दिल की धड़कनों को थाम लेता है, मन में भय, अनिश्चितता और असहायता का तूफ़ान खड़ा कर देता है। यह महज़ एक बीमारी नहीं, बल्कि एक ऐसी चुनौती है जो न सिर्फ़ शरीर को, बल्कि आत्मा को भी झकझोरती है। यह न केवल मरीज़ को, बल्कि उसके परिवार, दोस्तों और समाज के हर उस शख्स को प्रभावित करती है, जो उससे जुड़ा होता है। लेकिन क्या कैंसर का मतलब सिर्फ़ हार है? कतई नहीं। आज का दौर विज्ञान और चिकित्सा के अभूतपूर्व विकास का गवाह है। कैंसर अब लाइलाज नहीं रहा। अगर समय रहते इसका पता चल जाए और सही इलाज मिले, तो यह जंग जीती जा सकती है। यह लड़ाई सिर्फ़ शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक दृढ़ता की भी कसौटी है। हर वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाने वाला विश्व कैंसर दिवस इसी संघर्ष का प्रतीक है। जागरूकता, एकजुटता और जीवन के प्रति सम्मान का दिन। यह हमें याद दिलाता है कि कैंसर के खिलाफ लड़ाई अकेले की नहीं, बल्कि हम सबकी साझा जिम्मेदारी है, जिसमें हर कदम पर उम्मीद और हौसला साथ चलते हैं।

"यूनाइटेड बाय यूनीक" (2025-2027) की थीम हमें सिखाती है कि हर मरीज़ की कैंसर यात्रा अनूठी होती है। उनकी कहानियाँ, चुनौतियाँ और साहस का रूप अलग होता है। हमें न सिर्फ़ उनकी चिकित्सा ज़रूरतों को समझना चाहिए, बल्कि उनके भावनात्मक और सामाजिक पहलुओं को भी अहमियत देनी चाहिए। यह थीम इस बात पर ज़ोर देती है कि तकनीक और मानवता का तालमेल इस जंग में एक मजबूत हथियार है। जब विज्ञान और संवेदनशीलता एकजुट होते हैं, तो चमत्कार संभव हैं। इस विश्व कैंसर दिवस पर आइए संकल्प लें कि हम न सिर्फ़ जागरूक रहेंगे, बल्कि दूसरों को भी जागरूक करेंगे। हर जीवन अनमोल है, और हर संघर्ष में आशा की किरण हमेशा मौजूद रहती है। कैंसर वैश्विक स्तर पर मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण है, जो हर साल लाखों ज़िंदगियों को लील जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2018 में कैंसर ने 9.6 मिलियन लोगों की जान ली। भारत भी इस त्रासदी से अछूता नहीं है। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) की चेतावनी है कि 2020 से 2025 के बीच कैंसर के मामलों में 12.8% की भयावह बढ़ोतरी हो सकती है। 2022 में भारत में कैंसर के 14,61,427 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 7,49,251 महिलाएँ और 7,12,176 पुरुष थे। पुरुषों में फेफड़े, मुंह, प्रोस्टेट और पेट का कैंसर प्रमुख है, जबकि महिलाओं में स्तन, गर्भाशय ग्रीवा और अंडाशय का कैंसर ज़्यादा देखा जाता है। ये आँकड़े सिर्फ़ संख्याएँ नहीं, बल्कि हर एक अधूरी कहानी, बिखरे परिवार और टूटे सपनों का प्रतीक हैं। यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम इस अदृश्य दुश्मन के प्रति सजग हैं? क्या हमारी जीवनशैली और स्वास्थ्य प्रणाली इस चुनौती से निपटने के लिए तैयार है? कैंसर के प्रति जागरूकता का अभाव एक गंभीर मसला है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में, जहाँ स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सीमित और जानकारी का प्रसार अधूरा है, वहाँ समय पर निदान और उपचार एक विकट चुनौती है। प्रारंभिक लक्षणों को पहचानना जीवनरक्षक हो सकता है। लगातार थकान, बेवजह वज़न घटना, त्वचा का असामान्य रंग, निगलने में दिक्कत, अप्रत्याशित रक्तस्राव या शरीर में असामान्य गांठ- ये सभी कैंसर के संभावित संकेत हो सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इन पर समय रहते ध्यान दिया जाए, तो कैंसर को शुरुआती चरण में ही काबू किया जा सकता है। लेकिन भारत में जागरूकता की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं की अपर्याप्तता इस बीमारी को और घातक बनाती है। ग्रामीण इलाकों में स्थिति और चिंताजनक है, जहाँ अंधविश्वास और पारंपरिक मान्यताएँ लोगों को समय पर चिकित्सा सहायता लेने से रोकती हैं। कैंसर के जटिल कारणों को समझना इस रोग से लड़ने का पहला कदम है। धूम्रपान और तंबाकू का सेवन इसके प्रमुख कारकों में से हैं, जो भारत में सामाजिक बुराई का रूप ले चुके हैं। अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, अनियमित खान-पान, मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता और बढ़ता पर्यावरणीय प्रदूषण भी खतरे को कई गुना बढ़ाते हैं। आनुवांशिकता और पारिवारिक इतिहास भी कुछ मामलों में अहम भूमिका निभाते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**प्रो. आरके जैन "अरिजीत"**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाड़ं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## संतों ने किया बसंत पंचमी पर अमृत स्नान, कहा-

# जब सनातन धर्म का उत्थान होता है, तभी ऐसा भव्य संगम होता है



**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में साधु-संतों ने बसंत पंचमी के पावन पर्व पर अमृत स्नान किया। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ में एकता का संदेश भी दिया। निर्मोही अखाड़ा के महंत त्रिवेणी दास ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "मैं यहां आकर बहुत ही खुश हूं। महाकुंभ में एक अलग ही तरह की ऊर्जा है और सभी साधु मानवता का संदेश लेकर आज अमृत स्नान कर रहे हैं। निर्मोही अखाड़ा के महंत सुखदास ने कहा कि इस बार का महाकुंभ दिव्य और भव्य है। जब सनातन धर्म का उत्थान होता है, तो तभी ऐसा भव्य संगम होता है। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर मयूरी ने कहा कि मैं देशवासियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देती हूं। मेला प्रशासन, पुलिस और उत्तर प्रदेश सरकार ने बहुत बढ़िया व्यवस्था की है। मैं इसके लिए सरकार का आभार व्यक्त करती हूं, जिस तरह से उन्होंने लोगों की सुविधाओं का ख्याल रखा है। जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामकमलचार्य महाराज ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "आज बसंत पंचमी का अमृत स्नान है और इसे शाही स्नान की श्रृंखला में समापन का अंतिम स्नान भी कहा जाता है।

बसंत पंचमी के अमृत स्नान का काफी महत्व है। आज स्नान को लेकर प्रशासन ने मेला क्षेत्र में अच्छे इंतजाम किए हैं। बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर महाकुंभ में अब तक स्नानार्थियों की संख्या ने 35 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। सोमवार को सुबह 8 बजे तक 62.25 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। इसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की कुल संख्या 35 करोड़ के पार हो गई। अभी महाकुंभ को 23 दिन शेष हैं और पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50 करोड़ के ऊपर जा सकती है। बता दें कि महाकुंभ में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (मंत्रिमंडल समेत) संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

**महाकुंभ अमृत स्नान**

### संतों ने सरकार की व्यवस्था को सराहा, प्रशासन को दिया धन्यवाद



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित भव्य महाकुंभ में सोमवार को वसंत पंचमी के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम पर आध्यात्मिक गुरुओं, श्रद्धालुओं ने अमृत स्नान में आस्था की डुबकी लगाई। संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। अखाड़ों ने अपने भक्तों का नेतृत्व करते हुए सुबह-सुबह संगम की यात्रा शुरू की, जहां उन्होंने गंगा और यमुना के पवित्र संगम में डुबकी लगाई। वसंत पंचमी के साथ वसंत ऋतु का आगमन होने के साथ ही यह त्यौहार ज्ञान और बुद्धि की देवी सरस्वती को भी समर्पित है। कुंभ मेले के दौरान किए जाने वाले अनुष्ठानों में से एक अमृत स्नान को श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रूप से शुद्ध करने वाला माना जाता है और आज, ज्ञान और समृद्धि की थीम के साथ इसका महत्व और भी गहरा हो गया है। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा, "यह स्थान विश्व के कल्याण के लिए है। लोगों का कल्याण और समृद्धि सुनिश्चित हो। यह भारत की एकता और सामाजिक सद्भाव के लिए हमारा स्थान है। लोगों का कल्याण हमारा लक्ष्य है। भारत एकता और एकीकरण की भूमि है।

**महाकुंभ**

## बसंत पंचमी पर पावन स्नान, साधु-संतों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा हुई

**महाकुंभ नगर।** बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को त्रिवेणी संगम में अखाड़े अपने निर्धारित समय और कार्यक्रम के अनुसार पावन स्नान कर रहे हैं। भोर से ही संगम पर अखाड़ों का जाना शुरू हो गया था। बाकी अखाड़े अपने क्रम के अनुसार स्नान के लिए जा रहे हैं। इस दौरान स्नान के लिए श्रद्धालुओं का रेला भी नजर आ रहा है। इस मौके पर हाथों में तलवार-गदा, त्रिशूल, डमरू, शंख और शरीर पर भभूत है। पालकी, घोड़े और रथ की सवारी। हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए साधु-संत स्नान के लिए संगम पहुंच रहे हैं। वसंत पंचमी के मौके पर तीसरा अमृत स्नान कर रहे साधु-संतों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जा रही है। साथ ही भक्त भी दर्शन और चरण रज लेने के लिए खड़े नजर आ रहे हैं। बसंत पंचमी का पर्व महाकुंभ का तीसरा और आखिरी अमृत स्नान है।

- परंपरा के अनुसार सभी अखाड़े अपने-अपने क्रम से पवित्र संगम में अमृत स्नान कर रहे हैं।




## एकता के महाकुंभ के साथ ही वसुधैव कुटुंबकम का संदेश

**महाकुंभ नगर।** बसंत पंचमी पर महाकुंभ में भारत के हर राज्य और हर जाति के लोगों ने एक साथ संगम में अमृत स्नान किया। इसके साथ दुनिया भर के कई देशों के श्रद्धालु भी पहुंचे और 'जय श्रीराम', 'हर हर गंगे', 'बम बम भोले' के उद्घोष के साथ भारतीय जनमानस के साथ घुल-मिल गए। अमृत स्नान पर महाकुंभ नगर में 'एकता का महाकुंभ' नजर आया। यहां भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत विदेशी नागरिकों ने परिवार के साथ पहुंचकर गंगा स्नान किया।

महाकुंभ के इस ऐतिहासिक मौके पर संगम का तट भारतीय और विदेशी श्रद्धालुओं से पूरी तरह से भर गया। आस्था का ऐसा संगम हुआ कि संगम की रेत तक नजर नहीं आ रही थी। हर जगह सिर्फ मुंड ही मुंड नजर आ रहे थे। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम बंगाल,



असम, बिहार, केरल, आंध्र प्रदेश समेत हर राज्य, हर जाति के लोग और अन्य देशों से आए विदेशी नागरिकों ने संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। अमेरिका, इजरायल, फ्रांस समेत कई अन्य देशों के नागरिक गंगा स्नान करते हुए भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत हुए। वे भी 'बम बम भोले' के नारे लगाते हुए उत्साह से झूमते नजर आए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'दिव्य और भव्य महाकुंभ' का अलौकिक आयोजन किया गया है। भारत की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक शक्ति महाकुंभ के इस बार के अद्भुत आयोजन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी महत्ता और भी ज्यादा बढ़ा दी है। महाकुंभ में दुनिया भर के कई देशों के नागरिकों ने भाग लिया और भारत की संस्कृति को अनुभव किया। विदेशी श्रद्धालु भारत की सनातन संस्कृति से गहरे प्रभावित हुए और परिवार के साथ गंगा में स्नान किया। संगम के तट पर 'जय श्री राम' और 'हर हर गंगे' के उद्घोष से माहौल बना और श्रद्धालु श्रद्धा से गंगा में डुबकी लगाते रहे।

## 1 महीने में राहुल गांधी का दूसरा बिहार दौरा, पांच फरवरी को आएंगे पटना

**पटना।** कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पांच फरवरी को बिहार आएंगे।राहुल गांधी इस महीने में लगातार दूसरी बार बिहार आ रहे हैं। राहुल गांधी पांच फरवरी को कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने बताया है कि राहुल गांधी जगलाल चौधरी जयंती समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने एक्स पर बताया कि नेता विपक्ष राहुल गांधी पांच फरवरी को कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में जगलाल चौधरी जयंती समारोह में भाग लेंगे। राहुल गांधी जनवरी पिछले महीने 18 जनवरी को बिहार आए थे। राहुल गांधी ने तब संविधान को लेकर आयोजित हुए कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इस महीने में फिर राहुल गांधी बिहार आ रहे हैं। उनके बिहार दौरे को लेकर सभी तैयारियां की जा रही हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## नई दिल्ली : पीएम ने की छात्रों से बातचीत, कहा- स्टूडेंट्स के भविष्य से खेल रही है 'आप' सरकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली सरकार कैसे अपनी छवि के लिए छात्रों के भविष्य को नुकसान पहुंच रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के छात्रों के साथ खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने सुना है दिल्ली में 9वीं कक्षा के बाद छात्रों को आगे जाने नहीं दिया जाता। जो बच्चे गारंटी है कि पास होंगे, उन्हीं को आगे जाने दिया जाता है, क्योंकि उनका रिजल्ट खराब होगा तो सरकार (आप) की इज्जत खराब हो जाएगी। इसलिए यह बड़ा बेईमानी का काम होता है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 फरवरी को आरके पुरम में एक चुनावी रैली को संबोधित किया था। उन्होंने खुद को जनता का 'सेवक' बताते हुए दिल्लीवासियों को गारंटी दी कि भाजपा की सरकार बनने के बाद वह झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों और मध्यम वर्ग के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

'आप' में मची भगदड़ की ओर इशारा करते हुए पीएम मोदी ने कहा था, "झाड़ू तिनके की तरह बिखर रही है क्योंकि आपदा के नेता इसे छोड़ रहे हैं।" हाल ही में आपदा के आठ विधायकों के भाजपा में शामिल होने के फैसले का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा, "आपदा सरकार दिल्ली के मतदाताओं के सामने बेनकाब हो गई है।"

पीएम मोदी ने आप सरकार के घोटालों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आप नेताओं को जवाब देना होगा और "जिन्होंने लूटा है, उन्हें लौटाना ही पड़ेगा।" बता दें कि दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा, जबकि नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार आज शाम से थम जाएगा।

## रवि मनुभाई परमार पर चल रहा जालसाजी का केस

**ब्यूरो**

- **जालसाजी आरोपी रवि मनुभाई परमार को बिहार लोक सेवा आयोग अध्यक्ष बनाने पर बिहार सरकार को सुप्रीम कोर्ट की नोटिस**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार सरकार को बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष रवि मनुभाई परमार की नियुक्ति को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर एक नोटिस जारी किया है। परमार की नियुक्ति को रद्द करने के निर्देश की मांग करने वाली याचिका में कहा गया है कि उनकी नियुक्ति पूरी तरह से अवैध और मनमानी है। मालूम हो कि बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं पीटी परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों के आंदोलन तो मुद्दा है ही , बीपीएससी अध्यक्ष मनुभाई परमार की नियुक्ति को लेकर भी सवाल उठे। उनकी नियुक्ति को चुनौती देने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। दायर याचिका में कहा गया है कि परमार की नियुक्ति लोक सेवा आयोग के अधिकारियों के लिए 'बेदाग चरित्र' रखने की संवैधानिक आवश्यकताओं का उल्लंघन करती है।दायर याचिका में बताया गया था कि परमार वर्तमान में बिहार के सतर्कता ब्यूरो द्वारा जांच के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में फंसे हुए हैं, जिसकी कार्यवाही अभी भी पटना में एक विशेष न्यायाधीश के समक्ष लंबित है। दायर याचिका में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि प्रतिवादी संख्या 2 (परमार मनुभाई) पर भ्रष्टाचार और जालसाजी के अपराध करने के गंभीर आरोप हैं और इस तरह उनकी ईमानदारी संदिग्ध है, इसलिए उन्हें बीपीएससी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त नहीं किया जाना चाहिए था। उधर आयोग ने 70वीं परीक्षा का परिणाम तो जारी कर दिया था, लेकिन साथ में नीचे शर्तें लागू भी लिख दिया है। बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को लेकर पटना हाईकोर्ट में मामला लंबित है। हाईकोर्ट के फैसले पर ही इस रिजल्ट का भविष्य तय होगा। इसीलिए आयोग ने साफ लिखा है कि उपर्युक्त परीक्षा फल माननीय उच्च न्यायालय, पटना में दायर cWJc No. – 36/2025, पप्पू कुमार एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में पारित होने वाले न्यायादेश के फलाफल प्रभावित हो सकता है।

### तेजस्वी के बयान पर विजय सिन्हा का पलटवार, कहा -

## 'भ्रष्टाचारी चोट पड़ने पर बिलबिला जाता है'

**पटना (आईएएनएस)**



बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के एक बयान पर पलटवार करते हुए बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव घबराहट में हैं, भयभीत हैं।

उन्होंने कहा कि हर भ्रष्टाचारी के ऊपर जब चोट पड़ती है तो वह बिलबिला जाता है। बिहार को लूटने वालों के मानसिक पतन की शुरुआत हो गई है। केंद्रीय बजट पर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यह बजट बिहार के लिए दूरगामी परिणाम देगा। उन्होंने कहा कि इस बजट से विकसित बिहार बनाने, आत्मनिर्भर बिहार बनाने में मदद मिलेगी और मध्यम वर्ग तथा गरीब लोगों को लाभ होगा। बजट से महिलाओं, किसानों, बच्चों को भी लाभ होगा। एग्रीकल्चर पर आधारित राज्य को प्रगति के अवसर मिलेंगे। तेजस्वी यादव के 'बजट को री पैकेजिंग करने' वाले बयान पर उप मुख्यमंत्री सिन्हा ने कहा कि विपक्ष अपनी भूमिका निभा रहा है। ये सकारात्मक बोल नहीं सकते हैं, कमी और खामी खोजेंगे, लेकिन यह बजट बिहार के लिए बहुत अच्छा है। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर विजय सिन्हा ने कहा कि पूरी तरह से दिल्ली में अभी बदलाव का माहौल है। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाने के लिए दिल्ली की जनता ने मन बना लिया है।

अरविंद केजरीवाल ने जो वादा किया था, उसमें एक भी वादा पूरा नहीं किया। आज पानी के लिए वहां हाहाकार है। देश की राजधानी में बदहाली है, इसलिए जनता बदलाव का मिजाज बना चुकी है।

अरविंद केजरीवाल के चुनाव प्रचार में टीएमसी के नेता के प्रचार में उतारे जाने पर सिन्हा ने कहा कि स्वार्थ और अवसर की राजनीति करने वाले लोगों की वफादारी किसी गठबंधन में नहीं होती। अवसर और स्वार्थ की राजनीति करने वाले लोग हमेशा अपने स्वार्थ को प्राथमिकता देते हैं। इंडिया ब्लॉक में ऐसे ही स्वार्थी लोग हैं जो एक दूसरे के लिए कभी वफादार नहीं हो सकते।

## महाकुंभ में अमृत स्नान व्यवस्था की निगरानी के लिए योगी सुबह 3 बजे वार रूम में बैठ गए थे

**संवाददाता। लखनऊ**

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर अमृत स्नान की व्यवस्था की निगरानी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार प्रातः साढ़े तीन बजे से ही अपने सरकारी आवास स्थित वॉर रूम में बैठक गये। उन्होंने डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों के साथ लगातार अपडेट प्राप्त किए और आवश्यक निर्देश दिए।मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्नान स्थल पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे करें। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि हजारों श्रद्धालुओं को बिना किसी समस्या के संगम में स्नान का लाभ मिल सके। श्रद्धालुओं के साथ साधु-संत, महामंडलेश्वर और देश-विदेश से आए भक्त संगम में पवित्र डुबकी लगाते नजर आए। इसके साथ ही सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अमृत स्नान के लिए अद्भुत और दिव्य महाकुम्भ की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। यातायात पूरी तरह सुचारु रहा और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। स्नान के बाद श्रद्धालु दान-पुण्य करते दिखे।वसंत पंचमी पर अमृत स्नान के दौरान महाकुम्भ का डिजिटल स्वरूप भी आकर्षण का केंद्र रहा। जहां हर व्यक्ति इस दिव्य अनुभूति को अपने कैमरे में सुरक्षित करने के लिए उत्साहित नजर आया। संगम तट पर फूल-मालाओं से लदे संतों पर उत्साहित श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। जिससे पूरे महाकुम्भ का माहौल और भव्य बन गया। वसंत पंचमी के अमृत स्नान के लिए निकली अखाड़ों की शोभा यात्रा में कुछ नागा साधु घोड़ों पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे। जटाओं में फूल, फूलों की मालाएं और त्रिशूल हवा में लहराते हुए उन्होंने महाकुम्भ की पवित्रता को और भी बढ़ा दिया। स्व-अनुशासन में रहने वाले इन साधुओं को कोई रोक नहीं सकता था, लेकिन वो अपने अखाड़ों के शीर्ष पदाधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए आगे बढ़े। नगाड़ों की गूंज के बीच उनके जोश ने इस अवसर को और भी खास बना दिया। त्रिशूल और डमरू के साथ उनके प्रदर्शन ने यह संदेश दिया कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति और मनुष्य के मिलन का उत्सव है।शोभायात्रा के दौरान मीडिया ही नहीं, बल्कि आम श्रद्धालुओं के मोबाइल के कैमरे भी नागा साधुओं को कैप्चर करने के लिए हवा में लहरा रहे थे। नागा भी किसी को निराश नहीं कर रहे थे, बल्कि वो अपने हाव भाव से उन्हें आमंत्रित कर रहे थे। कुछ नागा तो आंखों में काला चश्मा लगाकर आम लोगों से इंटरैक्ट भी कर पा रहे थे। उनकी इस स्टाइल को हर कोई कैद कर लेना चाहता था। यही नहीं, नागा साधु नगाड़ों की ताल पर नृत्य करते हुए अपनी परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी जोश और उत्साह से भरपूर गतिविधियों ने श्रद्धालुओं के बीच अपार उत्साह पैदा किया। जितने उत्साहित नागा साधु थे, उतने ही श्रद्धालु भी उनकी हर गतिविधि को देख मंत्रमुग्ध हो गए। स्नान के दौरान भी नागा साधुओं का अंदाज निराला था। त्रिवेणी संगम में उन्होंने पूरे जोश के साथ प्रवेश किया और पवित्र जल के साथ अठखेलियां कीं। इस दौरान सभी नागा आपस में मस्ती करते नजर आए। पुरुष नागा साधुओं के साथ ही महिला नागा संन्यासियों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। पुरुष नागाओं की तरह ही महिला नागा संन्यासी भी उसी ढंग से तप और योग में लीन रहती हैं। फर्क सिर्फ इतना होता है कि ये गेरुआ वस्त्र धारण करती हैं उसमें भी ये बिना सिलाया वस्त्र धारण करती हैं। उन्हें भी परिवार से अलग होना पड़ता है। खुद के साथ परिवार के लोगों का पिंड दान करना होता है तब जाकर महिला नागा संन्यासी बन पाती हैं। जब एक बार महिला नागा संन्यासी बन जाती हैं तो उनका लक्ष्य धर्म की रक्षा, सनातन की रक्षा करना होता है। इस महाकुंभ में हर कोई इनके बारे में जानने को उत्सुक नजर आ रहा है। नागा साधुओं ने अपने व्यवहार और प्रदर्शन से यह संदेश दिया कि महाकुम्भ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मनुष्य के आत्मिक और प्राकृतिक मिलन का उत्सव है। उनकी हर गतिविधि में महाकुंभ की पवित्रता और उल्लास का अद्वितीय अनुभव झलक रहा था।



**2023** के वनडे वर्ल्ड कप के पहले भी बुमराह पीठ की चोट से जूझ रहे थे। चोट से रिकवर होकर लगभग एक साल बाद उन्होंने एशिया कप से टीम में वापसी की थी

# जसप्रीत बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं

## टूर्नामेंट तक पीठ की चोट से रिकवरी मुश्किल हर्षित राणा रिप्लेस कर सकते हैं

**एजेंसी । नई दिल्ली**

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी टेस्ट में उनकी पीठ में खिंचाव आया था। वे दर्द से परेशान हो गए थे। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया कि बुमराह का चैंपियंस ट्रॉफी तक पीठ की चोट से रिकवर होना मुश्किल दिख रहा है। वे इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का एक भी मैच नहीं खेल पाएंगे। अगर वे फिट नहीं हो पाए तो उनकी जगह हर्षित राणा को स्क्वॉड में शामिल किया जा सकता है। दरअसल, बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी वनडे मैच के लिए टीम में रखा गया था। यह मुकाबला 12 फरवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इधर, बुमराह सोमवार को बैक इंजरी की जांच कराने के लिए बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। वे 2-3 दिन तक बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मेडिकल टीम की निगरानी में रहेंगे। बुमराह की फिटनेस पर काम चल रहा है, यदि वे समय पर फिट हो जाते हैं, तो टीम में बने रहेंगे।

आईसीसी ने स्क्वॉड में बदलाव के लिए 11 फरवरी तक की डेटलाइन तय की है। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का पहला मैच बांग्लादेश से 20 फरवरी को खेला जाएगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी टीम में शामिल हैं जसप्रीत बुमराह

भारत की सिलेक्शन कमेटी ने 18 जनवरी को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हुए जसप्रीत बुमराह को भी टीम में शामिल किया गया था। सिलेक्शन कमेटी ने बुमराह के बैकअप के लिए अर्शदीप सिंह को रखा था।


हर्षित राणा

### बुमराह टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे

बुमराह ने 2023 एशिया कप में चोट से वापसी की थी। वे 2023 में वनडे वर्ल्ड कप और 2024 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने टी-20 वर्ल्डकप में टूर्नामेंट के 8 मैचों में कुल 15 विकेट हासिल किए थे। फाइनल में भी उन्होंने रीजा हेंड्रिक्स और मार्को यानसन के अहम विकेट लिए थे। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी मिला था।


प्रज्ञानंद ने विश्व चैंपियन डी गुकेश को टाइब्रेकर में 2-1 से खिताब पर कब्जा जमा लिया

# डी गुकेश को हराकर आर प्रज्ञानंद ने रचा इतिहास टाटा स्टील मास्टर्स का जीता खिताब

**एजेंसी । नई दिल्ली**


ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब जीत लिया। प्रज्ञानंद ने विश्व चैंपियन डी गुकेश को टाइब्रेकर में 2-1 से खिताब पर कब्जा जमा लिया। बता दें कि इससे पूर्व दोनों भारतीय खिलाड़ी अंतिम दिन अपनी बाजियां हार गए थे लेकिन दोनों की बीच खिताब के लिए टाइब्रेकर मुकाबला हुआ था। जिसमें प्रज्ञाननंद ने बाजी मारी। प्रज्ञानंद और गुकेश दोनों को अपने अंतिम दौर में मैचों में हार का सामना करना पड़ा। गुकेश को अर्जुन एरिगैसी ने हराया, जबकि प्रज्ञानंद जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार गए। इन असफतलाओं के बावजूद, वे लीडरबोर्ड में टॉप पर बने रहे, जिससे टूर्नामेंट टाईब्रेकर में चला गया। प्रज्ञानंद ने मास्टर्स में पूर्ण अंक प्राप्त करने और अपनी पहली जीत हासिल करने के लिए सही तकनीक का प्रदर्शन किया तो दूसरी और गुकेश के लिए, ये लगातार दूसरा साल था जब वह पहले स्थान के लिए बराबरी पर रहे और टाईब्रेकर हार गए, पिछले साल के पिछले सीजन में गुकेश चीनी वेई यी से भी हार गए थे।

जहां गुकेश को अपने साथी भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा वहीं प्रज्ञाननंदा जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार गए। प्रज्ञाननंदा ने अपनी जीत के बाद टूर्नामेंट की आधिकारिक वेबसाइट से कहा, ''मेरे हाथ अब भी कांप रहे हैं। यह कितना रोमांच से भरा दिन था। मेरे पास इसको व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं है। मुझे वास्तव में जीत की उम्मीद नहीं थी लेकिन चीजें मेरे अनुकूल होती रही। केवल दो साल की उम्र से शतरंज खेल रहे प्रज्ञाननंदा ने कहा, ''मेरे लिए यह दिन खास है क्योंकि मैंने टूर्नामेंट जीता है। लेकिन निश्चित तौर पर यह तनाव से भरा दिन था।'' गुकेश ने टाईब्रेकर में पहली बाजी जीतकर बढ़त बनाई लेकिन प्रज्ञाननंदा ने इसके बाद शानदार वापसी करके अगली दोनों बाजियां जीत कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

### मैं जीत का लक्ष्य लेकर यहां आया था लेकिन चुनौती बड़ी थी

प्रज्ञाननंदा ने कहा, "विंसेंट के खिलाफ मैं उस स्तर के आसपास भी नहीं खेल पाया, जिस स्तर पर मैं यहां खेल रहा था। मुझे अर्जुन को कोई उपहार देना चाहिए क्योंकि कई बार मुझे लगा कि गुकेश ने टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, "मैं जीत का लक्ष्य लेकर यहां आया था लेकिन चुनौती काफी कड़ी थी।मैं वास्तव में कल तक इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा था। मैं काफी थक चुका हूं और अब थोड़ा विश्राम करना चाहता हूं।" गुकेश को यहां लगातार दूसरे वर्ष टाईब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा। पिछली बार वह चीन के चीनी वेई यी से हार गए थे।

### श्रीमंत झा ने वर्ल्ड पैरा-आर्म रेसलिंग कप में जीता रजत



**नई दिल्ली ।** भारत के नंबर वन पैरा-एथलीट श्रीमंत झा ने एक बार फिर भारत का तिरंगा लहराया है। उन्होंने उज़्बेकिस्तान में आयोजित वर्ल्ड पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में +85 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर पदक अपने नाम किया। श्रीमंत झा ने अपना सिल्वर मैडल भारतीय शहीद जवानों को समर्पित किया। यह टूर्नामेंट 30 जनवरी से 6 फरवरी 2025 तक होना है। कजाकिस्तान के एलनूर को हराकर श्रीमंत झा ने रजत पदक जीता है। रजत पदक जीतने के बाद श्रीमंत झा ने नॉर्वे में यूरोपीय पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया। झा ने कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अच्छी तैयारी की है और आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

**38वें राष्ट्रीय खेल**

## मैच फिक्सिंग के आरोपों के बीच ताइक्वांडो निदेशक को हटाया गया

**देहरादून (आईएएनएस)**

राष्ट्रीय खेल तकनीकी आचरण समिति (जीटीसीसी) ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता के निदेशक टी. प्रवीण कुमार को हटा दिया है। आरोप है कि प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ही 16 भार वर्गों में से 10 के परिणाम तय कर दिए गए थे। तीन सदस्यीय प्रतियोगिता हेरफेर रोकथाम समिति (पीएमसीसी) की मजबूत सिफारिश के बाद एस. दिनेश कुमार को प्रतियोगिता का नया निदेशक नियुक्त किया गया। जीटीसीसी की अध्यक्ष सुनैना ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा, "यह महत्वपूर्ण है कि हम पीएमसी समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखें और राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड की अखंडता की रक्षा करें। उन्होंने कहा, "पूर्व प्रतियोगिता निदेशक के खिलाफ शिकायतें मिलने के अलावा, हम यह जानकर भी हैरान हैं कि उन्होंने कुछ राज्य संघों के पदाधिकारियों और कार्यकारी समिति के सदस्यों के साथ-साथ चयन ट्रायल के लिए उपकरण विक्रेता के रूप में खेल-विशिष्ट स्वयंसेवकों के रूप में नामित किया था।

## भारत में चैंपियंस ट्रॉफी टूर समाप्त पाकिस्तान टूर का दूसरा चरण शुरू

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 ट्रॉफी टूर ने मुंबई और बेंगलुरु में कई प्रतिष्ठित स्थानों पर अविस्मरणीय प्रदर्शन करने के बाद भारत की अपनी यात्रा समाप्त कर ली है। ट्रॉफी टूर ने अपनी वैश्विक यात्रा के दौरान सभी आठ भाग लेने वाले देशों को कवर किया है और भारत चरण के समापन के साथ, यह अब पाकिस्तान में अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में किया जाएगा। भारत में ट्रॉफी टूर की शुरुआत मुंबई में धमाकेदार तरीके से हुई, जहां ट्रॉफी ने शहर के सबसे लोकप्रिय स्थानों का दौरा किया, जिसमें वानखेड़े स्टेडियम, शिवाजी पार्क, गेटवे ऑफ इंडिया, कार्टर रोड, ऐतिहासिक छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, बैंडस्टैंड और अन्य प्रसिद्ध स्थान शामिल हैं। मुंबई की जीवंत सड़कों से गुज़रते हुए प्रशंसकों को इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को देखने का मौका मिला, कई उत्सुक प्रशंसकों ने फ़ोटो और सेल्फी के ज़रिए इस पल को कैद किया।

## एससी बेंगलुरु ने चर्चिल ब्रदर्स को घर पर 1-1 से बराबरी पर रोका

**राियिया (गोवा) आईएनएस**

चर्चिल ब्रदर्स ने शीर्ष पर जाने का मौका गंवा दिया, जबकि स्पोर्टिंग क्लब बेंगलुरु ने सोमवार को रायिया ग्राउंड पर दोनों पक्षों के बीच 1-1 से बराबरी करने के बाद आई-लीग 2024-25 तालिका में खुद को नीचे से ऊपर उठाया। 61वें मिनट में वेड लेके के सीज़न के नौवें गोल ने चर्चिल ब्रदर्स को बढ़त दिलाई, इसके बाद आई-लीग में अपनी पहली शुरुआत करने वाले क्लेरेंस फर्नांडिस ने 73वें मिनट में एससी बेंगलुरु को बराबरी पर ला दिया। नतीजतन, नामधारी एफसी 12 मैचों में 24 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा। चर्चिल अब 23 अंकों के साथ एक अंक पीछे है। यह एससी बेंगलुरु का आई-लीग में पहला अवे पॉइंट था, जिसने लगातार छह हार का सिलसिला खत्म किया। नौ अंकों के साथ गोल्डन टाइगर्स दो महीने में पहली बार निचले स्थान से बाहर हो गए हैं। दिल्ली एफसी अब 12वें स्थान पर है।पहले हाफ में जो कुछ हुआ, उसे देखकर यह विश्वास करना मुश्किल हो रहा था कि चर्चिल ब्रदर्स खिताब के लिए लड़ रहे थे और एससी बेंगलुरु हार से बचने की कोशिश कर रहे थे।






# शेयर बाजार लाल निशान में हुआ बंद, सेंसेक्स 319 अंक फिसला

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 319.22 अंक या 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,186.74 पर और निफ्टी 121.10 अंक या 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,361.05 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 497.35 अंक या 0.93 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,988.80 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 362.15 अंक या 2.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,617 के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,137 शेयर हरे निशान में, 2,875 शेयर लाल निशान में और 172 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। ऑटो, आईटी और फार्मा इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी और प्राइवेट बैंक लाल निशान में बंद हुए । बाजार के जानकारों का कहना है कि निफ्टी के लिए 23,200, 23,100 और 23,000 एक मजबूत सपोर्ट है। तेजी की स्थिति में 23,500 एक रुकावट का स्तर है। अगर यह टूटता है तो 23,600 और 23,700 का स्तर देखने को मिल सकता है। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, जोमैटो, टाइटन, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स और इंडसइंड बैंक टॉप गेनर्स थे। एलएंडटी, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, आईटीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक टॉप लूजर्स थे। शेयर बाजार के गिरने की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ट्रैरिफ का ऐलान किया जाना है। ट्रंप द्वारा मैक्सिको, कनाडा और चीन पर ट्रेड टैरिफ लगाए गए हैं। शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। सुबह 9:26 बजे सेंसेक्स 527 अंक या 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,019 और निफ्टी 165 अंक या 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,317 पर था।



## ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की आय 2024 में 18 प्रतिशत बढ़ी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में 2024 में मजबूती देखी गई है और इसकी आय सालाना आधार पर 18.1 प्रतिशत बढ़कर 626 अरब डॉलर हो गई है, यह जानकारी सोमवार को जारी की गई रिपोर्ट में दी गई। गार्टनर की रिपोर्ट के अनुसार, यह सकारात्मक गति जारी रहने की उम्मीद है और अनुमान है कि 2025 में सेमीकंडक्टर कंपनियों की कुला आय 705 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगी। पिछले साल कुल इंडस्ट्री की आय में मेमोरी सेमीकंडक्टर की हिस्सेदारी 74.8 प्रतिशत थी।

इसके अलावा गैर-मेमोरी सेमीकंडक्टर सेगमेंट की आय में 6.9 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि शीर्ष 25 सेमीकंडक्टर कंपनियों में 11 ने दोहरे अंक में आय वृद्धि दर्ज की है, जबकि आठ कंपनियों की आय में गिरावट दर्ज की गई है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने इंटेल को पछाड़कर दुनिया के शीर्ष सेमीकंडक्टर विक्रेता के रूप में अपना स्थान पुनः प्राप्त किया। दक्षिण कोरियाई तकनीकी दिग्गज को मेमोरी की कीमतों में तेज सुधार का लाभ मिला, जिससे 2024 में इसकी आय 66.5 अरब डॉलर हो गई है।

### केंद्र सरकार 6 फरवरी को पेश कर सकती है न्यू इनकम टैक्स बिल

**नई दिल्ली ।** बजट 2025-26 में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है, जिससे आम आदमी के हाथ में पहले के मुकाबले अधिक धन बचेगा। वहीं, टैक्स प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए अब सरकार 6 फरवरी को नया इनकम टैक्स बिल पेश कर सकती है। नए इनकम टैक्स बिल का उद्देश्य वर्तमान आयकर अधिनियम में व्यापक सुधार लाना है और संभावित रूप से इससे इनकम टैक्स बिल में वर्तमान में लगभग 6 लाख शब्दों में से 3 लाख शब्द कम हो सकते हैं।

## बजट के बाद बाजार का फोकस ब्याज दरों पर, आरबीआई 7 फरवरी को कर सकता है बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

बजट के बाद अब निवेशकों का फोकस 7 फरवरी को आने वाले भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले पर होगा। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। अनुमानों के मुताबिक, आरबीआई एमपीसी बाजार में लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती कर सकता है। नए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के आने के बाद यह पहली एमपीसी बैठक है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) की रिपोर्ट के अनुसार, आम बजट 2025-26 पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) से उपभोग और बचत पर ध्यान केंद्रित करने का संकेत देता है। हालांकि, अभी भी राजकोषीय घाटे के समेकन को प्राथमिकता दी गई है। पिछले वर्षों से अलग हटकर, बजट में केवल पूंजीगत व्यय पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय उपभोग और बचत को प्रोत्साहित करने का विकल्प चुना गया। इसकी वजह खपत का कमजोर होना और अर्थव्यवस्था का धीमा होना था। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकलुभावन उपायों का सहारा लिए बिना उपभोग को बढ़ावा देने के लिए राजकोषीय रुख को समायोजित करने में लचीलापन दिखाया है। बजट में राजकोषीय अनुशासन भी बनाए रखा गया है, जिसके तहत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 4.4 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि बजट घोषणाओं के बाद अब बाजार का ध्यान पुनः आय तथा 7 फरवरी को होने वाली आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की आगामी बैठक पर होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, आय धीमी गति से बढ़ने की उम्मीद है। कर के बाद निफ्टी का मुनाफा वित्त वर्ष 25 में 5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 26 में 16 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है।



● मिडकैप और स्मॉलकैप की अपेक्षा लार्जकैप पहली पसंद रहेंगे।

## देश में प्रमुख खनिजों का उत्पादन चालू वित्त वर्ष में बढ़ा, लौह अयस्क शीर्ष पर रहा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



खान मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि देश में लौह अयस्क, मैंगनीज और एल्यूमीनियम जैसे प्रमुख खनिजों के उत्पादन में वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान मजबूत वृद्धि देखी गई है। यह मजबूत वृद्धि वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड उत्पादन के बाद दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, लौह अयस्क, जिसकी हिस्सेदारी कुल खनिजों के उत्पादन में 69 प्रतिशत है, का उत्पादन वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-दिसंबर) में सालाना आधार पर 2.5 प्रतिशत बढ़कर 208 मिलियन मैट्रिक टन (एमएमटी) हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 203 मिलियन टन था। वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-दिसंबर) में मैंगनीज अयस्क का उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि के 2.4 एमएमटी से 8.3 प्रतिशत बढ़कर 2.6 एमएमटी हो गया है। इसके अलावा समीक्षा अवधि के दौरान क्रोमाइट का उत्पादन पिछले वर्ष की समान अवधि के 2.1 एमएमटी से 9.5 प्रतिशत बढ़कर 2.3 एमएमटी हो गया है। वहीं, बॉक्साइट का उत्पादन पिछले वर्ष की समान अवधि के 17.0 एमएमटी से 6.5 प्रतिशत बढ़कर 18.1 एमएमटी हो गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, अलौह धातु सेक्टर में वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-दिसंबर) में प्राइमरी एल्युमीनियम उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 1.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 31.07 लाख टन (एलटी) से बढ़कर 31.56 एलटी हो गया है।

## भारत का कोयला उत्पादन 6 प्रतिशत बढ़कर 830 मिलियन टन हुआ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत का कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष की अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 की अवधि में 5.88 प्रतिशत बढ़कर 830.66 मिलियन टन (एमटी) हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 784.51 मिलियन टन था। यह जानकारी सोमवार को कोयला मंत्रालय द्वारा दी गई। जनवरी 2025 के दौरान कुल कोयला उत्पादन बढ़कर 104.43 एमटी हो गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए आंकड़े 100.05 एमटी से 4.38 प्रतिशत अधिक है। बीते महीने कैप्टिव, कमर्शियल और अन्य जगहों से निकाले जाने वाले कोयले में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है और उत्पादन 31.07 प्रतिशत बढ़कर 19.68 एमटी हो गया है, जो कि इससे पिछली अवधि में 15.01 एमटी था। थर्मल प्लांट्स तक पहुंचने वाले कोयले में भी जनवरी में बढ़त देखने को मिली है और जनवरी में यह 6.31 प्रतिशत बढ़कर 92.40 एमटी हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 86.92 एमटी था।



# सिरासीता नाला क्षेत्र आदिवासी तीर्थस्थल के रूप में होगा विकसित : चमरा लिंडा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/गुमला।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि धर्म, समाज को एकजुट करने की शक्ति प्रदान करता है। आदिवासी समाज सदियों से सूर्य, चंद्रमा, धरती, जल, जंगल और प्रकृति की पूजा करता आ रहा है और यही हमारी पहचान का मूल आधार है। उन्होंने घोषणा की कि सिरसी ता नाले क्षेत्र को आदिवासी तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जाएगा और इसे राष्ट्रीय स्तर पर कुंभ मेले की तरह मान्यता दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा सोमवार को गुमला जिले के डुमरी प्रखंड स्थित अकासी पंचायत में आयोजित सिरासीता नाला (दोन) कंकड़ो लता राजकीय में समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री चमरा ने कहा कि अब हर साल माघ पंचमी के अवसर पर इस स्थल पर भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। इस आयोजन को उन्होंने आदिवासी धर्म और संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कहा कि यह स्थल आदिवासियों के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक जागरूकता का केंद्र बनेगा, जहां लोग आत्मिक शांति और अपने दुखों से मुक्ति प्राप्त कर सकेंगे।

श्री लिंडा ने सरना धर्म को भारत सरकार से मान्यता दिलाने के लिए चल रहे संघर्ष को जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि यह आयोजन उसी दिशा में एक सशक्त कदम है।

सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने कहा कि अगले वर्ष इस आयोजन को और भी भव्य रूप दिया जाएगा। उन्होंने उन श्रद्धालुओं की भी सराहना की जो उपवास करके लंबी दूरी तय कर इस पवित्र स्थल तक पहुंचे।

खूंटी विधायक राम सूर्य मुंडा ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो परंपराएं स्थापित की हैं, उन्हें संरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। हमें अपने जंगल, पहाड़ और सांस्कृतिक रीति-रिवाजों को सुरक्षित रखना होगा।

चक्रधरपुर विधायक सुखराम उरांव ने इसे ऐतिहासिक आयोजन बताते हुए कहा कि सरकार धार्मिक स्थलों के माध्यम से ऐतिहासिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रही है। इस आयोजन से समाज अपनी संस्कृति से और अधिक जुड़ सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयास से अब लोग कंकड़ों लता के ऐतिहासिक महत्व को जान सकेंगे।

इस अवसर पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।




*आदिवासी धर्म और संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में सिरासीता नाला एक महत्वपूर्ण कदम, कुंभ मेले की तरह मान्यता दिलाने के प्रयास किए जाएंगे।*

## बर्थ डे पार्टी से लौट रहे युवकों को बदमाशों ने पीटा

**रांची।** हिनू में स्थित एक होटल के समीप बर्थ डे पार्टी से लौट रहे तीन युवकों को बदमाशों ने पीटकर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। घटना सोमवार की है। इस संबंध में हिनू निवासी रंजन यादव ने तुषार घोष, दीपक यादव, दीपेश कुमार, अमरीश कुमार और शिवम कुमार समेत अन्य के खिलाफ डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। रंजन यादव ने आवेदन में कहा कि दो फरवरी को अपने अन्य दो दोस्त विशाल सिंह और प्रिंस सिंह के साथ बर्थ डे पार्टी से लौट रहे थे। कुछ बदमाश उनका पीछा कर उन्हें हिनू में रोका। गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी और पत्थर से पीटकर उन्हें, विशाल और प्रिंस को जख्मी कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

नागरिक सुविधा से जुड़ी समस्याओं पर समीक्षा बैठक

## विभागीय उदासीनता दूर करने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एफजेसीसीआई ने नागरिक सुविधा से जुडी समस्याओं पर समीक्षात्मक बैठक की। विभागीय उदासीनता से अनेक लंबित योजनाओं पर चिंतन किया गया। भवन नियमितीकरण योजना को प्रभावी करने, दुकानों के किराया विवाद के समाधान में विलंब, ट्रॉफिक लाईट की कमी, डिवाईडर पर पेंट तथा रिफ्लैक्टर का अभाव, जल-जमाव, जल- निकासी,मल्टी लेवल पार्किंग, व्यवसायिक केंद्र अपर बाजार में शौचालय की असुविधा पर चिंता जताई। आरएमसी उप समिति के चेयरमेन अमित शर्मा ने कहा कि चैंबर नगर प्रशासक से मिलकर विभागीय उदासीनता दूर करने की मांग करेगी।

मौके पर चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य सह आरएमसी उप समिति चेयरमेन अमित शर्मा, मुकेश अग्रवाल, शैलेष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी, रांची नगर निगम किरायेदार संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश छापडिया, शंकर झा, सदस्य अजीत साहू, अजय साहू, विकास प्रकाश गुप्ता, आनंद जालान, राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। यह जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

## सीआरपीएफ जवान को 10 साल की सजा

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त की अदालत ने शादी का झांसा देकर लगातार महिला साथी से शारीरिक संबंध बनाने के मामले में सीआरपीएफ के जवान अमित उरांव को दोषी करार कर 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त 12 महीने जेल काटनी होगी। अभियुक्त लोहरदगा के कुडू थाना निवासी है।घटना को लेकर पीड़िता ने नगड़ी थाना में 15 मार्च 2019 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि अभियुक्त अमित उरांव का सीआरपीएफ में 2017 में चयन हुआ था। वह प्रशिक्षण के लिए चला गया और अप्रैल 2018 में आया। अभियुक्त और पीड़िता रॉक गार्डेन आई थी। जहां अभियुक्त ने शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। बाद में शादी से मुकर गया। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी ने पीड़िता समेत 4 गवाहों की गवाही दर्ज कराई थी। पीड़िता ने घटना का समर्थन किया। जिसके आधार पर अदालत ने सजा सुनाई है।

प्रतिबंधित दवा का कारोबार करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

## प्रतिबंधित दवा बेचने वालों की अब खैर नहीं : सिटी एसपी

- *अवैध तरीके से प्रतिबंधित दवाओं को बेचने वालों की खैर नहीं, सिटी एसपी ने दी चेतावनी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पुलिस ने प्रतिबंधित दवाई का कारोबार करने वाले व्यक्ति गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सदर थाना की पुलिस ने कारवाई करते हुए नशीले और प्रतिबंधित दवा के कारोबार करने के आरोप में शैलेश कुमार नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है उसके पास भारी मात्रा में दवा बरामद हुआ है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कोकर स्थित तानिया मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित दवा का कारोबार किया जा रहा है, जिसके बाद पुलिस की टीम ने वहां छापेमारी किया। छापेमारी के दौरान नामक आरोपी को पकड़ा। वहीं आरोपी के निशानदेही पर मेडिकल और भाभा नगर स्थित उसके घर से 30 प्रतिबंधित सिरप और 30 आर्टेन की गोलियां सहित घर से 14 सौ गोलिया बरामद की गई।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने राजधानी में प्रतिबंधित दवाओं की खरीद बिक्री करने वालों को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा यासा करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी।




**बिना चिकित्सक के सलाह के ना लें प्रतिबंधित दवाएं**

प्रतिबंधित दवाओं के बारे में जानकारी देते हुए सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा- ये दवाएं प्रतिबंधित है। इन दवाओं को बिना डॉ के प्रिस्क्रिप्शन नहीं खरीदा जा सकता है। साथ ही उन्होंने बताया कि दवाएं जब तक बीमारी के इलाज के लिए इस्तेमाल की जा रही तब तक यह दिमागी संतुलन बनाये रखता है, सोने के लिए सहायक है लेकिन यदि इसका इस्तेमाल नशे के लिए गलत तरीके से किया जा रहा है तो यह काफी खतरनाक साबित होगा। एसपी ने बताया बिना किसी बीमारी और चिकित्सकीय सलाह के इन दवाओं के सेवन से किडनी खराब हो सकती है, मदहोशी हो सकती है, सीमे में परेशानी हो सकती है साथी ही नर्व कोशिकाओं को खराब कर सकती है।

# न्यूज | बॉक्स

## पहाड़ी मंदिर में भोलेनाथ का किया गया तिलकोत्सव




**रांची।** बसंत पंचमी में भगवान शिव का पहाड़ी मंदिर में सोमवार को विशेष पूजा अर्चना की गई। सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का मंदिर में आना जाना लगा रहा। तिलकोतसव के दिन बाबा भोलेनाथ को विशेष प्रकार के फूलों से श्रंगार किया गया। इस अवसर पर रांची उपायुक्त मंजुनाथ भंत्री, एसडीओ उत्कृष्ट कुमार ने पहाड़ी मंदिर में रुद्राभिषेक किया। इससे पहले मंदिर के मुख्य द्वार को विभिन्न फूल और मालाओं से सजाया गया।

पिस्कामोड़ स्थित आर्य पूरी से पंच मंदिर से शोभायात्रा निकालकर तिलक लाया गया। इसके बाद बाबा भोलेनाथ नाथ को तिलक अर्पित की गई। इस दौरान महिला पुरुष भक्त काफी हर्षोल्लास दिखे। मंदिर के पुजारी कबीर दास ने पूजा अनुष्ठान कराया। इस दौरान मंदिर के सदस्य कैलाश राय, गोपाल प्रसाद,तरीत्र राय, अंकित अंजन,अनीष भारती ने प्रसाद वितरण में मुख्य भुमिका निभाया। इस अवसर पर सुबह से लेकर रात नौ बजे तक भव्य भंडार का आयोजन होता रहा। भक्तों के बीच पुड़ी, सब्जी, बुंदिया प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। शाम में महाआरती का आयोजन किया गया। भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। गीत, भजन और मंत्रों का उच्चारण किया गया। भगवान शिव की पूजा और आराधना के अलावा उनके अवतारों की भी पूजा अर्चना की गई। भक्तों को भी सम्मानित किया गया। भगवान शिव की पूजा और आराधना के अलावा उनके प्रति भक्ति और समर्पण की भावना को प्रकट किया गया।

**लोगों ने पहाड़ी मंदिर में अपने बच्चों का कराया मुंडन :** बसंत पंचमी के अवसर पर आज चुन्ना भट्ठा, मधुकम, पहाड़ी मंदिर के आसपास, बुटी मोड़ समेत अन्य मुहल्लों से लगभग एक सौ लोगों ने अपने बच्चों का मुंडन कराया। ठाकुर मनोहर कुमार ठाकुर ने बताया कि विजय ठाकुर, सीम ठाकुर मिलकर एक साल, पांच साल और दस साल के बच्चों का मुंडन किए। मुंडन कराने वाले लोगों ने कहा कि मंदिर में मुंडन कराने के लिए 101 रुपया का रसीद कटाना होता है। वहीं ठाकुर परिवार वालों से 500-1000 रुपया दक्षिणा के रूप में लिया।

## ईडी अधिकारियों के नाम पर वसूली मामले में हाईकोर्ट का आदेश बरकरार




**रांची।** जमीन घोटाला केस मैनेज करने के लिए ईडी अधिकारियों के नाम पर वसूली मामले में हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार की अपील पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की खंडपीठ ने सरकार की एसएलपी को खारिज करते हुए हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा। राज्य सरकार ने चार दिसंबर 2024 के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने ईडी अधिकारियों को राहत देते हुए पंडरा ओपी सहित कई थानों के सीसीटीवी रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है।

**पुलिस जांच पर रोक बरकरार :** हाईकोर्ट ने ईडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये के लेनदेन मामले में दर्ज प्राथमिकी की पुलिस जांच पर पूर्व की रोक को बरकरार रखा है। हाईकोर्ट ने पंडरा ओपी और सुखदेव नगर पुलिस थाना सहित अन्य जगहों के सीसीटीवी फुटेज को भी सुरक्षित रखने का आदेश दिया था। इस संबंध में हाईकोर्ट में ईडी की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि मामले में पुलिस सही तरीके से जांच नहीं कर रही है।

# आदिवासी झारखंड के बजाय अन्य राज्यों में ज्यादा सुरक्षित : राफिया नाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के 46वें स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दिए गए बयान पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के बयान को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का यह बयान केवल हवा-हवाई है और इसकी कोई वास्तविकता नहीं है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा था कि पूरे देश में जहां कहीं भी आदिवासी हैं, वे झारखंड आएं, हम उन्हें बसायेंगे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राफिया नाज ने कहा कि हकीकत यह है कि झारखंड राज्य के आदिवासी भाई-बहन आज असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जबकि अन्य राज्यों में आदिवासी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। झारखंड के आदिवासी समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की।



उन्होंने आरोप लगाया कि बांगलादेशी घुसपैठियों के कारण राज्य में आदिवासी समुदाय असुरक्षित महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री पहले राज्यभर के आदिवासी समुदाय की सुरक्षा को सुनिश्चित करें फिर आमंत्रण दे। राफिया नाज ने कहा, झारखंड के आदिवासी समुदाय की भूमि और संसाधनों पर लगातार बांगलादेशी घुसपैठियों का कब्जा हो रहा है, जो न केवल उनके अस्तित्व के लिए खतरा बन चुका है, बल्कि उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को भी मिटाने की साजिश की जा रही है। यह घुसपैठी गतिविधियाँ झारखंड के सांप्रदायिक और सामाजिक ताने-बाने को भी नुकसान पहुंचा रही हैं।

# दुकान देने के नाम पर डेढ़ लाख की ठगी, केस दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा रिसालदार नगर की रहने वाली इशरत परवीन को दुकान देने के एवज में उनसे डेढ़ लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। इस संबंध में इशरत ने डोरंडा थाने में मो तबरेज खान और इरशाद हुसैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। इशरत ने आवेदन में कहा कि इरशाद हुसैन ने मई 2022 में अपर बाजार में एक दुकान के लिए उनके बातचीत की। बातचीत तय होने के बाद एडवांस के तौर पर इरशाद ने उनसे डेढ़ लाख रुपए लिया। कहा कि नगर निगम के मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स का नक्शा पास होने के बाद शेष राशि और एग्रीमेंट उनसे किया जाएगा। कुछ दिन बाद दोनों आरोपी उन पर दुकान की कुल कीमत का पचास प्रतिशत भुगतान का दबाव बनाने लगे। लेकिन, वह नक्शा पास होने के बाद ही राशि देने की बात की। इसके बाद आरोपियों ने बुकिंग कैंसिल करने की बात कही। सहमति के बाद अग्रिम की राशि वापस करने का दबाव बनाया। मगर आरोपियों ने राशि देने से ही इंकार कर दिया। जिसके बाद वह थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया।

कांग्रेस पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी की हुई बैठक, बोले गुलाम अहमद मीर

# विस चुनाव में योगदान देने वाले कार्यकर्ता होंगे सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संगठन के संबंध में अपने विचार रखें साथ ही साथ झारखंड की राजनीतिक परिस्थितियों पर भी खुलकर चर्चा की आने वाले नगर निकाय चुनाव की गंभीरता को देखते हुए प्रमुख तथ्यों पर सदस्यों ने अपना मंतव्य दिया।

सदस्यों के विचारों के पश्चात गुलाम अहमद मीर ने कहा कि हमें झारखंड में संगठन के मजबूतीकरण की दिशा में काम करना है। आने वाले कुछ दिनों के अंदर में सभी के सुझावों के अनुसार अनुरूप प्रदेश कमेटी का गठन कर दिया जाएगा। कमेटी में गणेश परिक्रमा करने वाले लोगों को जगह नहीं दिया जाएगा बल्कि ऐसे लोगों को कमिटी में रखा जाएगा जो पूर्व से ही संगठन के क्रियाकलापों में आंदोलन और कार्यक्रमों को सफल बनाने में अग्रणी रहे हैं अपनी मजबूत भूमिका निभाई है। विगत लोकसभा चुनाव से लेकर वर्तमान के विधानसभा चुनाव में सक्रिय रहने वाले लोगों को संगठन में उचित स्थान और मान सम्मान दिया जाएगा। संगठन की मजबूती के लिए काम करने वाले लोगों की समीक्षा लोकसभा चुनाव के समय से ही लगातार जारी है। संगठन के आगामी कार्यक्रम और संगठन और सरकार के बीच समन्वय के लिए एक रोड मैप तैयार करने की आवश्यकता पर उन्होंने बल देते हुए कहा कि एक मजबूत संगठन के लिए बेहतर कार्य योजना की आवश्यकता होती है। संगठन मजबूत रहेगा तभी हम विरोधी दलों से जीत सकते हैं। सभी के लिए यह चेतावनी है संगठन में खींचतान बंद करें और अपना हर कदम मजबूती के लिए बढ़ाएं। संगठन हित में किया गया कोई भी काम राष्ट्रीय नेतृत्व को मजबूती प्रदान करता है आज हम जिन मुद्दों को लेकर देश में संघर्ष कर रहे हैं उन मुद्दों पर जीत के लिए आपसी एकता बहुत जरूरी है। विभाजनकारी शक्तियां देश को तोड़ने में लगी हैं हमें उनके खिलाफ लड़ना है इसके लिए हमें खुद को तैयार करना होगा।

सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए हमें नए लोगों की भर्तियां करनी होगी कांग्रेस के विचारों से लोगों को अवगत कराना होगा सरकार के कार्यकाल के दौरान सरकार की और कांग्रेस की उपलब्धियों को जनता को बताना होगा ताकि हम जनता का भरोसा जीतने में कायम हो सके।

बैठक में प्रमुख रूप से सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर शिल्पी नेहा तिर्की पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रामेश्वर उरांव, प्रदीप कुमार बलमुचू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, अनूप सिंह, ममता, देवी, सुरेश बैठा, नमन विक्सल कौनगाड़ी, सोनाराम सिंकू, रामचंद्र सिंह रविंद्र सिंह संजय लाल पासवान शहजादा अनवर केएन त्रिपाठी,मंजूर अहमद अंसारी,सतीश पाल मुजनी,बंधु तिर्की, बादल पत्रलेख,रियाज अंसारी,अभिलाष साहू जेपी भाई पटेल,बलजीत सिंह बेदी,बृजेंद्र सिंह, सुल्तान अहमद बन्ना गुप्ता अंबा प्रसाद अनवार अहमद अंसारी राम खलको भीम कुमार गजेंद्र सिंह उपस्थित थे।



### 2025 संगठन सशक्तीकरण का वर्ष है : केशव महतो कमलेश

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि 2025 का वर्ष संगठन सशक्तीकरण का वर्ष है आने वाले कुछ दिनों में हम एक और चुनावी परीक्षा की घड़ी से गुजरेंगे इस परीक्षा मे पास करने के लिए हमें एक दूसरे का साथ देना होगा। नगर निकाय चुनाव में हमारी जीत होती है तो यह संगठन के लिए बेहतर होगा क्योंकि नगर निकाय चुनाव वार्ड स्तर से होते हैं और संगठन की पहली सीढ़ी ही वार्ड स्तर से शुरू होती है।

### सभी मंत्री और विधायक जनता का दिल जीते : प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि सभी मंत्री और विधायक अपने कार्यों से जनता का दिल जीते और कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दें कार्यकर्ता मजबूत होंगे तो संगठन मजबूत होगा संगठन के नेताओं कार्यकर्ताओं को चाहिए की जनता के पास जाएं उनकी समस्याओं को जाने और उसके निराकरण की दिशा में प्रशासनिक और सरकारी स्तर पर पहल करें ताकि लोग हमसे जुड़ते चले। कांग्रेस की मजबूती के लिए समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना जरूरी है।

## पृष्ठ एक के शेष

**16 गुणा हुआ झारखंड का...**

करोड़ रुपए खर्च होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 57 अमृत स्टेशनों को विकसित करने पर 2,134 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

**1693 किमी रेलवे ट्रैक को 'कवच' के दायरे में लाया जाएगा :** रेल मंत्री ने कहा कि झारखंड में 1,693 किलोमीटर रेलवे ट्रैक को कवच के दायरे में लाया जाएगा। इसमें से 400 किलोमीटर में काम चल रहा है या उसके टेंडर की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से अब तक 445 रेलवे फ्लाईओवर और अंडर ब्रिज का निर्माण हुआ है।

**यात्री सुविधाओं का हुआ विकास :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2014 से झारखंड में यात्री सुविधा का भी विकास किया गया है। रेलवे स्टेशनों पर 34 लिफ्ट लगाए गए हैं। 14 एस्कलेटर लगाए गए हैं। 215 स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

**झारखंड में दौड़ रही 12 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि झारखंड में 12 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें दौड़ रहीं हैं। ये ट्रेनें राज्य के 24 में से 14 जिलों को कवर करतीं हैं। झारखंड में 22 स्टेशनों पर वंदे भारत ट्रेनें रुकतीं हैं।

**झारखंड में 2028 तक...**

http://abvil.jharkhand.gov.in है। इसके माध्यम से नई स्टार्टअप आईडिया को एप्लीकेंट द्वारा ऑनलाइन प्राप्त किया जाएगा और विभाग द्वारा स्टेट इवैल्यूएशन बोर्ड की बैठक बुलाकर स्टार्टअप की चयन प्रक्रिया दिनांक 4 फरवरी 2025 से प्रारंभ की जाएगी।

**नई स्टार्टअप पॉलिसी अगले पांच साल के लिए लागू :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुरानी स्टार्टअप पॉलिसी 2016 को रद्द करते हुए 7 दिसंबर 2023 को नई पॉलिसी (नई झारखंड स्टार्टअप नीति 2023) को स्वीकृति दी है। कैबिनेट की स्वीकृति के बाद सूचना तकनीक एवं ई-गवर्नेंस विभाग ने इसे अधिसूचित कर दिया है। इसी के साथ 2016 में लागू नीति रद्द कर दी गई है। नई स्टार्टअप पॉलिसी अगले पांच साल के लिए लागू की गई है। इस दौरान (साल 2028 तक) राज्य में कम से कम एक हजार स्टार्टअप को विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवधि तक राज्य में अनुकूल इकोसिस्टम तैयार कर अग्रणी 10 राज्यों में झारखंड को सम्मिलित करने की रणनीति बनाई जा रही है।

**अनुराग गुप्ता झारखंड डीजीपी के पद...**

डीजी और एसीबी के डीजी पद के अतिरिक्त प्रभार में हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में सरकार ने अनुराग गुप्ता को डीजी रैंक में प्रोन्नति दी थी। प्रोन्नति मिलने के बाद वह डीजी ट्रेनिंग के पद पर पदस्थापित हुए। 26 जुलाई 2024 को राज्य सरकार ने उन्हें झारखंड का प्रभारी डीजीपी बनाया। गत विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग ने उन्हें प्रभारी डीजीपी के पद से हटाने का आदेश जारी किया था। उनकी जगह, अजय सिंह को डीजीपी बनाया गया था। इसके बाद बीते 28 नवंबर को सरकार ने अनुराग गुप्ता को दोबारा झारखंड पुलिस का प्रभारी डीजीपी बनाया। वे 1990 बैच के तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी हैं।

# आयकर कानून की पुरानी व्यवस्था के सरलीकरण के लिए आ रहा है नया कानून

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**





## अब देश के लिए नए इनकम टैक्स कानून की जरूरत पड़ी

सूत्रों की मानें तो नए इनकम टैक्स की भाषा को सरल बनाने पर भी सरकार काम कर रही है। दरअसल अभी जो इनकम टैक्स रूल है उसमें एक कोट में किसी चीज की व्याख्या अलग होती है, दूसरे में अलग। यानी यह कानून पूरी तरह से खिचड़ी की तरह बन गया है। सूत्रों के अनुसार इनकम टैक्स का जो वर्तमान मूल कानून है उसमें हर बार कोई न कोई चीज जोड़ी जाती रही। इस तरह इसमें सैकड़ों बार बदलाव किया गया। ऐसे में अब देश के लिए नए इनकम टैक्स कानून की जरूरत पड़ी। भारतीय संसद ने आयकर अधिनियम पारित किया था, जो 1 अप्रैल 1962 को लागू हुआ था।

देश में 1961 का इनकम टैक्स कानून अभी भी चल रहा है। आम बजट 2025-26 को संसद के पटल पर रखते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि अब एक नए इनकम टैक्स लॉ की देश को जरूरत है और इसके लिए सदन में एक बिल इसी सत्र में रखा जाएगा। ऐसे में देश में नए इनकम टैक्स कानून के लिए एक समीक्षा कमेटी बनाई गई थी। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण के दौरान यह ऐलान किया था कि अब 12 लाख रुपए तक की आय टैक्स फ्री होगी। इसके साथ ही नए इनकम टैक्स बिल का भी ऐलान किया। जिसको लेकर घोषणा की गई कि इसी बजट सत्र में इस बिल को पेश किया जाएगा। तब वित्त मंत्री ने सदन में कहा था कि यह नया बिल टैक्स सिस्टम को सरल बनाने के लिए लाया जाएगा।

सरकार की तरफ से 1961 के इसी इनकम टैक्स कानून के तहत नई टैक्स रिजीम लागू की गई थी। सरकार ने 2024-25 के बजट में यह कहा था कि देश में इनकम टैक्स को बदलने की जरूरत है। अब सूत्रों के अनुसार सरकार की तरफ से कमेटी की सिफारिश पर नए इनकम टैक्स का बिल पूरी तरह से तैयार कर दिया गया है। ऐसे में जब नया इनकम टैक्स कानून पारित होगा तो यह कानून 1961 के इनकम टैक्स कानून की जगह लेगा। सरकार के सूत्रों की मानें तो यह नया इनकम टैक्स एक्ट 21वीं सदी की जरूरतों के हिसाब से बनाया जा रहा है। इस तकनीक के दौर में टैक्सपेयर को काफी चीजें खुद करना होता है। ऐसे में लोगों के लिए इस इनकम टैक्स में ऐसा बदलाव होगा जो सामान्य मानवीय को अच्छी तरह से समझ में आ सके। यह सिस्टम इतना सरल बनाने की कोशिश है कि लोगों को इसमें कोई परेशानी न हो। सूत्रों की मानें तो 6 फरवरी को यह बिल संसद के पटल पर रखा जाएगा।

## सपा सांसद ने बजट पर उठाए सवाल, भाजपा नेता ने कहा- पीएम मोदी ने विकसित भारत बनाने का रास्ता खोला



संसद का बजट सत्र जारी है। इस बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बजट को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। सपा सांसद राजीव राय ने बजट पर सवाल उठाए, जबकि भाजपा सांसद ने बजट को सराहनीय बताया। सपा सांसद राजीव राय ने कहा, "सभी को पता है कि सरकार के पास बहुमत नहीं है, वक्फ बोर्ड का तमाशा ध्यान भटकाने के लिए है, जो दिल्ली चुनाव से शुरू हुआ है और बिहार चुनाव तक चलता रहेगा। इस मुद्दे पर कुछ होने वाला नहीं है। सत्ता में बैठे लोगों की जिम्मेदारी होती है कि सबका विश्वास लेकर चलें, क्योंकि भाषणों और नारों से कुछ होने वाला नहीं है। देश में कई और मुद्दे भी हैं। क्या देश में बेरोजगारी या महंगाई के मुद्दे पर कोई बात हुई। वह कहते हैं कि मेडिकल कॉलेज खोल देंगे और 10 हजार सीटों को बढ़ाएंगे। मेरा सरकार से सवाल है कि फैकल्टी कहां से लाएंगे, वह किससे झूठ बोल रहे हैं। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'गाजी और पाजी' वाले बयान पर भी सपा सांसद राजीव राय ने सवाल उठाए। राजीव राय ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "मैं अब उनकी भाषा के बारे में क्या कहूं? जब मैं उनके मुंह से इस तरह की भाषा को सुनता हूं तो मुझे दुख होता है। वह मुख्यमंत्री ही नहीं बल्कि एक योगी भी हैं और उनके मुंह से ऐसी भाषा अच्छी नहीं लगती है। भाजपा सांसद किरण चौधरी ने बजट पर कहा, "सरकार की इतनी सारी उपलब्धियां हैं कि इसे बताने में बहुत समय लगेगा।

### तकरीरों या डुबकी लगाने से पेट नहीं भरता : मल्लिकार्जुन खड़गे



राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि रुपया आज वेंटिलेटर पर है। यूपीए के कार्यकाल में ये कहते थे कि रुपया पतला हो रहा है। लेकिन, आज रुपये की क्या हालत हो गई है, रुपया तो वेंटिलेटर पर पहुंच गया है। जिस समय राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी बात रख रहे थे, उस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र एवं भाजपा सांसद नीरज शेखर के साथ उनकी तीखी नोंकझोंक हो गई। इस पर कुछ देर के लिए सदन में हंगामा हुआ। सभापति ने मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना बयान वापस लेने के लिए कहा। इस पर खड़गे ने कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की काफी इज्जत करते हैं। चंद्रशेखर वरिष्ठ नेता थे, वह चंद्रशेखर के साथ रहे हैं और गिरफ्तार भी हुए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने महाकुंभ में मृत लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने राज्यसभा में कहा कि महाकुंभ में हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी जान दी है, मैं उन्हें श्रद्धांजलि देता हूं। इस पर सत्ता पक्ष के सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया।

## उत्तर सीरिया में कार बम विस्फोट, 15 कृषि श्रमिकों की मौत

**दमिश्क** । उत्तर सीरिया में सोमवार को एक कार बम विस्फोट में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। विस्फोट अलेप्पो के पूर्व में मनबीज शहर के बाहरी इलाके में हुआ। मीडिया रिपोट्स में सीरिया सिविल डिफेंस के हवाले से कहा गया कि धमाके में 15 महिलाएं घायल हो गईं। सिविल डिफेंस, जिसे व्हाइट हेल्मेट्स के नाम से भी जाना जाता है, ने बताया कि मनबीज शहर के बाहरी इलाके में कृषि श्रमिकों को ले जा रहे एक वाहन के बगल में कार में विस्फोट हुआ, जिससे 14 महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई। एजेंसी, ने कहा कि कुछ घायलों की हालत गंभीर है। इसने चेतावनी दी कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। किसी भी सशस्त्र समूह की ओर से तत्काल कोई दावा नहीं किया गया। यह तीन दिनों में इस क्षेत्र में दूसरा घातक कार बम विस्फोट था। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना के अनुसार, शनिवार को मनबीज शहर के केंद्र में हुए विस्फोट में चार नागरिकों की मौत हो गई और बच्चों सहित नौ अन्य घायल हो गए। सीरियाई युद्ध के दौरान मनबीज कई बार अलग-अलग गुट के हाथों में आया। सबसे हाल ही में दिसंबर में तुर्की समर्थित समूहों ने इसे अमेरिका समर्थित सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एसडीएफ) से छीन लिया था, जिसका नेतृत्व कुर्द वाईपीजी मिलिशिया करता है।

एसडीएफ ने 2016 में इस्लामिक स्टेट को खदेड़ कर मनबीज पर कब्जा किया था। बता दें दिसंबर में अल-शरा के हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेतृत्व में विद्रोही गुटों ने वर्षों से दमिश्क की सत्ता पर काबिज राष्ट्रपति बशर अल-असद को देश छोड़ने पर मजबूर कर दिया। सीरिया के सैन्य अभियान प्रशासन ने 29 जनवरी को एचटीएस प्रमुख अहमद अल-शरा को राष्ट्रपति नियुक्त करने की घोषणा की। उन्हें स्थायी संविधान की पुष्टि होने तक अंतरिम विधान परिषद स्थापित करने का अधिकार दिया गया। असद को हटने के बाद अल शरा देश के वास्तविक नेता हैं।

## ईरान ने तीन नए स्वदेशी उपग्रहों का किया अनावरण

**तेहरान।** ईरान ने अपने राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर तीन नए स्वदेशी उपग्रहों का अनावरण किया।



यह समारोह तेहरान में आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी मंत्री सैय्यद सत्तार हाशमी, कैबिनेट के अन्य सदस्य, अधिकारी और सैन्य कमांडर शामिल हुए। इन तीन उपग्रहों के नाम नवाक-1, पारस-2 और पारस-1 (उन्नत मॉडल) हैं। नवाक-1 एक संचार उपग्रह है, जिसे ईरानी अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र ने विकसित किया है। इसे जल्द ही स्वदेशी सिमोर्ग प्रक्षेपण यान से लॉन्च किया जाएगा। यह उपग्रह दीर्घवृत्तीय कक्षा में स्थापित किया जाएगा और इसका वजन लगभग 34 किलोग्राम है। इसमें ब्रह्मांडीय किरणों को मापने के लिए एक डोसिमेट्री पेलोड और पृथ्वी के विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र को मापने के लिए एक मैग्नेटोमीटर सेंसर लगा है। पारस-2 एक रिमोट-सेंसिंग उपग्रह है, जिसका वजन 150 किलोग्राम है। यह दो स्वदेशी रैखिक स्थिति सेंसर और दो इमेजिंग पेलोड से लैस है।

## सऊदी अरब ने भीख मांगते पकड़े गए 10 पाकिस्तानियों को वापस भेजा, बार-बार हो रही किरकिरी

**कराची।** पाकिस्तान के लोगों की हज या उमराह के नाम पर सऊदी अरब जाकर वहां भीख मांगने की प्रवृत्ति से देश को बार-बार शर्मिंदगी उठानी पड़ी है इसे रोकने को लेकर सऊदी शासन अब सख्त हो गया है।



सऊदी अरब ने भीख मांगने वाले पाकिस्तानियों को पकड़ कर वापस उनके देश भेजना शुरू कर दिया है। हाल ही में उमराह वीजा पर सऊदी पहुंचे 10 ऐसे पाकिस्तानियों को वापस उनके देश भेज दिया जो वहां भीख मांगते हुए पकड़े गए थे। अपनी किरकिरी को देखते हुए पाकिस्तान ने इन सभी को वापस पहुंचते ही हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। जीयो न्यूज के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी फेडरल इन्वेस्टिगेटिव एजेंसी (एफआईए) ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि सऊदी अरब ने उमराह वीजा पर वहां जाकर भीख मांग रहे 10 पाकिस्तानियों को वापस भेज दिया है। कराची स्थित जिन्ना इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरते ही इन सभी को हिरासत में ले लिया गया। ये सभी पिछले कई महीनों से सऊदी अरब में भीख मांग रहे थे।

## 'टैरिफ आदेश' के बाद ट्रंप के इस बयान के क्या हैं मायने?

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर उनके टैरिफ से अमेरिकियों को आर्थिक 'दर्द' महसूस हो सकता है। हालांकि उन्होंने तर्क दिया कि अमेरिकी हितों को सुरक्षित रखने के लिए यह जरूरी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप प्रशासन की ओर से चीन, मेक्सिको और कनाडा पर लगाए गए टैरिफ के बाद वैश्विक बाजारों में यह चिंता व्यक्त की गई कि ये शुल्क विकास की गति को धीमा कर सकते हैं और मुद्रास्फीति को फिर से बढ़ा सकते हैं।

फ्लोरिडा में अपने मार-ए-लागो एस्टेट से वाशिंगटन लौटते समय ट्रंप ने कहा, 'मुझे कुछ भी नाटकीय होने की उम्मीद नहीं है। उन पर हमारा बहुत सारा पैसा बकाया है, और मुझे यकीन है कि वे भुगतान करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, "हमें थोड़े समय के लिए थोड़ी तकलीफ हो सकती है, और लोग इसे समझते हैं। लेकिन लंबे समय से संयुक्त राज्य अमेरिका को दुनिया के लगभग हर देश ने लूटा है। 'क्या कुछ दर्द होगा? हां, शायद (और शायद नहीं!)' ट्रंप ने रविवार की सुबह अपने ट्रुथ सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर बड़े अक्षरों में लिखा। उन्होंने कहा, "लेकिन हम अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे, और यह सब उस कीमत पर होगा जो चुकानी होगी। ट्रंप ने कहा कि वह सोमवार को कनाडा और मैक्सिको के नेताओं से बात करेंगे, जिन्होंने जवाबी टैरिफ लगाने की घोषणा की है। हालांकि उन्होंने ऐसा संकेत नहीं दिया कि वह अपना फैसला बदल सकते हैं।

ट्रंप के टैरिफ आदेश मंगलवार को 12:01 बजे ईटी (0501 जीएमटी) से प्रभावी होने वाले हैं। कुछ विश्लेषकों ने कहा कि बातचीत की कुछ उम्मीद है, खासकर कनाडा और चीन के साथ। ट्रंप के टैरिफ सभी अमेरिकी आयातों के लगभग आधे हिस्से को कवर करेंगे और इस अंतर को पूरा करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका को अपने स्वयं के मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट को दोगुना से अधिक करना होगा।

## नेतन्याहू अमेरिका दौरे पर, राष्ट्रपति ट्रंप से करेंगे अहम मुलाकात

**वॉशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू एक महत्वपूर्ण राजनयिक यात्रा पर अमेरिका पहुंचे हैं, जहां वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। यह बैठक मंगलवार, 04 फरवरी को व्हाइट हाउस में होगी और दोनों नेताओं के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा, गाजा संघर्ष-विराम और रणनीतिक सहयोग पर चर्चा होने की संभावना है। नेतन्याहू ने रवाना होने से पहले कहा कि यह दौरा इजराइल-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने का अवसर है। इस मुलाकात का समय इसलिए भी खास है क्योंकि गाजा संघर्ष-विराम के दूसरे चरण को लेकर वार्ता जल्द शुरू होने वाली है। इससे पहले हुए समझौतों के तहत बंधकों की अदला-बदली की गई थी, जिससे शांति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की उम्मीदें बनी हैं। वहीं पिछले महीने संघर्ष-विराम के प्रभावी होने के बाद गाजा पट्टी पर फिर से नियंत्रण हासिल करने वाले हमास गुट ने कहा है कि वह युद्ध की समाप्ति और इजराइली बलों की पूर्ण वापसी के बाद ही दूसरे चरण में मुक्त किए जाने वाले बंधकों को रिहा करेगा। 19 जनवरी से लागू गाजा युद्ध विराम समझौते के तहत अब तक चार बार बंदियों की अदला-बदली की गई है।

## हमास ने गाजा में मानवीय संकट की चेतावनी दी, अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई का किया आग्रह



**गाजा (आईएएनएस)**

हमास ने गाजा पट्टी को "आपदा क्षेत्र" घोषित किया है और कहा है कि यहां अभूतपूर्व तबाही हो रही है, जिससे 24 लाख से अधिक लोगों के जीवन को खतरा है। इस विनाश से सभी मौजूदा संसाधन खत्म हो चुके हैं। हमास के मीडिया कार्यालय ने बताया कि गाजा में 61,709 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें से 47,487 की अस्पतालों में मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 14,222 लोग मलबे में लापता हैं। बयान में यह भी कहा गया कि घायलों की संख्या 111,588 तक पहुंच चुकी है। युद्ध के कारण 20 लाख से अधिक फिलिस्तीनियों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। इनमें से कई को बार-बार भागने की स्थिति का सामना करना पड़ा है। कार्यालय ने बताया कि युद्ध में 450,000 घरों को नुकसान हुआ, जिनमें से 170,000 पूरी तरह से नष्ट हो गए। इस युद्ध ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को भी बुरी तरह प्रभावित किया, जिसके कारण 34 अस्पतालों और 80 स्वास्थ्य केंद्रों को बंद करना पड़ा।

### इजराइल ने गाजा में कार पर किया हमला, चार लोग हुए घायल

**यरुशलम ।** इजराइल की वायुसेना ने रविवार को गाजा के मध्य क्षेत्र में विस्थापित फिलिस्तीनियों के काफिले में एक कार पर हमला किया। इसमें कम से कम चार लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घायलों में एक बच्चा भी शामिल है, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बच्चे को इलाज के लिए अल-अवदा अस्पताल ले जाया गया है। इजराइली सैन्य प्रवक्ता ने इस हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि यह हमला नुसेरात शरणार्थी शिविर के उत्तर-पश्चिम में अल-रशीद स्ट्रीट पर किया गया। प्रवक्ता के अनुसार, इस वाहन को इसलिए निशाना बनाया गया, क्योंकि यह बिना किसी निरीक्षण के उत्तरी गाजा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। इजराइली सेना का कहना है कि वह किसी भी तरह के संभावित खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और अपने सैनिकों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी।



### इजरायल ने जेनिन और वेस्ट बैंक में की छापेमारी कई फिलिस्तीनी मारे गए

**यरुशलेम ।** इजरायल ने वेस्ट बैंक में अपने सैन्य अभियान का विस्तार किया है। यह जानकारी इजरायली सेना ने रविवार को दी। इजरायली सेना ने बताया कि उसने उत्तरी वेस्ट बैंक के नब्लस शहर के पास स्थित तमुन पर छापा मारा। यह छापा पिछले सप्ताह इजरायली हवाई हमले में मारे गए 10 आतंकवादियों के बाद किया गया था।

## छोटे मियां, बड़े मियां की ठगजोड़ी ने दिल्ली को ठगने का काम किया : गृह मंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव प्रचार के आखिरी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली के जंगपुरा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पूर्व सीएम केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर तंज कसते हुए कहा कि ये छोटे मियां, बड़े मियां की ठगजोड़ी ने दिल्ली को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा, "मनीष सिसोदिया (जंगपुरा निर्वाचन क्षेत्र से आप उम्मीदवार) यहां आए हैं। आपको उनसे पूछना चाहिए कि उन्होंने ऐसा क्या किया कि उन्हें पटपड़गंज (निर्वाचन क्षेत्र) छोड़ना पड़ा। उन्होंने पटपड़गंज वालों से बहुत झूठे वादे किए। अब उनको लगता है कि जंगपुरा जाकर लोगों को झूठे वादे करके बहला देंगे।



## छह अध्यादेशों के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने संसद में पेश किये 50 से अधिक प्रस्ताव

**काठमांडू** । प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की कैबिनेट में लाए गए छह अलग-अलग अध्यादेशों के खिलाफ विपक्षी मोर्चा के सांसदों ने पचास से अधिक अस्वीकार प्रस्ताव संसद में पेश किये हैं। सरकार के इन अध्यादेशों पर मंगलवार से चर्चा और वोटिंग होनी है। संसद सचिवालय के प्रवक्ता एकराम गिरी ने सोमवार को बताया कि सुशासन प्रवर्द्धन तथा सार्वजनिक सेवा प्रवाह संबंधी कानून के बदलाव लाने के लिए पेश किए गए अध्यादेश को वापस लेने की मांग करते हुए अलग-अलग दलों के 9 सांसदों हितराज पाण्डे, दुर्गा राई, शिशिर खनाल, भानुभक्त जोशी, ज्ञानु बस्नेत सुवेदी, रेखा शर्मा, प्रेम सुवाल, सुमना श्रेष्ठ और स्वर्णिम वाग्ले ने अस्वीकार प्रस्ताव पेश किये हैं। इसी तरह आर्थिक कार्यविधि तथा वित्तीय उत्तरदायित्व अध्यादेश अस्वीकृत करने के लिए 6 सांसदों ने अस्वीकार प्रस्ताव पेश किया है।

## 41 अवैध इमारतों को किया जा रहा ध्वस्त

12 इमारतों को ध्वस्त किया जा चुका है, जबकि 29 को तोड़ा जाना बाकी है

**नालासोपारा (आईएएनएस)**



मुंबई के नालासोपारा के अग्रवाल नगरी क्षेत्र में डंपिंग ग्राउंड और एसटीपी प्लांट के लिए आरक्षित भूमि पर बनी 41 अवैध इमारतों के खिलाफ वसई विरार शहर महानगरपालिका तोड़फोड़ की कार्रवाई कर रही है। अब तक इस कार्रवाई के तहत 12 इमारतों को ध्वस्त किया जा चुका है, जबकि 29 को तोड़ा जाना बाकी है। इन इमारतों में रहने वाले लोग इसे खाली कर रहे हैं। इसके बाद इन इमारतों को ढहाया जाएगा। अवैध इमारतों में रहने वाले लोग इसे छोड़कर जाते समय रोते हुए भी नजर आए। कुछ इमारतों में महावितरण विभाग का बिजली मीटर भी लगा हुआ है, जिससे यह साफ जाहिर हो रहा है कि इन इमारतों में बिजली की आपूर्ति की जा रही थी। महानगरपालिका ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के अवैध निर्माण कार्यों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और जो भी लोग इन इलाकों में रहते हैं, उन्हें अपनी संपत्ति खाली करने की सलाह दी गई है। यह कार्रवाई शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ एक बड़ी पहल मानी जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद, 23 जनवरी से इस कार्रवाई की शुरुआत की गई थी। अब तक इस कार्रवाई में 41 अवैध इमारतों में से 12 इमारतों को ध्वस्त किया जा चुका है, जबकि बाकी इमारतों पर कार्रवाई जारी है। नालासोपारा की रितु पैलेस इमारत के लोग अपने घर खाली करने में जुटे हैं।

इससे पहले भी 27 जनवरी को महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा पूर्व स्थित अग्रवाल नगरी के लक्ष्मी नगर में डंपिंग ग्राउंड और एसटीपी प्लांट के लिए आरक्षित जमीन पर बनी 41 अवैध इमारतों के खिलाफ वसई विरार शहर महानगरपालिका की 'ध्वस्तीकरण कार्रवाई' की गई थी उस दौरान अपने आशियाने को खोने का दर्द लोगों ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से साझा भी किया था। यहां रहने वाले एक शख्स प्रकाश भक्ति ने आईएएनएस से बातचीत में बताया था कि मैं यहां 15 सालों से रह रहा हूं, लेकिन अब प्रशासन कह रहा है कि आप लोग मकान खाली करो, यह अवैध है और हम इसे तोड़ेंगे।